जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

जयपुर, सोमवार 13 अक्टूबर, 2025

सत्यमेव जयते
राजस्थान सरकार



श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री



श्री भजनलाल शर्मा
माननीय मुख्यमंत्री

## नव विधान – न्याय की नई पहचान कार्यक्रम

### का शुभारम्भ

द्वारा

## श्री अमित शाह

माननीय केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री

सोमवार, 13 अक्टूबर, 2025 | प्रात: 10:00 बजे | जेईसीसी, जयपुर

गरिमामयी उपस्थिति

**श्री भजनलाल शर्मा**
माननीय मुख्यमंत्री
राजस्थान

**न्यायमूर्ति श्री संजीव प्रकाश शर्मा**
माननीय कार्यवाहक मुख्य न्यायाधिपति
राजस्थान उच्च न्यायालय

### नए आपराधिक कानूनों पर प्रदर्शनी का उद्घाटन

4 लाख करोड़ रुपए के निवेश प्रस्तावों की ग्राउण्ड ब्रेकिंग

9,300 करोड़ रुपए के विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण

दुग्ध उत्पादकों को दूध सब्सिडी के पेटे ₹364 करोड़ राशि का हस्तान्तरण

47,000 विद्यार्थियों को यूनिफॉर्म के पेटे ₹260 करोड़ राशि का हस्तान्तरण

विकसित राजस्थान-2047 की कार्ययोजना का विमोचन

150 यूनिट प्रतिमाह निःशुल्क बिजली योजना पोर्टल का शुभारम्भ

एफ.एस.एल. के 56 वाहन एवं
महिला सुरक्षा पेट्रोलिंग के लिए 100 स्कूटियों एवं मोटरसाइकिलों की रवानगी

राजस्थान संवाद

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, राजस्थान

## विचार बिन्दु

शास्त्र पढ़कर भी लोग मूर्ख होते हैं, किन्तु जो उसके अनुसार आचरण करता है वो ही वस्तुतः विद्वान है। –अज्ञात

# सुविधा की कीमत: कितनी हानि कितना लाभ?

हम जैसे लोग, जिन्होंने अपने परिवेश को तेजी से बदलते देखा है, आज के जीवन की सुगमता को देखकर आश्चर्यचकित हैं। यह सुगमता खासतौर पर उन लोगों के लिए उल्लेखनीय है, जिन्होंने समय के साथ कदम मिलाने का प्रयास किया। लेकिन क्या यह सुगमता वास्तव में उतनी ही लाभकारी है, जितनी दिखाई देती है? इसे हासिल करने की कीमत क्या है? क्या हमने सुविधा के बदले में कुछ अनमोल खो दिया है? आइए, पहले देखें कि तकनीक ने हमारा जीवन कैसे आसान बनाया है, और फिर विचार करें कि इसकी लागत कितनी भारी है–सामाजिक, आर्थिक, और मनोवैज्ञानिक स्तर पर।

बात ज्यादा पुरानी नहीं, जब मोहल्ले में किसी एक घर में टेलीफोन होना विशेष बात थी। उस घर को 'टेलीफोन वाले' के रूप में जाना जाता था। टेलीफोन का तार लोहे के एंगल तक खींचा जाता, और पड़ोसी बिना पूछे उसका नंबर अपने जान-पहचान वालों को दे दिया करते। इसे पीपी नंबर कहते थे। मुझे याद है, जब मेरे एक पड़ोसी के घर में टेलीफोन लगा, तो पूरा मोहल्ला उनके घर की ओर देखता था। बच्चे उत्साह में तार को छूने की कोशिश करते, और बड़ों की नजरें गर्व से चमकतीं। रेडियो भी कभी ऐसी ही हैसियत रखता था। छत पर एंटीना लगाना होता था जो दूर-दूर तक आपकी हैसियत को उजागर करता था। और डाक-तार विभाग से रेडियो सुनने के लिए लाइसेंस लेना अनिवार्य था। साइकिल चलाने के लिए भी नगरपालिका से टोकन खरीदना पड़ता था, जो उसकी नंबर प्लेट होता था। टेलीफोन कॉल्स एक्सचेंज के माध्यम से लगते थे, और टेलीफोन ऑपरेटर की कस्बों-शहरों में बड़ी प्रतिष्ठा थी। तार (टेलीग्राम) आना अक्सर बुरी खबर का संकेत था। तारवाला साइकिल पर आता, तो मोहल्ले की सांसें थम जातीं। बाद में बधाई के तार भी शुरू हुए, लेकिन उनकी गिनती कम थी।

बैंक में खाता होना भी बड़ी बात थी। पैसे निकालने के लिए चेक या निकासी पर्ची जमा कराना, टोकन लेना, और लंबी कतार में इंतजार करना एक छोटा-मोटा संग्राम था। बिजली, पानी, या टेलीफोन का बिल जमा करने के लिए अलग-अलग कतारों में घंटों खड़ा होना पड़ता। मुझे याद है, एक बार बिजली बिल जमा करने की आखिरी तारीख थी, और मैं लाइन में देर तक खड़ा रहा, सिर्फ यह सुनने के लिए कि 'काउंटर बंद हो गया, कल आइए।' सिनेमा हॉल की टिकट खिड़की पर धक्का-मुक्की आज की मल्टीप्लेक्स पीढ़ी के लिए शायद अकल्पनीय हो। एक बार मैंने दोस्तों के साथ शोले देखने की ठानी, लेकिन टिकट खिड़की पर इतनी भीड़ थी कि हमें ब्लैक में टिकट खरीदना पड़ा। पत्र लिखना, लिफाफे में बंद करना, डाक टिकट लगाना, और डाकघर तक जाना-यह सब रोजमर्रा का हिस्सा था। लेकिन इन सबके बीच एक सामाजिकता थी, जो आज गायब है।

आज सब कुछ बदल गया है। हर हाथ में स्मार्टफोन है, जो रेडियो, कैमरा, रिकॉर्ड प्लेयर, कैलकुलेटर, घड़ी-सब कुछ बन गया है। यूपीआई ने वॉलेट और बैंक को हमारी जेब में ला दिया है। दुनिया के किसी भी कोने में तुरंत बात करना, वीडियो कॉल करना, टिकट बुक करना, या खरीदारी करना-सब कुछ घर बैठे संभव है। मल्टीप्लेक्स और ई-कॉमर्स ने सिनेमा और शॉपिंग के अनुभव को पूरी तरह बदल दिया है। उबर-ओला ने यात्रा को इतना आसान बना दिया कि अब रिक्शा बुलाने या चौराहे पर वाहन का इंतजार करने की जरूरत नहीं। रेल, हवाई जहाज, या सिनेमा का टिकट-सब कुछ एक क्लिक पर उपलब्ध है। पहले शहरों में किताबें ढूंढना मुश्किल था, लेकिन अब ई-कॉमर्स साइट्स अगले दिन किताबें घर पहुंचा देती हैं। मैं हर माह चार-पांच किताबें मंगवाता हूं, और ऑर्डर के अगले दिन वे मेरे हाथ में होती हैं। फोटो खींचने के बाद रील धुलवाने या प्रिंट करवाने की जरूरत खत्म हो गई। गाना सुनने के लिए कैसेट या सीडी खरीदने की आवश्यकता नहीं। बिल भुगतान, होटल रिजर्वेशन, पर्यटन स्थलों के टिकट-सब कुछ सुगम और त्वरित हो गया है। पहले घर से लंबी अनुपस्थिति में बिल जमा करने की चिंता सताती थी, लेकिन अब स्वचालित भुगतान ने इसे भी खत्म कर दिया। एक बार मैंने विदेश यात्रा के दौरान अपने मोबाइल से बिजली बिल भरा, और यह अनुभव मेरे लिए जादुई-सा था।

**आज सब कुछ बदल गया है। हर हाथ में स्मार्टफोन है, जो रेडियो, कैमरा, रिकॉर्ड प्लेयर, कैलकुलेटर, घड़ी-सब कुछ बन गया है। यूपीआई ने वॉलेट और बैंक को हमारी जेब में ला दिया है। दुनिया के किसी भी कोने में तुरंत बात करना, वीडियो कॉल करना, टिकट बुक करना, या खरीदारी करना-सब कुछ घर बैठे संभव है।**

यह सुगमता तकनीक को अपनाने का परिणाम है। मैं स्वीकार करता हूं कि तकनीक के प्रति मेरा उत्साह और सीखने की ललक ने मुझे इसका लाभ उठाने में मदद की। मेरे कई हमउम्र लोग इसे अपनाने में हिचकते हैं, और यह उनका व्यक्तिगत चुनाव है। मैं केवल अपनी बात कहना चाहता हूं। पहले मैं इन सुविधाओं का उत्साही प्रशंसक था, लेकिन अब मेरा दृष्टिकोण बदल गया है। मुझे लगता है कि इस सुगमता की कीमत हमें कई स्तरों पर चुकानी पड़ रही है।

पहला नुकसान है सामाजिकता का कम होना। पहले, बिल जमा करने या टिकट खरीदने की कतारों में अनजान लोगों से बातचीत होती थी। हंसी-मजाक, सुख-दुख की बातें, और छोटे-बड़े अनुभव साझा होते थे। एक बार कतार में खड़े एक बुजुर्ग ने मुझे बताया था कि कैसे सस्ते में यात्रा के टिकट बुक किए जा सकते हैं-यह जानकारी मेरे लिए अनमोल थी। एक अन्य बार, बैंक की लाइन में एक व्यक्ति से बातचीत में मुझे अपने शहर के किसी छिपे हुए पर्यटन स्थल के बारे में पता चला, जहां बाद में मैं परिवार के साथ गया। ये मुलाकातें थकान को भुला देती थीं और उपयोगी जानकारियां देती थीं। आज, स्क्रीन पर उंगलियों के इशारे ने इन मुलाकातों को लगभग खत्म कर दिया। हमारी सामाजिकता अब व्हाट्सएप ग्रुप्स और सोशल मीडिया तक सिमट गई है, जहां भावनाओं की गहराई गायब है।

दूसरा, तकनीक के पीछे पूंजी का बड़ा खेल है। ई-कॉमर्स साइट्स सस्ते दामों पर सामान बेचकर उपकार नहीं कर रही हैं। उनका लक्ष्य स्थानीय व्यवसायों-रिक्शा वालों, ऑटो चालकों, छोटे दुकानदारों, किराना व्यापारियों-को ख़त्म करना है। मेरे मोहल्ले का एक रिक्शा चालक, जो मेरे बच्चों को स्कूल छोड़ता था, अब मजदूरी करने को मजबूर है, क्योंकि उबर-ओला ने उसकी आजीविका छीन ली है। हमारे पड़ोस की किराना दुकान, जहां मैं बचपन में सामान लाने जाता था, अब बंद हो चुकी है, क्योंकि लोग ऑनलाइन सामान मंगवाने लगे हैं। टेलीकॉम और कैब सेवाओं के उदाहरण हमारे सामने हैं। कुछ साल पहले एक टेलीकॉम कंपनी ने मुफ्त डेटा और कॉल्स देकर सभी को आकर्षित किया, लेकिन आज वह बाजार की एकमात्र बड़ी खिलाड़ी है, और छोटी कंपनियां गायब हो चुकी हैं। यह पूंजी का खेल हमारे स्थानीय अर्थतंत्र को कमजोर कर रहा है।

तीसरा, तकनीक ने हमें सुविधा के नाम पर निर्भरता की ओर धकेल दिया है। हमारी नई पीढ़ी को पत्र लिखना, कतार में धैर्य रखना, या स्थानीय दुकानदारों से मोलभाव करना नहीं आता। मेरे पौत्र को, जो कॉलेज में है, यह नहीं पता कि डाकघर कैसे काम करता है, क्योंकि उसने कभी पत्र नहीं लिखा। यह निर्भरता हमें अपनी स्वायत्तता से वंचित कर रही है। तकनीक ने हमें इतना आलसी बना दिया है कि हम छोटे-छोटे कामों के लिए भी ऐप्स पर निर्भर हैं। एक बार मेरा इंटरनेट बंद हो गया, और मुझे एहसास हुआ कि मैं अपने बिजली बिल का भुगतान नहीं कर पा रहा था, क्योंकि मैंने कभी ऑफलाइन प्रक्रिया सीखी ही नहीं। यह निर्भरता हमें कमजोर बनाती है।

चौथा, तकनीक का मनोवैज्ञानिक प्रभाव भी गंभीर है। स्मार्टफोन और सोशल मीडिया ने हमें तुरंत संतुष्टि की आदत डाल दी है। हम अब इंतजार करना नहीं चाहते। पहले, किसी दोस्त को पत्र लिखकर उसका जवाब आने का इंतजार एक खूबसूरत अनुभव था। आज, अगर कोई व्हाट्सएप मैसेज का जवाब तुरंत नहीं देता, तो हम बेचैन हो जाते हैं। यह बेचैनी हमारी मानसिक शांति को प्रभावित करती है। बच्चे और युवा घंटों स्क्रीन पर बिताते हैं, जिससे उनकी एकाग्रता और रचनात्मकता पर असर पड़ रहा है। मेरे पड़ोस का एक बच्चा, जो पहले गलियों में क्रिकेट खेलता था, अब दिन-रात मोबाइल गेम्स में खोया रहता है। क्या यह प्रगति है?

तकनीक ने हमारा जीवन सुगम बनाया है, इसमें कोई शक नहीं। लेकिन इस सुगमता ने हमसे सामाजिकता, स्थानीय व्यवसाय, स्वायत्तता, और मानसिक शांति को छीन लिया है। हमें विचार करना होगा कि यह नया कितना स्वीकार्य है। क्या हम सुविधा के लिए अपनी सामाजिक और आर्थिक जड़ों को दांव पर लगा सकते हैं? क्या हम चाहेंगे कि हमारी आने वाली पीढ़ियां केवल स्क्रीन पर जीने वाली मशीनें बन जाएं? हमें यह तय करना होगा कि तकनीक को अपने जीवन का हिस्सा बनाना है या उसका ग़ुलाम बनना है। यह सवाल हमें भविष्य के लिए दिशा दे सकता है। हमें तकनीक का उपयोग करना चाहिए, लेकिन इस तरह कि हम अपनी मानवीयता, सामाजिकता, और स्वतंत्रता को बनाए रखें। शायद यही संतुलन हमें सच्ची प्रगति की ओर ले जाएगा।

**–अतिथि संपादक,**
**डॉ. दुर्गाप्रसाद अग्रवाल,**
**( शिक्षाविद और साहित्यकार )**

# गाजा युद्ध के दो साल : तबाही, त्रासदी और भविष्य की चिंता


डॉ. सुरेंद्रसिंह शेखावत

7 अक्टूबर 2023 को हमास के इजरायल पर किए गए हमले ने विश्व को हिलाकर रख दिया। 1200 से अधिक निर्दोष इजरायली नागरिकों की हत्या और सैकड़ों को बंधक बनाए जाने की घटना ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय को स्तब्ध कर दिया। इस हमले ने इजरायल को जवाबी कार्रवाई के लिए प्रेरित किया, जिसे शुरू में आतंकवाद के खिलाफ न्याय की लड़ाई के रूप में देखा गया। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने इसे अमेरिका के 9/11 हमले के बाद अल-कायदा के खिलाफ 'वॉर ऑन टेरर' से जोड़ा, और हमास को पूरी तरह नष्ट करने का वादा किया। लेकिन यह वादा जल्द ही एक ऐसी त्रासदी में बदल गया, जिसने गाजा को मलबे के ढेर में तब्दील कर दिया। दो साल बाद, गाजा का आईना हमें मानवीय तबाही, टूटे वादों, और विश्व की चुप्पी की भयावह तस्वीर दिखाता है।

**गाजा: मलबे का शहर**

संयुक्त राष्ट्र (यूएन) की सैटेलाइट रिपोर्ट्स के अनुसार, गाजा की 80 प्रतिशत इमारतें अब खंडहर बन चुकी हैं। 90 प्रतिशत स्कूल ध्वस्त हो गए, 98.5 प्रतिशत खेत उजड़ गए, और गाजा पट्टी का 80 प्रतिशत हिस्सा सैन्य क्षेत्र में बदल गया है, जहाँ आम नागरिकों का प्रवेश वर्जित है। लगभग 62,000 फिलिस्तीनी मारे जा चुके हैं, जिनमें 19,000 बच्चे शामिल हैं। 40,000 से अधिक बच्चे अनाथ हो गए हैं। गाजा, जो कभी 23 लाख लोगों का जीवंत घर था, अब भुखमरी और बेघरता का शिकार है। राहत एजेंसियों का कहना है कि यह अब एक शहर नहीं, बल्कि जीवित बचे लोगों का कैंप मात्र है।

युद्ध ने गाजा के बुनियादी ढांचे को पूरी तरह तबाह कर दिया। यूएन के अनुमान के अनुसार, 4.5 लाख करोड़ रुपये का इन्फ्रास्ट्रक्चर नष्ट हो चुका है। 54 मिलियन टन से अधिक मलबा जमा है, जिसे साफ करने में कम से कम 10 साल और 1.2 लाख करोड़ रुपये की लागत आएगी। इजरायली सेना ने गाजा में एक किलोमीटर गहरा बफर जोन और चार सैन्य कॉरिडोर बनाए हैं, जिसके कारण गाजा का 80 प्रतिशत हिस्सा अब उनके नियंत्रण में है। आम नागरिकों की आवाजाही केवल 20 प्रतिशत क्षेत्र तक सीमित हो गई है। यह गाजा, जो कभी अपने बाजारों, समुद्र तटों, और सांस्कृतिक धरोहर के लिए जाना जाता था, अब अपनी पहचान खो चुका है।

**शिक्षा और स्वास्थ्य का विनाश :**-गाजा की शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था भी इस युद्ध की भेंट चढ़ गई। युद्ध से पहले गाजा में 850 स्कूल थे, जिनमें से 90 प्रतिशत अब बंद हैं। सभी 10 विश्वविद्यालय नष्ट हो चुके हैं, और 30,000 करोड़ रुपये का शैक्षिक ढांचा खाक में मिल गया। स्वास्थ्य क्षेत्र की स्थिति और भी भयावह है। गाजा में पहले 36 अस्पतालों में 3,412 बेड उपलब्ध थे, लेकिन अब 94 प्रतिशत अस्पताल क्षतिग्रस्त हैं, और आधे से अधिक पूरी तरह बंद हैं। 40,000 करोड़ रुपये का स्वास्थ्य ढांचा नष्ट हो चुका है। बिजली, पानी, और दवाओं की कमी ने अस्पतालों को अंधेरे में डुबो दिया है। मरीज बिना इलाज के तड़प रहे हैं, और चिकित्सक बुनियादी उपकरणों के अभाव में असहाय हैं।

गाजा की 23 लाख आबादी में से 90 प्रतिशत लोग बेघर हो चुके हैं। लाखों लोग राहत कैंपों में बिना पानी, बिजली, और भोजन के जी रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र फूड एंड एग्रीकल्चर ऑर्गनाइजेशन की रिपोर्ट के अनुसार, गाजा की 98.5 प्रतिशत कृषि भूमि उजड़ चुकी है। 15,000 हेक्टेयर में से केवल 232 हेक्टेयर खेती के लिए बचे हैं। इजरायली हवाई हमलों में प्रयुक्त विस्फोटकों ने मिट्टी में रासायनिक प्रदूषण को तीन गुना बढ़ा दिया है। इस मिट्टी को फिर से उपजाऊ बनाने में 25 साल लग सकते हैं। कभी उपजाऊ रही यह धरती अब बंजर हो चुकी है, जिसने गाजा की खाद्य सुरक्षा को पूरी तरह नष्ट कर दिया।

**युद्ध का मानवीय संकट :**-यह युद्ध केवल सैन्य कार्रवाइयों तक सीमित नहीं रहा; यह मानवता के खिलाफ एक त्रासदी बन गया। गाजा की सघन आबादी वाले इलाकों में इजरायली बमबारी ने पूरे परिवारों को मिटा दिया। अस्पतालों में ईंधन की कमी के कारण नवजात शिशुओं की जान गई, राहत काफिलों को सीमाओं पर रोका गया, और शरणार्थी मलबे के बीच नंगे पाँव भटकने को मजबूर हुए। यह दृश्य इतना भयावह है कि यह संयुक्त राष्ट्र जैसे अंतरराष्ट्रीय संगठनों की प्रभावशीलता पर सवाल उठाता है। इजरायल ने हमास को नष्ट करने का दावा किया, लेकिन इस प्रक्रिया में गाजा की जनता को अभूतपूर्व पीड़ा दी। हमास ने इस तबाही को अपने पक्ष में इस्तेमाल करते हुए खुद को पीड़ितों का नायक साबित करने की कोशिश की। दोनों पक्षों के दावों के बीच, आम नागरिक ही कुचले गए। यह युद्ध न केवल रॉकेटों और बमों का था, बल्कि यह विश्वास, आशा, और मानवता को कुचलने का प्रतीक बन गया।

**असफल युद्धविराम और ट्रंप की योजना :**-पिछले दो वर्षों में मिस्र, कतर, और अमेरिका की मध्यस्थता में सात बार युद्धविराम के प्रयास हुए, लेकिन सभी विफल रहे। अब डोनाल्ड ट्रंप की "20-सूत्रीय गाजा शांति योजना" ने कुछ उम्मीद जगाई है। इस योजना में गाजा को 20 आधुनिक शहरी केंद्रों में विभाजित करने, बुनियादी ढांचे, आवास, स्वास्थ्य, और शिक्षा सुविधाओं के पुनर्निर्माण का प्रस्ताव है। इजरायली उद्योगपति एलियाजेरा फेल्डमैन की इस योजना का लक्ष्य गाजा को सिंगापुर जैसा आधुनिक क्षेत्र बनाना है। यह योजना बंधकों की रिहाई, पूर्ण युद्ध समाप्ति, गाजा के निशस्त्रीकरण, और अंतरिम अंतरराष्ट्रीय प्रशासन के माध्यम से पुनर्निर्माण की बात करती है।

हालांकि, इस योजना की आलोचना भी हो रही है। हमास और फिलिस्तीनी प्राधिकरण ने इसे 'जातीय सफाई' का प्रयास बताया है, जबकि मानवाधिकार संगठन इसे गाजा की संप्रभुता को कुचलने वाला मानते हैं। योजना में हमास को जानबूझकर बाहर रखा गया है, जो एक जटिल सामाजिक-राजनीतिक नेटवर्क है और आसानी से हाशिए पर नहीं जाएगा। यह योजना गाजा के मानवीय संकट को एक कॉर्पोरेट प्रोजेक्ट में बदलने का जोखिम उठाती है, जो टू-स्टेट समाधान को कमजोर कर सकती है। बिना फिलिस्तीनी स्वामित्व और भागीदारी के, यह योजना उपनिवेशवाद का रूप ले सकती है, जो दीर्घकालिक शांति के बजाय नए तनाव पैदा करेगी।

**विश्व की चुप्पी और भविष्य की चुनौतियाँ :**-गाजा की त्रासदी में विश्व समुदाय की चुप्पी सबसे बड़ा अपराध है। हमने स्क्रीनों पर देखा-घर गिरते, बच्चे भूख से मरते, और शहर धूल में बदलते। लेकिन कार्रवाई? संयुक्त राष्ट्र के प्रस्ताव अधर में लटके, सहायता काफिले रोके गए, और मानवाधिकारों की बातें केवल कागजों तक सीमित रहीं। ट्रंप की योजना एक अवसर हो सकती है, लेकिन यह तभी सार्थक होगी जब इसमें फिलिस्तीनियों को निर्णय लेने का अधिकार मिले। बिना उनके स्वामित्व के, यह योजना केवल राजनीतिक लाभ का साधन बनकर रह जाएगी। दो साल बाद, गाजा का आईना हमें एक कड़वी सच्चाई दिखाता है: युद्ध कभी भी उस तरह खत्म नहीं होते, जैसा उनके कर्ता चाहते हैं। यह इजरायल की हार है, जिसने अपनी सुरक्षा के नाम पर एक मानवीय त्रासदी को जन्म दिया। यह हमास की हार है, जिसने अपने लोगों को युद्ध की आग में झोंक दिया। और यह विश्व समुदाय की हार है, जो चुपचाप यह सब देखता रहा। अब सवाल यह है कि क्या हम फिर वही गलतियाँ दोहराएँगे? या गाजा को एक नई शुरुआत देंगे-न्याय, समानता, और मानवता के साथ । शांति की राह लंबी और कठिन है, लेकिन अगर हम इसे नहीं चुनते, तो इतिहास हमें माफ नहीं करेगा।

**– डॉ. सुरेंद्रसिंह शेखावत, बीकानेर, ( लेखक राजनीतिक कार्यकर्ता और स्वतंत्र टिप्पणीकार है। )**

# बुढ़ापे की लाठी: भारत के वरिष्ठ नागरिकों को क्या मिलता है और उन्हें क्या मिलना चाहिए


अशोक कुमार

अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस 2025,1 अक्टूबर 2025 को मनाया जाएगा। यह दिन संयुक्त राष्ट्र द्वारा समाज में वृद्ध लोगों के योगदान को स्वीकार करने और वृद्धजनों को प्रभावित करने वाले मुद्दों पर जागरूकता फैलाने के लिए हर साल मनाया जाता है। अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर, भारत सरकार और विभिन्न राज्य सरकारें वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष कार्यक्रमों का आयोजन करती हैं और उनकी कल्याणकारी योजनाओं को प्रमुखता से उजागर करती हैं।

यह दिन कोई नई सुविधाएँ शुरू करने का दिन नहीं है, बल्कि मौजूदा सुविधाओं और अधिकारों के बारे में जागरूकता बढ़ाने का एक मंच है। 2025 में भी, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय तथा अन्य संगठन इसी दिशा में कार्य करेंगे। भारतवर्ष में वृद्धजनों (वरिष्ठ नागरिकों) के लिए सरकार द्वारा कई स्तरों पर सुविधाएं और कल्याणकारी योजनाएं चलाई जाती हैं, लेकिन वैश्विक मानकों और बढ़ती जरूरतों को देखते हुए, सुधार और नई पहल की गुंजाइश हमेशा बनी रहती है।

. भारत में वर्तमान में वृद्धजनों को दी जाने वाली प्रमुख सुविधाएँ

वरिष्ठ नागरिकों को सशक्त बनाने और उन्हें सुरक्षा प्रदान करने के लिए केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा निम्नलिखित प्रमुख सुविधाएँ दी जाती हैं:–

**क्षेत्र वर्तमान सुविधाएँ और योजनाएँ**

**वित्तीय सुरक्षा**

1. वरिष्ठ नागरिक बचत योजना (एणएए): बैंक और डाकघरों में जमा पर सामान्य से अधिक ब्याज दर। ।

2. प्रधानमंत्री वय वंदना योजना : 60द्ब के लिए एक पेंशन सह बीमा योजना।

3. आयकर में छूट: 60 से 80 वर्ष के लिए उच्च कर छूट सीमा, और 80 वर्ष से अधिक के लिए उच्चतम छूट सीमा।

4. अटल पेंशन योजना: असंगठित क्षेत्र के लिए मासिक पेंशन की गारंटी।

सामाजिक सुरक्षा योजना

1. इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना : गरीबी रेखा से नीचे के 60 वर्ष से अधिक आयु वालों को मासिक पेंशन।

2. अन्नपूर्णा योजना: उन बेसहारा वरिष्ठ नागरिकों को 10 किलो मुफ्त खाद्यान्न जो किसी पेंशन योजना में शामिल नहीं हैं।

3. वृद्धाश्रम/डे केयर सेंटर: ञ्उद्दे को एकीकृत कार्यक्रम के तहत वित्तीय सहायता प्रदान करना।

**स्वास्थ्य एवं देखभाल**

1. आयुष्मान भारत योजना: 70 वर्ष से अधिक उम्र के सभी वरिष्ठ नागरिकों (गरीब-अमीर सभी) के लिए 5 लाख तक का मुफ्त स्वास्थ्य बीमा (यह योजना 2024 में घोषित हुई थी)।

2. जरा चिकित्सा विभाग (र्ड्रींग्म्-र्णे): सरकारी अस्पतालों में जरा चिकित्सा (बुजुर्गों के विशेष स्वास्थ्य देखभाल) विभाग स्थापित करने के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम।

3. प्राथमिकता: अस्पताल और डिस्पेंसरी में अलग कतार और प्राथमिकता के आधार पर इलाज।

कानूनी सुरक्षा

1. माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण और कल्याण अधिनियम, 2007: यह कानून बच्चों को माता-पिता की देखभाल करने के लिए कानूनी रूप से बाध्य करता है।

2. वरिष्ठ नागरिक हेल्पलाइन : दुर्व्यवहार या सहायता के लिए टोल-फ्री राष्ट्रीय हेल्पलाइन (14567)।

**यात्रा एवं आवागमन**

1. रेलवे: आरक्षण में लोअर बर्थ का कोटा, प्राथमिकता बुकिंग और व्हीलचेयर सहायता। (कोविड के बाद अधिकांश रियायती किराए निलंबित हैं)।

2. हवाई यात्रा: एयर इंडिया द्वारा मूल किराए पर रियायत (60द्ब आयु)।

3. बैंक/डाकघर: वरिष्ठ नागरिकों के लिए अलग काउंटर और प्राथमिकता सेवा।

आवश्यक और अपेक्षित सुविधाएँ जो दी जानी चाहिए

भारत में वृद्धजनों की बढ़ती आबादी और उनकी विशिष्ट चुनौतियों को देखते हुए, निम्नलिखित अतिरिक्त सुविधाओं और नीतिगत सुधारों की आवश्यकता है:

आवश्यक क्षेत्र , अपेक्षित सुविधाएँ (सुधार के लिए सुझाव)

**1. आय और वित्तीय सुरक्षा**

यूनिवर्सल पेंशन: सभी गरीब और जरूरतमंद वृद्धजनों के लिए न्यूनतम सम्मानजनक मासिक पेंशन (जैसे 3000-5000), जो महंगाई दर से जुड़ी हो। वर्तमान पेंशन राशि बहुत कम है। विश्वविद्यालयों के वित्तीय मॉडल की समीक्षा की जाए और फीस, अनुदान तथा स्वायत्त आय के बीच संतुलन स्थापित किया जाए ताकि वे केवल पेंशन के लिए सरकार पर पूरी तरह निर्भर न रहें।

**स्वास्थ्य एवं दीर्घकालिक देखभाल ।**

1. दीर्घकालिक देखभाल बीमा: वृद्धावस्था में लगने वाली दीर्घकालिक देखभाल (जैसे नर्सिंग होम, सहायक देखभाल) के लिए विशेष सरकारी बीमा योजना की शुरुआत करना।

2. जरा-चिकित्सा विशेषज्ञों की उपलब्धता: प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (झ्ण्) और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (ण्ण्) तक जरा-चिकित्सा विशेषज्ञों और प्रशिक्षित नर्सों की अनिवार्य उपलब्धता सुनिश्चित करना। ।

3. घर पर स्वास्थ्य सेवा (प्दस पैंर्दूमे): गंभीर रूप से बीमार या बिस्तर पर पड़े बुजुर्गों के लिए रियायती दरों पर सरकारी होम हेल्थकेयर सेवाओं की शुरुआत करना।

**सामाजिक समावेशन एवं सुरक्षा**

1. डिजिटल साक्षरता और सहायता: बैंक, सरकारी सेवाओं और स्वास्थ्य सेवाओं के लिए डिजिटल पहुँच में वृद्धजनों की सहायता हेतु हर क्षेत्र में समर्पित सहायता केंद्र स्थापित करना।

2. एज-फ्रेंडली शहर (ॅ्ी-ईगहत्व ण्गे): सार्वजनिक परिवहन, पैदल मार्ग, पार्क और सार्वजनिक शौचालयों को वृद्धजनों की शारीरिक जरूरतों के अनुरूप बाधा-मुक्त बनाना (र्म्मेगंत)।

3. वृद्धजन कार्य ब्यूरो (स्ंज्त्दब्सहूँर्लै): 60द्ब के लिए उनके कौशल और अनुभव के आधार पर लचीले, अंशकालिक (ईूं-ऊग्स) रोजगार के अवसर प्रदान करने हेतु एक राष्ट्रीय मंच या ब्यूरो बनाना।

कानूनी क्रियान्वयन . भरण-पोषण अधिनियम का सख्त कार्यान्वयन: भरण-पोषण अधिनियम, 2007 के तहत मामलों के त्वरित निपटान के लिए विशेष ट्रिब्यूनल और प्रक्रियाओं को और अधिक प्रभावी बनाना।

इन अतिरिक्त और सुधारित सुविधाओं को प्रदान करके, भारत अपने वृद्धजनों के प्रति अपनी संवैधानिक प्रतिबद्धता को मजबूत कर सकता है और उन्हें सम्मान, सुरक्षा और सक्रिय भागीदारी वाला जीवन सुनिश्चित कर सकता है।

**–अशोक कुमार, पूर्व कुलपति, कानपुर एवं गोरखपुर विश्वविद्यालय; पूर्व विभागाध्यक्ष, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर**


# ग्रामीण सेवा शिविर लोगों के लिये वरदान बना

## शिविर में ग्रामवासियों को विभिन्न विभागों से जुड़ी योजनाओं का लाभ मिला

**रतनगढ़,** (निसं)। पंचायत समिति क्षेत्र की ग्राम पंचायत मेंलूसर में 11 अक्टूबर को आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर-2025 ग्रामीणों के लिए उम्मीद और राहत का संदेश लेकर आया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुँचकर विभिन्न विभागों से जुड़ी योजनाओं का लाभ उठाया।

ग्राम विकास अधिकारी वीरेंद्र सिंह कर्णावत ने शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार की यह पहल ग्रामीणों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने वाली है। अब किसी भी लाभार्थी को दफ्तरों के चक्कर लगाने की जरूरत नहीं है। सभी विभाग एक ही स्थान पर उपलब्ध हैं, जिससे पारदर्शिता और सुविधा दोनों सुनिश्चित होती हैं। मुख्यमंत्री की इस योजना से कोई भी पात्र व्यक्ति अब सरकारी लाभ से वंचित नहीं रहेगा। शिविर में लाभार्थी शुभदान पुत्र भेंरूदान चारण ने प्रसन्नता जताते हुए कहा पहले छोटे-छोटे काम के लिए महीनों दफ्तरों के चक्कर काटने पड़ते थे, लेकिन इस शिविर में मेरा पट्टा सरलता से बन गया। अधिकारियों और कर्मचारियों ने पूरा सहयोग किया, जिससे कार्य आसानी से निपट गया। अन्य ग्रामीणों ने भी सरकार और प्रशासन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि शिविरों के जरिए अब योजनाओं की जानकारी और लाभ सीधे गाँव-गाँव तक पहुँच रहा है। इस अवसर पर तहसीलदार पूजा पारीक, प्रसारक प्रगति प्रसार अधिकारी संजय पारीक, प्रशासक सुनीता कंवर राठौड़, सरपंच प्रतिनिधि महावीर सिंह राठौड़, प्रभु सिंह, युवा नेता कल्याणसिंह सहित कई अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## राशिफल


पंडित अनिल शर्मा

**सोमवार 13 अक्टूबर, 2025**

कार्तिक मास, कृष्ण पक्ष, सप्तमी तिथि, सोमवार, विक्रम संवत 2082, आर्द्रा नक्षत्र दिन 12:27 तक, परिघ योग प्रातः 8:10 तक, बव करण दिन 12:15 तक, चन्द्रमा आज मिथुन राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-कन्या, चन्द्रमा-मिथुन, मंगल-तुला, बुध-तुला, गुरू-मिथुन, शुक्र-कन्या, शनि-मीन, राहु-कुम्भ, केतु-सिंह राशि में।

आज रवियोग दिन 12:27 तक है। आज कालाष्टमी, अहोई अष्टमी है। आज अरुणोदय काल में मथुरा के राधा कुण्ड में स्नान है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** अमृत सूर्योदय से 7:53 तक, शुभ 9:21 से 10:47 तक, चर 1:39 से 3:05 तक, लाभ अमृत 3:05 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 7:30 से 9:00 तक। सूर्योदय 6:29, सूर्यास्त 5:57

**मेष**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले ब मित्रों/रिश्तेदारों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक यात्रा संभव है। अनावश्यक धन खर्च होगा।

**वृष**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा।

**मिथुन**
मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मन:स्थिति में सुधार होगा। मनोबल-आत्मविश्वास बढ़ेगा। व्यक्तिगत प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**कर्क**
घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। मन में असंतोष बना रहेगा। आज धार्मिक कार्यों में भाग ले सकते हैं।

**सिंह**
आर्थिक/वित्तीय मामलों में संतुलन बना रहेगा। संभावित धन प्राप्त होगा। आर्थिक मामलों में परिचितों से सहयोग मिल सकता है। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी।

**कन्या**
व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। चलते कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी।

**तुला**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक अड़चनें दूर होने लगेंगी। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में शुभ संदेश प्राप्त होंगे।

**वृश्चिक**
अपनी कार्य योजना को सीमित रखें। आज बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। आज अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है।

**धनु**
परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। आज आपसी सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मकर**
व्यावसायिक कार्यों के संबंध में शुभ संदेश प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी।

**कुंभ**
व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। अटके हुए कार्य के संबंध में शुभ संदेश प्राप्त होंगे। नौकरीपेशा व्यक्तियों को भागदौड़ से राहत मिलेगी।

**मीन**
घर-परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। आपसी सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। परिवार में धार्मिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

epaper.rashtradoot.com

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

ARBiT



**Butterflies Have Serious Competition From Moths**

'Titli udi,' but so did the moth, and he was beautiful to boot, so 'phool ne kaha…'

**On Stilts**

**Art You Must See**

Marking the 17th anniversary of ICA Gallery, the exhibition provided a breathtaking journey through the evolution, diversity, and brilliance of modern Indian artistry

## भाजपा ने जम्मू-कश्मीर राज्यसभा प्रत्याशी घोषित किये

नयी दिल्ली, 12 अक्टूबर। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की केंद्रीय चुनाव समिति ने जम्मू-कश्मीर में होने वाले द्विवार्षिक राज्यसभा चुनाव 2025 के लिए तीन नामों को मंजूरी दे दी है।

- पार्टी के मुख्यालय प्रभारी अरुण सिंह ने गुलाम मोहम्मद मीर, राकेश महाजन और सतपाल शर्मा के नाम की घोषणा की।

भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव और मुख्यालय प्रभारी अरुण सिंह ने रविवार को राज्यसभा चुनाव 2025 के लिए गुलाम मोहम्मद मीर, राकेश महाजन और सतपाल शर्मा के नामों का ऐलान किया।

दूसरी ओर सत्तारूढ़ नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) ने तीन सीटों के लिए अपने पहले ही उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। एनसी के वरिष्ठ नेता चौधरी मुहम्मद रमजान, शम्मी ओबेरॉय और सज्जाद किचलू को राज्यसभा चुनाव लड़ने के लिए नामित किया गया है। चौथी सीट के बारे में कांग्रेस के साथ बातचीत चल रही है।

चुनाव आयोग ने 24 सितंबर को घोषणा की थी कि जम्मू-कश्मीर की चार राज्यसभा सीटों के लिए चुनाव 24 अक्टूबर को होंगे। गौरतलब है कि जम्मू-कश्मीर में राज्यसभा की सीटें रिक्त हो गयी थीं क्योंकि फरवरी 2021 के बाद कोई विधानसभा नहीं होने के कारण इन सीटों पर चुनाव नहीं हो सके थे।

# एनडीए ने बिहार में सीटों का बंटवारा पूरा किया

## भाजपा व जदयू 101-101, चिराग 29, मांझी व कुशवाहा 6-6 सीटों पर चुनाव लड़ेंगे

पटना, 12 अक्टूबर। लंबी खींचतान के बाद आखिरकार एनडीए में सीटों का बंटवारा हो गया है। यह जानकारी भाजपा नेता धर्मेंद्र प्रधान और जदयू नेता संजय झा ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में दी।

सीट बंटवारे के तहत इस बार जदयू और भाजपा 101-101 सीटों पर चुनाव लड़ने वाली हैं। वहीं चिराग पासवान की पार्टी को चुनाव लड़ने के लिए 29 सीटें दी गई हैं। इसके अलावा जीतनराम मांझी और उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी को 6-6 सीट दी गई हैं।

सीट बंटवारे में सबसे अधिक, 14 सीटें जदयू को छोड़नी पड़ी हैं। भाजपा की नौ और हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा की एक सीट गई। अगर पिछले चुनाव के समय हुए सीटों के बंटवारे को देखें तो जदयू के हिस्से की 21 और भाजपा के हिस्से की 20 सीटें निकल गई हैं। जदयू की यह जिद भी नहीं रही कि पिछले चुनाव में हम जिन सीटों पर लड़े थे, उनमें कोई सीट लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के लिए नहीं छोड़ेंगे।

जदयू नेता संजय झा ने सीट शेयरिंग के बारे में जानकारी देते हुए लिखा हम एनडीए के साथियों ने सौहार्दपूर्ण वातावरण में सीटों का वितरण पूर्ण किया है।

- भाजपा के धर्मेन्द्र प्रधान, जदयू के संजय झा, चिराग पासवान और जीवन राम मांझी ने अधिकारिक रुप से बंटवारे पर संतोष व्यक्त किया है।
- पिछले विधानसभा चुनाव के समय एनडीए के घटक दलों में टिकटों के बंटवारे की तुलना में इस बार जदयू को 21 तथा भाजपा को 20 टिकट कम मिले हैं। पर कुल मिलाकर दोनों दलों को संतोष है कि टिकटों का बंटवारा राजी-खुशी निपट गया।

सीट बंटवारे के बारे में जीतन राम मांझी के बेटे और बिहार सरकार के मंत्री संतोष कुमार सुमन ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा हम एनडीए साथियों ने सौहार्दपूर्ण वातावरण में सीटों का वितरण पूरा किया।

लोजपा (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान ने एनडीए में सीट बंटवारे को लेकर कहा, एनडीए परिवार ने बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के लिए सीटों का बंटवारा पूरा किया है।

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के लिए सीट बंटवारे में हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) को एनडीए की ओर से 6 सीटें दी गई हैं। इस पर पार्टी प्रमुख और केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने संयमित प्रतिक्रिया दी है। मांझी ने कहा कि संसद में हमें सिर्फ एक सीट मिली थी, तब भी हमने कोई नाराजगी नहीं जताई थी। अब अगर बिहार विधानसभा चुनाव में हमें छह सीटें मिली हैं, तो ये हाईकमान का फैसला है और हमें स्वीकार है। उन्होंने आगे कहा कि हमें जितना दिया गया है, हम उसमें संतुष्ट हैं। हमें किसी से कोई शिकायत नहीं है।

इस बीच, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिहार चुनाव के लिए भाजपा के मुख्यालय में मुख्य चुनाव समिति (सीईसी) बैठक में शामिल होने के लिए पहुंच गए हैं।

## गाज़ा पर शांति शिखर सम्मेलन में भारत के विदेश राज्य मंत्री भाग लेंगे

नई दिल्ली, 12 अक्टूबर। गाज़ा के मुद्दे पर मिस्र के शर्म अल-शेख शहर में होने वाले शांति शिखर सम्मेलन में विदेश राज्यमंत्री कीर्ति वर्धन सिंह भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। सोमवार को होने वाले इस शांति सम्मेलन में अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनाल्ड ट्रंप सहित दुनिया के 20 शीर्ष नेता शिरकत करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी सम्मेलन में शामिल होने के लिए मिस्र की ओर से निमंत्रण भेजा गया था।

- इस सम्मेलन ट्रंप सहित विश्व के 20 शीर्ष नेता शामिल होंगे।

मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सिसी अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के साथ इस शांति शिखर सम्मेलन की सह-अध्यक्षता करेंगे। इस दौरान गाज़ा पट्टी में युद्ध समाप्त करने के साथ-साथ पश्चिम एशिया में स्थायी शांति लाने के तरीकों पर चर्चा की जाएगी। यह शिखर सम्मेलन राष्ट्रपति ट्रंप की गाज़ा शांति योजना के प्रथम चरण के प्रभावी होने के कुछ दिनों बाद होने जा रहा है। गाज़ा में युद्धविराम शुक्रवार को लागू हुआ।

ट्रंप के अलावा सम्मेलन में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर, इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस भी शामिल होंगे। विदेश राज्यमंत्री कीर्ति वर्धन भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। हमास सोमवार सुबह 20 जीवित बंधकों को रिहा करेगा। दो साल पहले 7 अक्तूबर,

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# दुर्गापुर मेडिकल छात्रा दुष्कर्म मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

## पुलिस ने आरोपियों के पास से पीड़िता का मोबाइल फोन बरामद किया

कोलकाता, 12 अक्टूबर। पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर में मेडिकल की छात्रा के साथ दुष्कर्म मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि दो को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। आरोपियों की पहचान शेख रियाजउद्दीन उर्फ मंटू, अप्पू बाउरी और फिरदौस शेख के रूप में हुई है जो बिजड़ा गांव के निवासी हैं। इन सभी पर सामूहिक दुष्कर्म के तहत मामला दर्ज किया गया है। हिरासत में लिए गए लोगों की पहचान का खुलासा पुलिस ने नहीं किया है।

रविवार को ही गिरफ्तार लोगों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से कोर्ट ने तीनों को दस दिनों की पुलिस रिमांड में भेज दिया। पुलिस के मुताबिक अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी है।

उल्लेखनीय है कि घटना कॉलेज कैंपस से करीब 700 मीटर की दूरी पर घटी। जानकारी के मुताबिक पुलिस ने आरोपियों के पास से पीड़िता का मोबाइल फोन भी बरामद कर लिया है। जांच अधिकारियों के अनुसार तीनों के खिलाफ प्रत्यक्ष सबूत मिले हैं।

इसी मोबाइल के लोकेशन के आधार पर पुलिस आरोपियों तक पहुंची। सूत्रों के मुताबिक शनिवार रात भर आरोपियों की तलाश की गई और रविवार को भी ड्रोन की मदद से फरार आरोपियों की तलाश की।

- प.बंगाल की मुख्य मंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि निजी मेडिकल कॉलेज प्रशासन को किसी लड़की की रात को बाहर जाने की अनुमति नहीं देनी चाहिये।
- मोबाइल की लोकेशन के आधार पर ही पुलिस आरोपियों तक पहुंची थी। इस कार्य में पुलिस ने ड्रोन की भी मदद ली थी।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक यह घटना कॉलेज कैंपस से करीब 700 मीटर दूर झाड़ियों से घिरे एक नशे के अड्डे पर हुई, जहां लंबे समय से शराब और गांजे का अवैध कारोबार चल रहा था।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक, शुक्रवार देर रात छात्रा और उसका एक सहपाठी कैंपस के बाहर टहलने निकले थे।

उसी दौरान अड्डे पर मौजूद तीनों आरोपी छात्रा से छेड़छाड़ करने लगे और फिर उसे जबरन जंगल की ओर खींच कर ले गए। वहीं छात्रा के साथ गैंगरेप किया गया।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सामूहिक बलात्कार पर अपनी चुप्पी तोड़ते हुए कहा कि किसी लड़की को रात में बाहर जाने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। दुर्गापुर में मेडिकल की छात्रा के साथ गैंगरेप की घटना पर राजनीति गरमाने पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी नाराज दिखीं। उन्होंने दूसरे राज्यों में रेप की घटनाओं का जिक्र किया।

ममता बनर्जी ने कहा कि वह लड़की निजी मेडिकल कॉलेज में पढ़ रही थी, इसलिए निजी मेडिकल कॉलेज की जिम्मेदारी है। वह रात के 12.30 बजे कैसे बाहर आ गई।

जहां तक मुझे पता है कि यह वन क्षेत्र में हुआ था, इसलिए 12.30 बजे मुझे नहीं पता कि क्या हुआ। पुलिस जांच कर रही है, किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा, दोषियों को कड़ी सजा दी जाएगी।




के.एस. मोटर्स प्रा. लि., एम. आई. रोड, जयपुर: 7574808728, वैशाली नगर, जयपुर : 07942530977, वी.के.आई. रोड नं. 5, जयपुर : 9783384408 ( ब्रांच ):- कोटपुतली: 8852884871, 9166409090, शाहपुरा: 9001238949, 9461671901, लालसोट: 9414570752, महुआ: 9829552732, बस्सी: 7574808728, दूदू: 9929236333, विराटनगर: 9929373114, बांदीकुई: 9414517132, जोबनेर: 8094582000, जैतपुरा: 9460466992, 9828150910, दौसा: 8233279427, 9414045855, ऑटो वर्ल्ड: ( ब्रांच ):- सवाईमाधोपुर: 8929653907, गंगापुरसिटी: 8929653907, टोंक: 8929653907, टोंक रोड, प्रतापनगर, जयपुर: 8929653907, राजा पार्क, जयपुर: 8929653907, जे.एस. फोरव्हील मोटर्स प्रा. लि.: अलवर, बहरोड़, करौली, भिवाड़ी : 9289464947, 9289464947, धौलपुर/भरतपुर: 9625374409, गहलोत मोटर्स प्रा. लि.: सीकर: 9414039978, 9983086958, श्रीमाधोपुर: 7412074594, झुंझुनूं: 9414059948, उदयपुरवाटी: 9414039952, चिड़ावा: 7412049988, खेतड़ी: 9983560927, नीम का थाना: 9414033482, बीकानेर मोटर्स प्रा. लि.: बीकानेर, चूरू, सुजानगढ़: 8527241179, के.एस. ऑटोमोबाईल्स प्रा. लि.: उदयपुर: 7574808555, आईओसी पेट्रोल पम्प, गोवर्धन विलास, उदयपुर: 9001317899, बांसवाड़ा: 7727011069, 9773316278, 9773318630, 9773326964, 9950207844, डूंगरपुर: 9001297956, 8233009909, सागवाड़ा: 7726006927, 9929958164, चित्तौड़गढ़: 8003093548, 9001799790, 9773396753, 9116629684, प्रतापगढ़: 7727087373, 9001897397, रावतभाटा: 8233009810, आबूरोड़: 9116504111, 9928040209, सिरोही: 9929958177, 7727083939, 8529080964, भीलवाड़ा एग्रो ऑटो सर्विस ( प्रा. ) लि. : भीलवाड़ा/बिजोलिया: 8875016206, राजसमन्द/भीम: 8875016206, एवरग्रीन मोटर्स: कोटा: 9654126004, 9829029755, 8003099955, 7340052648, बूंदी: 9654126004, 9829226555, बारां: 9654126004, 9829226655, झालावाड़: 9654126004, 9928922755, परम ऑटोमोबाईल्स प्रा. लि. : पालरा इण्डस्ट्रीयल एरिया के पास, एनएच-8, जयपुर हाइवे बायपास, ग्राम सेन्दरिया, अजमेर मो.: 9205995747, एनएच-8, जयपुर रोड़, राधिका रिसोर्ट, जीवीके टोल प्लाजा के पास, किशनगढ मो.: 9205995747, 9521815789, नागौर ऑटोमोबाईल्स प्रा. लि.:नागौर: 7291983310, 8003899701, ( ब्रांच ) मेड़ता : 7291983310, 9414119003, डेगाना : 7291983310, 9414603205, कुचामन सिटी : 7291983310, 9413385702, डीडवाना : 7291983310, 9829146228, छोटी खाटू : 8239343536, लाडनूं : 7291983310, 9314014841, वी. डी. मोटर्स प्रा. लि.: श्रीगंगानगर: 9672078697, 9672078696, 9414093025, 9672064445, सूरतगढ़: 9414093016, 9414093041, अनूपगढ़: 9414093027, हनुमानगढ़: 9672064447, 9214093020, 9672058886, 9636393042, 9636393024, रावतसर/पल्लू: 9214093016, 9672058883, नोहर: 8690993024, 8690993022, 9414093024, भादरा: 9672028889, 9214093020 ( सीएसडी ), 9414093025, ओ. एस. मोटर्स: जोधपुर: 9413078666, 7791960164, बासनी : 9784882022, बाड़मेर: 7023067805, बालोतरा: 9664251725, जैसलमेर: 7340105190, फलोदी: 9413660844, पाली: 9610078677, सुमेरपुर: 9784839760, जालौर: 9772708668, भीनमाल: 9829809490, सांचौर: 9602664390, जैतारन : 9024835145

# डॉ. सतीश पूनियां की पुस्तक का विमोचन गुलाबचंद कटारिया, मदन राठौड़, राजेन्द्र राठौड़, टीकाराम जूली और बरजी बाई भील ने किया

## राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया राजनीति के आदर्श हैं, सतीश पूनियां कुशल संगठनकर्ता हैं, पार्टी मजबूती के लिए प्रदेश में उन्होंने खूब काम किया : भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर । भाजपा हरियाणा प्रभारी एवं भाजपा राजस्थान के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां की विधायक कार्यकाल (2018-2023) पर आधारित पुस्तक 'अग्निपथ नहीं जनपथ' (संवाद से संघर्ष) का विमोचन पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया, भाजपा राजस्थान प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़, भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली और भीलवाड़ा जिला प्रमुख बरजी बाई भील ने किया। पुस्तक 'अग्निपथ नहीं जनपथ' पुस्तक का लोकार्पण और कृति चर्चा जयपुर के कॉन्स्टीट्यूशन क्लब में आयोजित हुई।



भाजपा हरियाणा प्रभारी एवं भाजपा राजस्थान के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां की विधायक कार्यकाल (2018-2023) पर आधारित पुस्तक 'अग्निपथ नहीं जनपथ' (संवाद से संघर्ष) का विमोचन पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़, पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली और भीलवाड़ा जिला प्रमुख बरजी बाई भील ने किया।

- सतीश पूनियां के प्रोग्राम में यह जानने आया हूँ कि कांग्रेस हरियाणा में चुनाव कैसे हारी : टीकाराम जूली
- संगठन की मजबूती के लिये मैंने सतीश पूनियां को पदयात्राएं और संघर्ष करते देखा है : कटारिया
- भाजपा राजस्थान अध्यक्ष रहते हुए सतीश पूनियां ने जिन जनमुद्दों के लिये सड़क पर संघर्ष किया, आज उन्हीं की बुनियाद पर भाजपा की भजनलाल सरकार का जन्म हुआ : राजेन्द्र राठौड़

राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया ने कहा कि संगठन की मजबूती के लिये मैंने सतीश पूनियां को पदयात्राएं और संघर्ष करते देखा है। विद्यार्थी परिषद लेकर युवा मोर्चा और भाजपा संगठन के लिये जमीन पर मेहनत करते देखा है। राजनीति में हार-जीत नहीं, बल्कि जनहित के लिए किया गया कार्य ही पहचान बनाता है। जो अग्निपथ से गुजरता है वही जनपथ को समझता है। विचार भले अलग हों, लेकिन सौहार्द बना रहना चाहिए।

कटारिया ने कहा कि यह पुस्तक लिखकर सतीश पूनियां ने लोकतंत्र की खूबसूरती के लिये ऐतिहासिक कार्य किया है और वह खुद इस पुस्तक से इतने प्रभावित हैं कि उन्हें भी पुस्तक लिखने की प्रेरणा मिली है, क्योंकि इस पुस्तक के माध्यम से राजस्थान विधानसभा की कार्यप्रणाली, नेता प्रतिपक्ष की भूमिका, स्पीकर की भूमिका, राजस्थान विधानसभा से जुड़ी हर प्रक्रिया के बारे में जो जानकारी दी गई है, वह वास्तव में अपने आप में एक बड़ा कार्य है और इसके लिए सतीश पूनियां धन्यवाद के पात्र है। इस पुस्तक से आमजन को भी काफी कुछ सीखने को मिलेगा, विधानसभा के बारे में उन्हें अच्छी जानकारी मिलेगी। इसके अलावा नए विधायकों और जो युवा राजनीति में अपना कैरियर बनाना चाहते हैं उन्हें काफी कुछ इस पुस्तक से सीखने को मिलेगा। कटारिया ने कहा कि, सतीश पूनियां ने इस पुस्तक का विमोचन मेरे हाथों से करवाया, यह भी उनके इतने बड़े राजनीतिक जीवन में सबसे बड़ा सुखद क्षण है।

मदन राठौड़ ने कहा कि "राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया राजनीति के आदर्श हैं, सतीश पूनियां कुशल संगठनकर्ता हैं, पार्टी की मजबूती के लिये प्रदेश में उन्होंने खूब काम किया है। सतीश पूनियां की कई खूबियों का तो मुझे पहले से पता था, लेकिन यह किताब देखकर आज महसूस हुआ कि वे अच्छे लेखक भी हैं।"

पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने कहा कि, "अग्निपथ पर तपे बिना जनपथ नहीं मिलता, अग्निपथ पर चलकर जो कुंदन की तरह तपता है, वही जनपथ तक पहुंचता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी अग्निपथ पर चलकर देश के शीर्ष तक पहुंचे है। जिन मुद्दों को भाजपा राजस्थान अध्यक्ष रहते हुए सतीश पूनियां ने सड़क पर संघर्ष करते हुए जन मुद्दे बना दिए, आज उन्हीं की बुनियाद पर हमारी भाजपा की भजनलाल सरकार का जन्म हुआ है।

राजस्थान विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि, टीकाराम जूली ने कहा कि हरियाणा के लोगों का मस्तमौला स्वभाव होता है और आजकल यही स्वभाव सतीश पूनियां का भी हो गया है।

मैं खास कर सतीश पूनियां के प्रोग्राम में यह जानने आया हूँ कि हम हरियाणा चुनाव कैसे हारे, सब कह रहे थे कांग्रेस जीत रही हैं, जीत रही है, लेकिन फिर हरियाणा में हारी कैसे कांग्रेस यह आज तक पता नहीं चल पाया ? जूली ने कहा कि, सतीश पूनियां, राजेंद्र राठौड़, गुलाबचंद कटारिया और घनश्याम तिवाड़ी जैसे नेताओं को वह काफी मिस करते हैं विधानसभा में, क्योंकि इन नेताओं से उन्होंने काफी कुछ सीखा है। इन नेताओं का विधानसभा में समय पर आना समय पर जाना प्रत्येक बैठक में शामिल होना, प्रत्येक मुद्दे पर तथ्यात्मक तरीके से अपनी बात कहना सदन की मर्यादाओं का ध्यान रखना।

# स्कूल के टॉयलेट में 7 साल की बच्ची से दुष्कर्म का प्रयास

## बच्ची के शोर मचाने पर स्कूल स्टाफ मौके पर पहुंचा और आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले किया

जयपुर। गांधी नगर इलाके में एक स्कूल के टॉयलेट में 7 साल की बच्ची से दुष्कर्म करने का प्रयास का मामला सामने आया है। इस घटना के बाद स्कूल परिसर में हड़कंप मच गया। बच्ची के शोर मचाने पर स्कूल स्टाफ मौके पर पहुंचा और आरोपित को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। इस संबंध में बच्ची के पिता ने थाने में मामला दर्ज करवाया है कि शनिवार को उसकी बच्ची स्कूल गई थी। टॉयलेट जाने पर एक युवक दीवार फांदकर अंदर आया और उसने बच्ची से दुष्कर्म का प्रयास किया। बच्ची के शोर मचाने पर स्टाफ पहुंचा और आरोपित को पकड़ लिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थानाधिकारी भजनलाल ने बताया कि मामला भारतीय न्याय संहिता-2023, पॉक्सो एक्ट और एससी-एसटी एक्ट की धाराओं में दर्ज किया गया है। वहीं जांच गांधीनगर एसीपी नारायण कुमार बाजिया को सौंपी गई है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है और मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है। पुलिस ने बच्ची का मेडिकल मुआयना करवाया है। पुलिस का कहना है कि पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए सभी कानूनी कार्रवाई तेजी से की जा रही है।

## मोबाइल चुराने वाला गिरफ्तार

जयपुर। खोह नागोरियान थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मोबाइल चोरी करने वाले एक मोबाइल चोर को गिरफ्तार कर उसके पास से चोरी के 21 मोबाइल भी बरामद किए गए है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व संजीव नैन ने बताया कि खोह नागोरियान थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए घर मे घुस कर मोबाइल चुराने वाले आरोपित साहिल कुरैशी उर्फ सोहिल उर्फ खट्टन निवासी ट्रांसपोर्ट नगर जयपुर को गिरफ्तार किया है।

### एच.के. फाइनेंसर्स प्राइवेट लिमिटेड

सीआईएन: U99999RJ1993PTC035285

रजि. कार्यालय: 'राधे-राधे', डी-103, यशोदा पथ, श्याम नगर, जयपुर-302019 (राज.)

ईमेल आईडी: hkfinancierspvtltd@gmail.com संपर्क नंबर: 9799942106

**संयुक्त सार्वजनिक सूचना**

[मास्टर निर्देश के पैराग्राफ 42.3 के अनुसार - भारतीय रिज़र्व बैंक (गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी - स्केल आधारित विनियमन) निर्देश, 2023 (जिसे आगे "निर्देश" कहा जाएगा) संदर्भ संख्या DoR.FIN.REC.NO.45/ 03.10.119/2023-24, दिनांक 19 अक्टूबर, 2023 (समय-समय पर अद्यतन)]।

यह नोटिस एच.के. फाइनेंसर्स प्राइवेट लिमिटेड **("कंपनी")** द्वारा श्री दीपेंद्र सिंह **("निवेशक 1")**, श्री पराक्रम सिंह राठौर **("निवेशक 2")**, श्रीमती विजय लक्ष्मी शेखावत **("निवेशक 3")**, श्रीमती कनिका सिंह **("निवेशक 4")**, मेसर्स गैलेक्सी प्राइम प्राइवेट लिमिटेड **("निवेशक 5")** (सामूहिक रूप से **"प्रस्तावित निवेशक"** के रूप में संदर्भित), श्रीमती कुसुम गनेरीवाला **("हस्तांतरक 1")** और श्री आदर्श गनेरीवाला **("हस्तांतरक 2")** (सामूहिक रूप से **"प्रस्तावित हस्तांतरक"** के रूप में संदर्भित) निर्देशों के पैराग्राफ 42.3 के अनुसार संयुक्त रूप से जारी किया जा रहा है।

**पृष्ठभूमि:** कंपनी एक निजी लिमिटेड कंपनी है जो गैर-जमा लेने वाली गैर-प्रणालीगत रूप से महत्वपूर्ण गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी के रूप में पंजीकृत है, जिसे आरबीआई द्वारा निर्देशों के तहत **बेस लेयर में एनबीएफसी-निवेश और क्रेडिट कंपनी (एनबीएफसी-आईसीसी)** के रूप में वर्गीकृत किया गया है, जो भारतीय रिजर्व बैंक **("आरबीआई")** के साथ पंजीकरण प्रमाणपत्र के माध्यम से पंजीकृत है, जिसका नंबर B-10.00222 है, जिसका CIN: U99999RJ1993PTC035285 है और इसका पंजीकृत कार्यालय 'राधे-राधे', डी-103, यशोदा पथ, श्याम नगर, जयपुर-302019 (राजस्थान) में है। कंपनी निवेश और ऋण के कारोबार में लगी हुई है। **निवेशक 1** श्री दीपेंद्र सिंह, पुत्र श्री सुरेंद्र सिंह, ए-181, तारानगर-ए, यमुना पथ, झोटवाड़ा, जयपुर-302012 (राजस्थान) में रहते हैं; **निवेशक 2** श्री पराक्रम सिंह राठौड़, पुत्र श्री राजेंद्र राठौड़ हैं, जो 54, गीता पथ, सूरज नगर-पश्चिम, सिविल लाइन्स, सोडाला, जयपुर-302006 (राजस्थान) में रहते हैं; **निवेशक 3** श्रीमती विजय लक्ष्मी शेखावत, पत्नी श्री दीपेंद्र सिंह हैं, जो प्लॉट नंबर 32, तारानगर-ए, यमुना पथ, झोटवाड़ा, जयपुर-302012 (राजस्थान) में रहती हैं; **निवेशक 4** श्रीमती कनिका सिंह, पत्नी श्री पराक्रम सिंह राठौड़ हैं, जो 54, गीता पथ, सूरज नगर-पश्चिम, सिविल लाइन्स, सोडाला, जयपुर-302006 (राजस्थान) में रहती हैं; **निवेशक 5** मेसर्स गैलेक्सी प्राइम प्राइवेट लिमिटेड है (CIN: U14299RJ2021PTC077366) जिसका पंजीकृत कार्यालय प्लॉट नंबर 8, वैशाली नगर एन्क्लेव योजना, वैशाली नगर, जयपुर-302021 (राजस्थान) में है, जो टोल संग्रह के व्यवसाय में लगा हुआ है; **स्थानांतरणकर्ता 1** श्रीमती कुसुम गनेरीवाला, पत्नी स्वर्गीय श्री हेमंत कुमार गनेरीवाला हैं, जो 'राधे-राधे', डी-103, यशोदा पथ, श्याम नगर, जयपुर-302019 (राजस्थान) में रहती हैं; **स्थानांतरणकर्ता 2** श्री आदर्श गनेरीवाला, पुत्र स्वर्गीय श्री हेमंत कुमार गनेरीवाला हैं, जो 'राधे-राधे', डी-103, यशोदा पथ, श्याम नगर, जयपुर-302019 (राजस्थान) में रहते हैं।

**प्रस्तावित लेनदेन:** प्रस्तावित निवेशक प्रस्तावित हस्तांतरकों से शेयरों के हस्तांतरण के माध्यम से कंपनी की चुकता पूंजी के 100% शेयरधारिता का अधिग्रहण करना चाहते हैं। इसके परिणामस्वरूप कंपनी की शेयरधारिता में 26% से अधिक का परिवर्तन होगा, इसलिए निर्देशों के पैरा 42 के तहत आरबीआई की पूर्व स्वीकृति आवश्यक है।

**आरबीआई की स्वीकृति:** निर्देशों के अनुसार, आरबीआई ने कंपनी को जारी दिनांक 9 अक्टूबर, 2025 के अपने पत्र, संदर्भ संख्या S493/01.13.049/2025-26 के माध्यम से, प्रस्तावित निवेशकों द्वारा 100% शेयरधारिता के प्रस्तावित अधिग्रहण हेतु कंपनी के नियंत्रण में परिवर्तन हेतु अपनी पूर्व लिखित स्वीकृति प्रदान की है।

प्रस्तावित लेनदेन निर्देशों के पैरा 42.3 के प्रावधानों के अनुसार, इस सार्वजनिक सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 (तीस) दिनों की समाप्ति पर प्रभावी होगा।

प्रस्तावित लेन-देन पर कोई भी स्पष्टीकरण चाहने वाला और/या कोई आपत्ति रखने वाला कोई भी व्यक्ति इस सूचना की तिथि से 30 (तीस) दिनों के भीतर कंपनी के पंजीकृत कार्यालय के पते पर निदेशक श्रीमती कुसुम गनेरीवाला को पत्र लिख सकता है या hkfinancierspvtltd@gmail.com पर ईमेल कर सकता है।

इस सूचना की एक प्रति कंपनी के पंजीकृत कार्यालय 'राधे-राधे', डी-103, यशोदा पथ, श्याम नगर, जयपुर-302019 (राजस्थान) में भी उपलब्ध है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| एसडी/- | एसडी/- | एसडी/- | एसडी/- |
| **एच.के. फाइनेंसर्स प्राइवेट लिमिटेड** | **दीपेंद्र सिंह** | **पराक्रम सिंह राठौड़** | **कुसुम गनेरीवाला** |
| एसडी/- | एसडी/- | एसडी/- | एसडी/- |
| **विजय लक्ष्मी शेखावत** | **श्रीमती कनिका सिंह** | **गैलेक्सी प्राइम प्राइवेट लिमिटेड** | **आदर्श गनेरीवाला** |

# राजपूत सभा की प्रतिनिधि बैठक संपन्न

जयपुर । श्री राजपूत सभा, जयपुर के सत्र 2025-28 की प्रथम प्रतिनिधि सभा की बैठक रविवार को जगतपुरा स्थित सभा छात्रावास में कार्यकारी सभापति राम सिंह चंदलाई की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में सभा के कार्यक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले 16 जिलों से बड़ी संख्या में प्रतिनिधि और आजीवन सदस्य उपस्थित रहे। इस दौरान विगत छह माह में संगठन द्वारा किए गए सामाजिक कार्यों, राहत अभियानों और जनहित से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गई।

**नाम संशोधन**

मैं राजेश पुत्र श्री रूप सिंह आयु 38 साल जाति गुर्जर निवासी तिघरिया तहसील हिण्डौन सिटी जिला करौली राजस्थान आधार कार्ड नम्बर 546325682153 शपथ पूर्वक बयान करता हूं कि विजय लक्ष्मी मेरी सगी पुत्री है। जिसकी जन्म तिथि 24-05-2008 है। यह कि मेरी पुत्री के आधार कार्ड में गलती से पुष्पेन्द्र हो गया है जो कि गलत है। मेरी पुत्री का स्कूल के दस्तावेजों में सही नाम विजय लक्ष्मी है। जबकि आधार कार्ड में पुष्पेन्द्र है जो कि गलत है। विजय लक्ष्मी और पुष्पेन्द्र दोनों मेरी पुत्री के नाम है। मैं मेरी पुत्री का आधार कार्ड में सही नाम विजय लक्ष्मी संशोधित करवाना चाहता हूं। भविष्य में मेरी पुत्री को विजय लक्ष्मी के नाम से जाना जावें।

**विवाद्यकों के स्थिरीकरण के लिए सम्मन**

(आदेश 5 के नियम 1 और 5)

न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश क्रम संख्या-2 जयपुर महानगर जयपुर प्रथम।

विजय प्रकाश शर्मा

विरुद्ध

श्रीमती उषा शर्मा व अन्य

वाद बाबत बंटवारा, निरस्त किए जाने वसीयतनामा दिनांक 14.07.2000 (चौदह सात दो हजार) व स्थाई निषेधाज्ञा

वाद संख्या 236 सन् 2025

विजय प्रकाश शर्मा पुत्र स्व. श्री हरीप्रसाद शर्मा, उम्र-72 (बहत्तर) वर्ष, जाति-ब्राह्मण, निवासी-प्लॉट नम्बर-9 (नौ) शिवपुरी, सोडाला, जयपुर, राजस्थान।।

बनाम

1. प्रतिवादी संख्या-2 श्रीमती इच्छा शर्मा पुत्री स्व. श्री हरीप्रसाद शर्मा पत्नी श्री राजेन्द्र शर्मा उम्र-75 (पचहत्तर) वर्ष, जाति-ब्राह्मण, निवासी कृष्णापुरी, बिड़ला मंदिर के पास, वृन्दावन रोड़, मथुरा, उत्तर प्रदेश व निवासी प्लॉट नम्बर-9 (नौ) शिवपुरी, सोडाला, जयपुर, राजस्थान ।
2. प्रतिवादी संख्या-4 श्रीमती प्रभाव शर्मा पुत्री स्व. श्री हरीप्रसाद शर्मा पत्नी श्री संदीप शर्मा उम्र-62 (बासठ) वर्ष, जाति-ब्राह्मण, निवासी सेठी कॉलोनी, उज्जैन, मध्यप्रदेश व निवासी-प्लॉट नम्बर-9 (नौ) शिवपुरी, सोड़ाला, जयपुर, राजस्थान।

आपके विरुद्ध के लिए वाद पंजीयत किया है। आपका इस न्यायालय में ता0 16 माह 10 सन् 2025 को दिन में 10:30 बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) होने के लिए वचन दिया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडन द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसे सम्यक् अनुदेश दिए गए हों और जो इस वाद से सम्बन्धित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सकें। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित साक्ष्य दाखिल करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे में या शक्ति में हैं पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या दाखिल / मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर, चाहे वह आपके कब्जे व शक्ति मे हो अपना प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो आप ऐसी दस्तावेजों को उल्लिखित समय के वाद उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा।

यह वाद ता. 7 माह 10 सन् 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

आज्ञा से-वरिष्ठ रीडर
(मोहर) अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश क्रम-02, जयपुर महानगर-प्रथम

नम्बर मिलाइए 9587884433
सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)

**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर**

**राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस**

समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को

मुकदमा नम्बर 396/2024

(नामवर्णन तथा निवास स्थान)

चूंकि श्री दानिश अख्तर निवासी बी-2, चन्द्र महल कॉलोनी चीनी की बुर्ज, त्रिपोलिया बाजार जयपुर ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत रहमानी वेलफेयर सोसायटी, 1463 रामगंज बाजार जयपुर ने राजस्थान के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।

अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे। और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 16.9.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।

आइंदा तारीख पेशी 20.11.2025

(मोहर अदालत) सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग जयपुर

**नाम परिवर्तन**

मैं, श्रीमती इंगले कोमल अमोल पत्नी 15428697P हवलदार इंगले अमोल आनंदा निवासी एम.एच. जयपुर, ने अपना नाम श्रीमती इंगले कोमल अमोल से बदलकर इंगले कोमल अमोल कर लिया है। कार्यपालक मजिस्ट्रेट, जयपुर के समक्ष दिनांक 08.10.2025 को दिए गए हलफनामे के अनुसार है।

मैं, 15428697P हवलदार इंगले अमोल आनंदा निवासी एम.एच. जयपुर, मेरे सेवारिकॉर्ड मे मेरे माता-पिता का नाम गोकुला और इंगले आनंदा धुराजी गलत दर्ज है। जबकी सही नाम गोकुला आनंदा इंगले और आनंदा धुलाजी इंगले है। कार्यपालक मजिस्ट्रेट, जयपुर के समक्ष दिनांक 08.10.2025 को दिए गए हलफनामे के अनुसार है।

I Raajbala Shekhawat spouse of 640387H JWO Rampal Singh Shekhawat resident of 20 Sangam Colony Sikar road Jaipur 302013 have changed my name from Raajbala Shekhawat to Rajbala Shekhawat vide Affidavit dated 09.10.2025 at SDM Jaipur City (North).

I ic/army no 14439410W Ex Hav (MACP NB SUB) Sita Ram Sharma S/O chotu Ram Sharma resident of vpo manpura macheri via morija tehsil Amer jaipur rajasthan that i want to change my dependent name/DOB from ANKIT KUMAR (DOB 17/06/2006) To ANKIT KUMAR SHARMA (17/07/2006) vide affidavit dated 8oct 2025 before sub divisional majistrate Jaipur north

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में अंत्योदय का संकल्प हो रहा साकार

## वंचितों और जरूरतमंद को सुनिश्चित हो रही गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं

जयपुर (कासं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में महिला, युवा, मजदूर और किसान के कल्याण की दिशा में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णयों से अंत्योदय का सपना तेजी से साकार हो रहा है। शिक्षा से लेकर चिकित्सा जैसे अहम क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण सेवाओं और सुविधाओं की उपलब्धता ने गांव-ढाणी और कस्बों में अंतिम पायदान के व्यक्ति तक बड़ी राहत पहुंचाने का कार्य किया है। शर्मा के मार्गदर्शन में प्रदेश 'निरामय राजस्थान' के लक्ष्य की ओर तेजी से बढ़ रहा है।



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना अहम भूमिका निभा रही है और जरूरतमंद व वंचित वर्ग तक उपचार सुनिश्चित कर रही है। योजना के अन्तर्गत कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए 73 डे केयर पैकेजेज, शिशुओं के उपचार हेतु 419 पेडियाट्रिक्स पैकेज और 8 लाख वरिष्ठ नागरिकों के लिए कैशलेस उपचार उपलब्ध करवाया जा रहा हैं। साथ ही, मा वाउचर योजना में 25 हजार गर्भवती महिलाओं को प्रतिमाह 1363 अधिकृत निजी सोनोग्राफी केन्द्रों के माध्यम से निःशुल्क सेवाएं दी जा रही हैं। इसके तहत 2.48 लाख से अधिक गर्भवती महिलाओं को क्यू आर कोड जनित कूपन जारी किये जा चुके है।

अंत्योदय की संकल्पना को साकार करने में 'लाडो प्रोत्साहन योजना' भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इस योजना में गरीब परिवारों में बालिका के जन्म पर 1 लाख 50 हजार रुपये का सेविंग बॉण्ड उपलब्ध कराया जा रहा है। योजनान्तर्गत अब तक लगभग 4 लाख 18 हजार बालिकाओं को प्रथम किश्त से लाभान्वित किया जा चुका है।

महिलाओं को सम्बल प्रदान करने के लिए केन्द्र सरकार द्वारा संचालित "प्रधानमंत्री उज्जवला योजना" तथा बीपीएल श्रेणी के परिवारों को रसोई गैस सिलेण्डर सब्सिडी योजना में 450 रुपये मात्र में एलपीजी सिलेण्डर उपलब्ध कराया जा रहा है। इस योजना का दायरा बढ़ाते हुए प्रदेश में अन्य पात्र परिवारों को भी लाभान्वित करने के लिए 'मुख्यमंत्री रसोई गैस सब्सिडी योजना' लागू की है। इसके तहत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना में चिन्हित शेष 67.97 लाख परिवारों को भी 450 रुपये में घरेलू रसोई गैस सिलेंडर उपलब्ध कराए जाने का प्रावधान है। सितम्बर, 2024 से अब तक 558 करोड़ रुपये सब्सिडी राशि का भुगतान किया जा चुका है।

राज्य सरकार द्वारा संचालित श्री अन्नपूर्णा रसोइयों में मोटा अनाज (बाजरा, ज्वार व अन्य मिलेट्स) को भोजन में शामिल किया गया। भोजन थाली का वजन 450 ग्राम से बढ़ाकर 600 ग्राम किया गया हैं। राजकीय अनुदान राशि 17 रुपये से बढ़ाकर 22 रुपये प्रति थाली किया गया है। श्री अन्नपूर्णा रसोई (ग्रामीण) में अब तक 4.30 करोड और श्री अन्नपूर्णा रसोई (शहरी) में 8.87 करोड भोजन थाली परोसी गई हैं। श्रमिकों, स्ट्रीट वेंडर्स एवं लोक कलाकारों के लिए 'मुख्यमंत्री विश्वकर्मा पेंशन योजना' के तहत 60 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर 3 हजार रुपये मासिक पेंशन देने का प्रावधान किया गया है। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना (प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेण्डर आत्म निर्भर निधि योजना) अन्तर्गत 1 लाख 89 हजार व्यक्तियों को ऋण जारी किए गए, जिनमें 1 लाख 89 हजार व्यक्तियों को प्रथम ऋण, 49 हजार 420 व्यक्तियों को द्वितीय ऋण तथा 5 हजार 468 को तृतीय ऋण वितरित किए गए हैं। इसके साथ ही, मुख्यमंत्री स्वनिधि योजना में असंगठित क्षेत्र के 1 हजार 271 श्रमिकों को लाभान्वित किया गया है। मुख्यमंत्री शहरी रोजगार गारंटी योजना के अन्तर्गत 5 लाख परिवारों को रोजगार उपलब्ध करवाकर 343 करोड़ रुपये व्यय किए गए हैं।

स्थायी आश्रय और आवास से वंचित डिनोटीफाइड ट्राइब्स के परिवारों हेतु मुख्यमंत्री घुमन्तू आवासीय योजना 22 अक्टूबर 2024 को लागू की गई। नमस्ते योजना में 2 हजार 967 सफाई कर्मचारियों को स्वरोजगार के लिए प्रशिक्षण दिया गया। सामाजिक सुरक्षा पेंशन पोर्टल के माध्यम से पेंशन योजनाओं के आवेदन प्रस्तुत करने से लेकर प्रति माह भुगतान करने की सम्पूर्ण प्रक्रिया पेपरलेस की गई।

अल्प आय वर्ग के बुजुर्ग व्यक्तियों, विधवाओं, एकल नारियों, दिव्यांग व्यक्तियों तथा लघु एवं सीमान्त कृषकों को देय पेंशन को बढ़ाकर 1250 रुपये प्रतिमाह किया गया। वहीं, आरटीई के तहत शैक्षिक सत्र 2024-25 में लगभग 2 लाख 4 हजार नव प्रवेशित विद्यार्थियों को निःशुल्क प्रवेश दिया गया एवं निजी विद्यालयों को करीब 968 करोड़ रुपये की फीस का पुनर्भरण किया गया।

# सुमंगल दीपावली मेला संपन्न

जयपुर । राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद (राजीविका), ग्रामीण विकास विभाग द्वारा आयोजित सुमंगल दीपावली मेला 2025 का रविवार को समापन समारोह इंदिरा गांधी पंचायती राज संस्थान, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर में आयोजित हुआ। समारोह की अध्यक्षता परियोजना निदेशक (प्रशासन) प्रीति सिंह ने की। इस अवसर पर ज़िला परियोजना प्रबंधक, जयपुर, तथा राजीविका के अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में स्वयं सहायता समूह की महिला सदस्य उपस्थित रहीं। मेले में सक्रिय भागीदारी करने वाली स्वयं सहायता समूह की महिला सदस्यों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही सर्वश्रेष्ठ बिक्री उत्पाद और फूड स्टॉल श्रेणियों में पुरस्कार भी वितरित किए गए। सर्वश्रेष्ठ विक्रेता श्रेणी में प्रथम पुरस्कार गोविंग स्वयं सहायता समूह, जयपुर (ब्लू पॉटरी) को द्वितीय पुरस्कार चामुंडा स्वयं सहायता समूह, बाड़मेर (कशीदाकारी उत्पाद), और तृतीय पुरस्कार श्री गणेश स्वयं सहायता समूह, जयपुर (बगरू प्रिंट उत्पाद) को मिला।

**लोक सूचना** जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

क्रमांक: 90A/JDA/2025-26/100201 दिनांक: 26.09.2025

| क्र. सं. | ग्राम तहसील व जिले का नाम | खातेदार का नाम | खसरा सं. | क्षेत्रफल (हैक्टे.) | रूपांतरण क्षेत्रफल (हैक्टे.) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | दांतली, सांगानेर (जयपुर) | 1. कमलेश कुमार मीणा पुत्र भौरीलाल हिस्सा 1/2 2. कृष्ण कुमार मीणा पुत्र भौरीलाल हिस्सा 1/2 जाति मीणा सा. देह खातेदार | 1349/184 | 0.19 | 0.19 |
| | | | कुल | 0.19 | 0.19 |

प्राधिकृत अधिकारी जोन-09

**आम सूचना** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य मो. शब्बीर खान पुत्र श्री गनी खा, आयु 44 वर्ष, जाति-मुसलमान निवासी सर्वे नं. 14. शिवाजी नगर, कच्ची बस्ती, शास्त्रीनगर, जयपुर (राजस्थान) का है जिसके तीन संतानो मे से हारून कहने मे नही है, वह अपनी मनमर्जी ओर गलत हरकतो की वजह से मेरे अभिभाष्य की पारिवारिक साख को धुमिल कर उससे गाली-गलोच कर हमेशा मारपीट पर आमादा रहता है। जिस कारण मेरे अभिभाष्य ने अपने पुत्र हारून को अपनी समस्त चल व अचल सम्पतियो से बेदखल करते हुये उससे अपने सम्बन्ध समाप्त कर लिये है। भविष्य मे कोई भी व्यक्ति मेरे अभिभाष्य के पुत्र से कोई लेने देन करेगा या सम्बन्ध व समव्यवहार रखेगा तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरे अभिभाष्य की कोई जिम्मेदारी नही होगी। सुचित रहे।

दिनांक-12/10/25 (वसीम खान) एडवोकेट
स्थान-जयपुर मो.-9680578088

**आम सूचना** सर्व साधारण को सुचित किया जाता है, कि वाके महानगर जयपुर, झोटवाडा, संजय नगर मे प्लाट नम्बर 133, श्री अब्दुल सलीम खॉन पुत्र बशीर खॉन एक मात्र मालिक स्वामी है। श्री अब्दुल सलीम खॉन का पुत्र श्री मोहम्मद शब्बीर अपने पिता श्री अब्दुल सलीम के कहने पर नही चलता है, ना ही उनकी देख-रेख करता है, ना ही उन्हे खर्चा देता है। मोहम्मद शब्बीर ने कई लोगो से उधार पैसा भी ले रखा है। श्री मोहम्मद सलीम ने अपने पुत्र मोहम्मद शब्बीर को अपनी जायदाद से बेदखल कर रखा है। मोहम्मद शब्बीर को कोई उधार पैसा नही दे। यदि कोई भी व्यक्ति मोहम्मद शब्बीर को उधार पैसा देता है, तो वह स्वयम् जिम्मेदार होगा। श्री मोहम्मद सलीम व परिवार के अन्य सदस्य किसी भी वाद-विवाद के जिम्मेदार नही होगे। सूचित रहे।

जयपुर (मुजीब उर रहमान) एडवोकेट
दिनांक-12/10/2025 मो.-9587860191

**हैतुक दर्शित करने के लिए सूचना**

(साधारण प्रारूप)

व्यवहार प्रकिया संहिता पहली अनुसूची संख्यांक 4

न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश क्रम संख्या-02 जयपुर महानगर जयपुर प्रथम

विजय प्रकाश शर्मा विरूद्ध श्रीमती उषा शर्मा व अन्य

वाद/प्रार्थना-पत्र अस्थाई निषेधाज्ञा

प्रार्थना-पत्र संख्या 227/2025

विजय प्रकाश शर्मा पुत्र स्व. श्री हरीप्रसाद शर्मा, उम्र-72 (बहत्तर) वर्ष, जाति-ब्राह्मण, निवासी प्लॉट नम्बर-9 (नौ) शिवपुरी, सोड़ाला, जयपुर, राजस्थान।

वनाम

1. अप्रार्थी संख्या 2 श्रीमती इच्छा शर्मा पुत्री स्व. श्री हरीप्रसाद शर्मा पत्नी श्री राजेन्द्र शर्मा उम्र-75 (पचहत्तर) वर्ष, जाति-ब्राह्मण, निवासी कृष्णापुरी, बिड़ला मंदिर के पास, वृन्दावन रोड, मथुरा, उत्तर प्रदेश व निवासी प्लॉट नम्बर-9 (नौ) शिवपुरी, सोड़ाला, जयपुर, राजस्थान।
2. अप्रार्थी संख्या-4 श्रीमती प्रभाव शर्मा पुत्री स्व. श्री हरीप्रसाद शर्मा पत्नी श्री संदीप शर्मा उम्र-62 (बासठ) वर्ष, जाति-ब्राह्मण, निवासी सेठी कॉलोनी, उज्जैन, मध्यप्रदेश व निवासी प्लॉट नम्बर-9 (नौ) शिवपुरी, सोडाला, जयपुर, राजस्थान ।

उक्त प्रार्थी ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि है। अतः आपको चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के विरूद्ध हैतुक दर्शित करने के लिए दिनांक 16 माह 10 सन् 2025 को 10:30 ए.एम. पूर्वान्ह में स्वंय या अपने प्लीडर द्वारा जिसे सम्यक रूप से अनुदेश किया गया हो, उपसंजात हो। यदि आप ऐसा करने में असफल रहेंगे तो उक्त आदेश की सुनवाई और उसका निपटारा एक पक्षीय रूप से किया जाएगा।

यह आज ता. 7 माह 10 सन् 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई।

आज्ञा से-वरिष्ठ रीडर
(मोहर अदालत) अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश क्रम-02 जयपुर महानगर-प्रथम

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल बनी "जीवन का वरदान"

-कार्यालय संवाददाता-

- मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना ने दिया 2.5 लाख गंभीर रोगियों को नया जीवन

जयपुर । मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर प्रारंभ की गई मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना जीवन और मृत्यु के बीच संघर्ष कर रहे गंभीर रोगियों के लिए जीवनदायिनी साबित हो रही है। इस योजना ने हजारों ऐसे रोगी, जिन्होंने कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी, हृदय, गुर्दा या अन्य गंभीर रोगों के कारण जीवन की उम्मीद छोड़ दी थी, उन्हें नया जीवन दिया है। विगत करीब डेढ़ वर्ष के समय में ही इस योजना ने लगभग 2.5 लाख गंभीर रोगियों को 1900 करोड़ रुपए का कैशलैस उपचार देकर जीवन का वरदान दिया है।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने बताया कि पूर्ववर्ती सरकार में संचालित स्वास्थ्य बीमा योजना में कई खामियां थीं। इसके चलते गंभीर रोगियों को समय पर पूरा इलाज नहीं मिल पाता था। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गरीब एवं जरूरतमंद रोगियों की तकलीफ को समझा और पूर्व में संचालित योजना के स्थान पर सुगम एवं सुलभ कैशलेस उपचार के लिए 19 फरवरी, 2024 से मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना शुरू की। पैकेज की संख्या बढ़ाए जाने और विभिन्न सुधार होने से यह योजना गंभीर रोगियों के लिए जीवनदायिनी बन गई।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने बताया कि योजना में सबसे पहले कैंसर के 73 नए डे केयर पैकेज जोड़े गए। इसके बाद इसमें चरणबद्ध रूप से जीरियाट्रिक केयर पैकेज, किशोरों के मनोवैज्ञानिक स्वास्थ्य के लिए पैकेज, ओरल कैंसर, विशेष योग्यजनों के लिए नए पैकेज, रोबोटिक सर्जरी, न्यूरो सर्जरी, प्लास्टिक सर्जरी एण्ड स्किन ट्रांसप्लाट, कार्डियोथोरेसिक एण्ड वेस्कुलर सर्जरी तथा आयुष सहित अन्य पैकेज शामिल किए गए और पिछली योजना में 1800 पैकेज के मुकाबले इसमें करीब 2200 पैकेज हो गए। योजना का दायरा बढ़ने से गंभीर रोगियों को उपचार लेने में आसानी हुई और लोगों का जीवन बचाना संभव हो सका।

राजस्थान स्टेट हैल्थ एश्योरेंस एजेंसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री हरजीलाल अटल ने बताया कि विगत करीब डेढ़ वर्ष के समय में ही इस योजना के तहत लगभग ढाई लाख गंभीर रोगियों को करीब 1900 करोड़ रूपए का कैशलेस उपचार उपलब्ध करवाया गया है।

### एच.के. फाइनेंसर्स प्राइवेट लिमिटेड

सीआईएन: U99999RJ1993PTC035285

रजि. कार्यालय: 'राधे-राधे', डी-103, यशोदा पथ, श्याम नगर, जयपुर-302019 (राज.)

ईमेल आईडी: hkfinancierspvtltd@gmail.com संपर्क नंबर: 9799942106

**संयुक्त सार्वजनिक सूचना**

[मास्टर निर्देश के पैराग्राफ 42.3 के अनुसार - भारतीय रिज़र्व बैंक (गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी - स्केल आधारित विनियमन) निर्देश, 2023 (जिसे आगे "निर्देश" कहा जाएगा) जिसका संदर्भ संख्या DoR.FIN.REC. NO.45/ 03.10.119/2023-24, दिनांक 19 अक्टूबर, 2023 (समय-समय पर अद्यतन) है]।

यह नोटिस एच.के. फाइनेंसर्स प्राइवेट लिमिटेड **("कंपनी")** द्वारा श्रीमती कुसुम गनेरीवाला **("निदेशक 1")**, श्री आदर्श गनेरीवाला **("निदेशक 2")** (सामूहिक रूप से **"निदेशक"** कहा जाता है), के साथ संयुक्त रूप से जारी किया जा रहा है। श्री दीपेंद्र सिंह **("प्रस्तावित निदेशक 1")**, श्री पराक्रम सिंह राठौर **("प्रस्तावित निदेशक 2")**, श्रीमती विजय लक्ष्मी शेखावत **("प्रस्तावित निदेशक 3")**, श्रीमती कनिका सिंह **("प्रस्तावित निदेशक 4")** और श्री भाग चंद जैन **("प्रस्तावित निदेशक 5")** (सामूहिक रूप से **"प्रस्तावित निदेशक"** के रूप में संदर्भित), निर्देशों के पैराग्राफ 42.3 के अनुसार।

**पृष्ठभूमि:** कंपनी एक निजी लिमिटेड कंपनी है जो गैर-जमा लेने वाली गैर-प्रणालीगत रूप से महत्वपूर्ण गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी के रूप में पंजीकृत है, जिसे आरबीआई द्वारा निर्देशों के तहत **बेस लेयर में एनबीएफसी-निवेश और क्रेडिट कंपनी (एनबीएफसी-आईसीसी)** के रूप में वर्गीकृत किया गया है, जो भारतीय रिजर्व बैंक **("आरबीआई")** के साथ पंजीकरण प्रमाण पत्र के माध्यम से पंजीकृत है, जिसका नंबर बी-10.00222 है, जिसका सीआईएन: U99999RJ1993PTC035285 है, और इसका पंजीकृत कार्यालय 'राधे-राधे', डी-103, यशोदा पथ, श्याम नगर, जयपुर-302019 (राजस्थान) में है। कंपनी निवेश और ऋण के कारोबार में लगी हुई है। वर्तमान में, कंपनी के प्रबंधन में दो निदेशक शामिल हैं: **निदेशक 1** श्रीमती कुसुम गनेरीवाला, पत्नी स्वर्गीय श्री हेमंत कुमार गनेरीवाला हैं, जो 'राधे-राधे', डी-103, यशोदा पथ, श्याम नगर, जयपुर-302019 (राजस्थान) में रहते हैं; **निदेशक 2** श्री आदर्श गनेरीवाला, पुत्र स्वर्गीय श्री हेमंत कुमार गनेरीवाला हैं, जो 'राधे-राधे', डी-103, यशोदा पथ, श्याम नगर, जयपुर-302019 (राजस्थान) में रहते हैं। प्रबंधन में बदलाव के लिए प्रस्तावित निदेशकों में शामिल हैं: प्रस्तावित **निदेशक 1** श्री दीपेंद्र सिंह, पुत्र श्री सुरेंद्र सिंह हैं, जो ए-181, तारानगर-ए, यमुना पथ, झोटवाड़ा, जयपुर-302012 (राजस्थान) में रहते हैं; **प्रस्तावित निदेशक 2** श्री पराक्रम सिंह राठौड़, पुत्र श्री राजेंद्र राठौड़ हैं, जो 54, गीता पथ, सूरज नगर-पश्चिम, सिविल लाइन्स, सोडाला, जयपुर-302006 (राजस्थान) में रहते हैं; **प्रस्तावित निदेशक 3** श्रीमती विजय लक्ष्मी शेखावत, पत्नी श्री दीपेंद्र सिंह हैं, जो प्लॉट नंबर 32, तारानगर-ए, यमुना पथ, झोटवाड़ा, जयपुर-302012 (राजस्थान) में रहती हैं; प्रस्तावित **निदेशक 4** श्रीमती कनिका सिंह, पत्नी श्री पराक्रम सिंह राठौड़ हैं, जो 54, गीता पथ, सूरज नगर-पश्चिम, सिविल लाइन्स, सोडाला, जयपुर-302006 (राजस्थान) में रहती हैं; **प्रस्तावित निदेशक 5** श्री भाग चंद जैन, पुत्र श्री रतन लाल जैन हैं, जो 53, रतन निवास, दुर्गा विहार, सेंट पॉल्स स्कूल के पीछे, दुर्गापुरा, जयपुर-302018 (राजस्थान) में रहते हैं।

**प्रबंधन में प्रस्तावित परिवर्तन:** कंपनी के निदेशक मंडल में 2 (दो) मौजूदा निदेशकों को हटाकर और उनके स्थान पर 5 (पाँच) नए प्रस्तावित निदेशकों की नियुक्ति करके परिवर्तन का प्रस्ताव है। इसके परिणामस्वरूप कंपनी के 30% से अधिक निदेशकों में परिवर्तन होगा, इसलिए निर्देशों के पैरा 42 के तहत RBI की पूर्व स्वीकृति आवश्यक है।

**RBI की स्वीकृति:** निर्देशों के अनुसार, RBI ने कंपनी को जारी 9 अक्टूबर, 2025 के अपने पत्र, संदर्भ संख्या S495/01.13.049/2025-26 के माध्यम से कंपनी के प्रबंधन में परिवर्तन के लिए अपनी पूर्व लिखित स्वीकृति प्रदान की है।

प्रबंधन में प्रस्तावित परिवर्तन, निर्देशों के पैरा 42.3 के प्रावधानों के अनुसार, इस सार्वजनिक सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 (तीस) दिनों की समाप्ति पर प्रभावी होगा।

कोई भी व्यक्ति जो किसी भी स्पष्टीकरण की मांग कर रहा है और/या प्रबंधन में प्रस्तावित परिवर्तन पर कोई आपत्ति रखता है, वह इस सूचना की तिथि से 30 (तीस) दिनों के भीतर कंपनी के पंजीकृत कार्यालय के पते पर निदेशक श्रीमती कुसुम गनेरीवाला को लिख सकता है या hkfinancierspvtltd@gmail.com पर ईमेल कर सकता है।

इस सूचना की एक प्रति कंपनी के पंजीकृत कार्यालय 'राधे-राधे', डी-103, यशोदा पथ, श्याम नगर, जयपुर-302019 (राजस्थान) में भी उपलब्ध है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| एसडी/- | एसडी/- | एसडी/- | एसडी/- |
| **एच.के. फाइनेंसर्स प्राइवेट लिमिटेड** | **दीपेंद्र सिंह** | **पराक्रम सिंह राठौड़** | **कुसुम गनेरीवाला** |
| एसडी/- | एसडी/- | एसडी/- | एसडी/- |
| **श्रीमती कनिका सिंह** | **विजय लक्ष्मी शेखावत** | **भाग चंद जैन** | **आदर्श गनेरीवाला** |

# 'अपराध से न्याय तक...' का सिद्धांत 10 मॉडल में लाइव डेमो दिखेगा

## जयपुर में ''नए आपराधिक कानूनों'' पर भव्य प्रदर्शनी आज से शुरू होगी, 18 तक जारी रहेगी

**जयपुर** (कासं)। देश में लागू हुए नवीन आपराधिक कानूनों को लेकर राजधानी जयपुर में 13 अक्टूबर से एक भव्य व आकर्षक प्रदर्शनी आयोजित की जा रही है। इस ऐतिहासिक प्रदर्शनी का उद्घाटन केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह द्वारा किया जाएगा।

इस विशेष दिन यानी 13 अक्टूबर को प्रवेश केवल आमंत्रण पत्र के माध्यम से ही होगा, जबकि 14 से 18 अक्टूबर तक सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक आमजन व हितधारक बिना आमंत्रण पत्र के इस प्रदर्शनी का अवलोकन कर सकेंगे।

इस प्रदर्शनी में न्यायिक प्रक्रिया को 10 अलग-अलग ज़ोन या मॉडल में विभाजित किया गया है। जहाँ आगंतुकों को अपराध की सूचना से लेकर अंतिम न्यायिक निर्णय तक की पूरी यात्रा का लाइव डेमो दिखाया जाएगा।

प्रदर्शनी का लेआउट न्याय प्रथम के सिद्धांत पर केंद्रित है, जिसने न्याय प्रणाली की जटिलताओं को सरल और सुलभ बना दिया।

प्रदर्शनी को इस तरह से डिजाइन किया गया था कि कोई भी व्यक्ति विशेषकर विद्यार्थी आसानी से समझ सकें कि नए कानूनों के तहत प्रत्येक सरकारी विभाग कैसे काम करता है।



### (चरण 1) शिकायत और जांच का आरंभ

**मॉडल 1: कंट्रोल रूम :** यहाँ यह दिखाया गया कि डायल 112 जैसे आपातकालीन नंबर पर कॉल कैसे प्राप्त होता है और पुलिस कैसे तुरंत प्रतिक्रिया देती है। यह पुलिस की तत्परता और संचार प्रणाली को दर्शाता है।

**मॉडल 2: सीन ऑफ क्राइम :** इस मॉडल में, एक अपराध स्थल की प्रतिकृति बनाई गई थी। यहाँ फोरेंसिक साइंस टीमों को साक्ष्य एकत्र करते हुए लाइव दिखाया गया, जिसमें वीडियोग्राफी की अनिवार्यता पर ज़ोर दिया गया।

**मॉडल 3: पुलिस स्टेशन :** यह ज़ोन ई-एफआईआर और ज़ीरो एफआईआर दर्ज करने की प्रक्रिया को दर्शाता था, जिससे आम नागरिकों को यह समझने में मदद मिली कि शिकायत दर्ज करना अब कितना सरल और पारदर्शी हो गया है।

### (चरण 2) वैज्ञानिक और कानूनी सत्यापन

**मॉडल 4: हॉस्पिटल :** इस मॉडल ने चिकित्सा साक्ष्य जुटाने की प्रक्रिया पर ध्यान केंद्रित किया। यहाँ पीड़ितों की मेडिकल जांच और कानूनी पोस्टमार्टम रिपोर्ट तैयार करने की प्रक्रिया दिखाई गई, जिसे नए कानूनों के तहत समयबद्ध और डिजिटल रूप से करना अनिवार्य है।

**मॉडल 5 एफएसएल :** यह प्रदर्शनी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा था, जहाँ वैज्ञानिक साक्ष्यों के विश्लेषण की प्रक्रिया को समझाया गया। यहां दर्शाया गया कि कैसे अनिवार्य एफएसएल जांच वैज्ञानिक प्रमाण पर आधारित दोषसिद्धि दर को बढ़ाने में मदद करती है।

**मॉडल 6: पब्लिक प्रॉसिक्यूशन ऑफिस :** एफएसएल रिपोर्ट आने के बाद यहाँ यह दिखाया गया कि अभियोजन विभाग कैसे सबूतों और चार्जशीट की समीक्षा करता है और उन्हें कोर्ट में पेश करने के लिए तैयार करता है।

### (चरण 3) न्याय और सुधार

**मॉडल 7: डिस्ट्रिक्ट कोर्ट :** इस मॉडल में एक अदालत की कार्यवाही का डेमो दिया गया। यहाँ पर समयबद्ध ट्रायल और इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य की प्रस्तुति को दर्शाया गया, जो त्वरित न्याय सुनिश्चित करने का मुख्य आधार है।

**मॉडल 8: प्रिजन :** इस ज़ोन ने जेल सुधारों पर ध्यान केंद्रित किया। यहाँ जेल प्रबंधन के डिजिटलीकरण और कैदियों के पुनर्वास के कार्यक्रमों को दिखाया गया, जो दंड के बजाय सुधार पर ज़ोर देते हैं।

**मॉडल 9: हाईकोर्ट :** यह ज़ोन उच्च न्यायिक अपील और समीक्षा की प्रक्रिया को दर्शाता है जो मामले के अंतिम चरण की ओर ले जाता है।

**मॉडल 10: नए आपराधिक कानूनों का संक्षिप्त विवरण :** अंतिम ज़ोन में तीनों नए कानूनों के प्रमुख प्रावधानों जैसे कि ई-एफआईआर, सामुदायिक सेवा और भगोड़े अपराधियों के ट्रायल को सरल भाषा में समझाती हुई जानकारी दी गई। इसमें पुराने और नए कानून के बारे में भी पूरी व्याख्या की गई है।

यह प्रदर्शनी विशेष रूप से विद्यार्थियों, महिलाओं, अधिवक्ता, न्यायिक अधिकारियों और नागरिक संस्थाओं के लिए अत्यंत उपयोगी है। इन्हें प्रदर्शनी में आकर अपराध से लेकर न्याय तक की पूरी प्रक्रिया को प्रत्यक्ष रूप से देखने का एक दुर्लभ अवसर मिलेगा।

### प्रदर्शनी से पब्लिक को मिलेगा सीधा लाभ

प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को न्याय प्रणाली में हुए बड़े बदलावों से परिचित कराना है। पब्लिक को वहाँ आकर तीन बड़े और सीधे फायदे मिले: नागरिक देख पाएंगे कि ई-एफआईआर और ज़ीरो एफआईआर जैसे प्रावधानों से शिकायत दर्ज कराना कितना आसान हो गया है, पुलिस और कोर्ट की प्रक्रिया कैसे चलती है।

प्रदर्शनी ने जोर दिया कि अब मामलों के निपटारे के लिए सख्त समय-सीमा है। जहां लोगों को यह आश्वासन मिला कि उन्हें न्याय पाने के लिए सालों तक इंतजार नहीं करना पड़ेगा, क्योंकि यह प्रणाली समयबद्ध न्याय सुनिश्चित करने पर केंद्रित है। संक्षेप में आमजन को यह पता चलेगा कि भारत की न्याय प्रणाली अब नागरिक-केंद्रित, पारदर्शी और आधुनिक बन चुकी है।

# व्यापारियों को हनीट्रैप में फंसाकर पैसा लूटने वाले गिरोह का पर्दाफाश

## गिरोह के मुख्य सरगना सहित एक महिला गिरफ्तार

**जयपुर।** बजाज नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए व्यापारियों को हनीट्रैप में फंसा कर पैसा लूटने वाले गिरोह के मुख्य सरगना सहित एक महिला को गिरफ्तार किया।

पुलिस जांच में सामने आया कि ये पहले पैसे वाले लोगों को चिन्हित करते हैं, फिर मुख्य सरगना उनसे बातचीत करके अपने गिरोह की लड़कियों के नंबर देकर बातचीत के लिए किसी अच्छी जगह पर बुलाते है। उसके बाद लोगों से बातचीत करने के दौरान चुपके से अश्लील फोटो-वीडियो बना लेते है। बाद में ब्लैकमेल करके पैसा ऐंठने का काम करते है। गिरोह में दो और लड़कियां है जो अभी पुलिस की गिरफ्त से दूर हैं। जिनकी तलाश की जा रही है।



**बजाज नगर पुलिस ने व्यापारियों को हनीट्रैप में फंसा कर पैसा लूटने वाले गिरोह के मुख्य सरगना सहित एक महिला को गिरफ्तार किया।**

पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व संजीव नैन ने बताया कि जाज नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए व्यापारियों को हनीट्रैप में फंसा कर पैसा लूटने वाले गिरोह के मुख्य सरगना मुकेश कुमार शर्मा(बागड़ा) निवासी शिवदासपुरा जयपुर और नीतू सोनी निवासी श्रीगंगानगर हाल करणी विहार को गिरफ्तार किया। दोनों ही आरोपियों ने एक कॉल गर्ल का गिरोह बना रखा है। जो जयपुर शहर के महावीर नगर, दुर्गापुरा और करणी विहार क्षेत्र में किराये पर रहकर पैसे वाले लोगों की तलाश करते हैं। वहीं दो अन्य आरोपी महिला आरती शर्मा और दिव्या सोलंकी उर्फ दिव्या फरार चल रही है,उनके संभावित ठिकानों पर दबिश मारी जा रही है।

## चौपहिया वाहन चोर गिरफ्तार

**जयपुर।** करधनी पुलिस ने चौपहिया वाहन चोर आलोक चौधरी (33) निवासी बयाना जिला भरतपुर हाल खोराबीसल जयपुर को गिरफ्तार किया हैं। पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम हनुमान प्रसाद मीणा ने बताया कि आरोपी के पास से चोरी की एक कार भी बरामद की है। गौरतलब है कि 25 सितम्बर को ओमेक्स सिटी बगरू से एक कार चोरी हुई थी। जिसका मामला बगरू थाने में दर्ज हुआ था। लेकिन कई प्रयास करने के बाद भी कार बरामद नहीं हुई।

## सार-समाचार

### आर.के.रस्तोगी नेगोशिएशन प्रतियोगिता



**जयपुर**। मुंबई के विवेकानंद कॉलेज ने जयपुर स्थित विवेकानंद ग्लोबल यूनिवर्सिटी में आयोजित तृतीय आर.के.रस्तोगी नेगोशिएशन प्रतियोगिता में जीत दर्ज की। मारवाड़ी कॉलेज राजकोट की टीम ने दूसरा स्थान प्राप्त किया, जबकि निम्स कॉलेज की टीम को असाधारण प्रदर्शन पर सम्मानित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश पंकज मित्तल रहे, जबकि राजस्थान हाईकोर्ट के वरिष्ठत्तम और कार्यकारी मुख्य न्यायाधीश संजीव प्रकाश शर्मा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। कार्यक्रम की शुरूआत में पूर्व एएसजी आर.डी.रस्तोगी ने स्व. आर.के.रस्तोगी को श्रद्धांजलि अर्पित की। राजस्थान हाईकोर्ट के न्यायाधीश अनूप कुमार ढंढ और न्यायाधीश आनंद कुमार शर्मा ने विजेता तथा द्वितीय व तृतीय स्थान पर रही टीमों को ट्रॉफी व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। आयोजन सचिव सार्थक रस्तोगी, को-कन्वीनर डॉ. शिल्पा राव रस्तोगी और लॉ कॉलेज की डीन पी.पी. मित्रा भी मौजूद थे।

### पोस्टर व ई मैगजीन का अनावरण




**जयपुर**। करवा चौथ के पावन अवसर पर लेट्स ग्रो टुगेदर (एलजीटी) - लेट्स डू टुगेदर कार्यक्रम का आयोजन एआईएसी (ऑलमाइटी इंटरनेशनल एस्ट्रोलॉजी कॉन्क्लेव) पैनल द्वारा किया गया। इस अवसर पर उद्यमी और ज्योतिष के प्रति उत्साही महिलाएं एक साथ आईं। कार्यक्रम में दीप्ति चौधरी सैनी, डॉ. पूनम मदान, मीनू गुप्ता, ज्योति पवार, ज्योति शर्मा, डॉ. कीर्ति, डॉ. जसलीन, नेहा, साक्षी ओझा और रिमी शेखावत उपस्थिति रही। आयोजक डॉ. मेघा शर्मा ने बताया कि, कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण एआईएसी सीज़न 2 कॉन्क्लेव के पोस्टर और 'एस्ट्रोलॉजिया मैगज़ीन - ई-मैगज़ीन' का अनावरण था।

### पेंशनर समाज की बैठक संपन्न



**जयपुर**। पेंशनर समाज, मालवीय नगर की आर.सी.कटारा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में पेंशनरों की विभिन्न समस्याओं के समाधान पर चर्चा की गई। बैठक में चेतन कुमार जैन ने जीवन प्रमाण पत्र समय पर दाखिल करने की जानकारी दी और उपस्थित पेंशनरों के मौक़े पर ही प्रमाण पत्र भरवाए। बैठक के दौरान सचिव प्रीतम दास अरोड़ा ने बताया अगली बैठक 8 नवम्बर को होगी जिसमें न्यूरोलॉजिस्ट चिकित्सक न्यूरो रोगों की जानकारी देंगे। उप सचिव बाबूलाल गुप्ता ने बताया कि बैठक में गत माह दिवंगत हुए पेंशनरों की श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम के तहत सीके बिड़ला हॉस्पिटल के हड्डी रोग और जोड प्रतिस्थापन विशेषज्ञ डॉ इक्षित अग्रवाल ने पेंशनरों को बताया हड्डियों का दर्द एक आम समस्या है। यह समस्या बुजुर्गों में ज्यादा देखने को मिलती है। समय पर इलाज कराकर रोग मुक्त हो सकते है। उन्होंने विभिन्न रोग सम्बन्धी समस्याओं के समाधान की जानकारी भी दी। हॉस्पिटल के आशीष शर्मा और आदित्य खंडेलवाल ने भी अपना आवश्यक सहयोग दिया।

### ई-रिक्शा चुराने वाले दो गिरफ्तार

**जयपुर**। जवाहर सर्किल थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए ई-रिक्शा चुराने वाले दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से चोरी के नलौ ई-रिक्शा सहित एक दुपहिया वाहन भी बरामद किया गया है। इसके अलावा वारदात में प्रयुक्त एक ऑटो भी बरामद किया है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर ( पूर्व ) संजीव नैन ने बताया कि जवाहर सर्किल थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए ई-रिक्शा चुराने वाले सुल्तान निवासी शास्त्री नगर जयपुर और सुरेंद्र मीणा निवासी बूंदी हाल झोटवाड़ा जयपुर को गिरफ्तार किया है । पुलिस ने दोनो ही आरोपियों के पास से चुराए गए नौ ई-रिक्शा,चोरी की बाइक सहित एक वारदात में प्रयुक्त ऑटो भी बरामद किया है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपित चोरी की बाईक से रैकी करते है और इसके बाद में टारगेट फिक्स होने पर वापस ऑटो लेकर आते है। टारगेट स्थान से ई रिक्शा चोरी कर ऑटो से बांधकर या चालू करके ई रिक्शा को चोरी करके ले जाते है। इसके चुराए गए ई- रिक्शाओं को एक सुनसान जगहों पर खडा करके उनकी बैटरी व अन्य पाट्र्स को निकाल लेते है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

# न्यूड वीडियो कॉल कर महिला ने बुजुर्ग को किया ब्लैकमेल

## आरोपी महिला ने 25 लाख रु. मांगे, बदनामी के डर से बुजुर्ग ने फंदे से लटककर आत्महत्या का प्रयास किया

**-कार्यालय संवाददाता-**

**जयपुर।** सदर थाना इलाके में न्यूड वीडियो कॉल कर ब्लैकमेलिंग करने का मामला सामने आया है। ब्लैकमेलिंग से परेशान बुजुर्ग व्यक्ति ने फंदा लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया। लेकिन उसके दोस्तों ने उसे बचा लिया और मामले की जानकारी परिजनों को दी। जिसके बाद परिजनों ने थाने पहुंच मामले की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने पीड़ित के बयानों के आधार पर महिला और उसके पति के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

■ **परिजनों ने आरोपी महिला और उसके पति के खिलाफ कराया मामला दर्ज**

जांच अधिकारी एसआई दिनेश कुमार ने बताया कि थाना इलाके में स्थित हसनपुरा निवासी 55 वर्षीय अधेड़ का आरोप है कि मध्यप्रदेश निवासी 25 वर्षीय युवती की मां उसकी परिचित है। आए दिन युवती उससे मोबाइल फोन पर अंकल -अंकल कहे कर बात करती थी। गत 3 सितम्बर को युवती की मां ने पीड़ित को कॉल कर बताया कि उसकी बेटी का पति आए दिन शराब पीकर उसके साथ मारपीट करता है। इसलिए वो बेटी को जयपुर भेज रहीं है और 6 हजार रुपए ऑन लाइन डालने की बात कहीं। पीड़ित ने युवती को 6 हजार रुपए ऑन लाइन डाल दिए। युवती ने 10 सितम्बर को पीड़ित को कॉल जयपुर आने की सूचना दी और 10 हजार रुपए देने के लिए कहा। दस हजार लेने के बाद युवती आए दिन पीड़ित के मोबाइल पर कॉल करने लग गई।

आरोप है कि 12 सितम्बर को महिला ने उसे वॉट्सऐप पर वीडियो कॉल किया । जिसमें वो न्यूड थी। महिला ने पीड़ित पर न्यूड होने का दबाव बनाया और नहीं होने पर बदनाम करने की धमकी दी। इसके बाद महिला ने ब्लैकमेल कर 50 हजार रुपए की डिमांड की। गत 26 सितम्बर को महिला के पति ने वॉट्सऐप कॉल कर पीड़ित को धमकाना शुरु कर दिया और 25 लाख रुपए की डिमांड करने लगा। जिसके बाद आरोपी ने 1 लाख रुपए कैश ले लिए। बाकी 24 लाख रुपए 10 दिन में देने का समय दिया। जिसके बाद पीड़ित ने 3 अक्टूबर को फंदा लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। परंतु उसी वक्त दोस्त मौके पर पहुंचे और उसे बचा लिया। मामले की जानकारी मिलने के बाद परिजनों ने पीड़ित की हिम्मत बढ़ाई और थाने पहुंच महिला और उसके पति के खिलाफ मामला दर्ज कराया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

## सफाई व्यवस्था सुदृढ़ करेगा हैरिटेज निगम

**जयपुर।** हैरिटेज निगम क्षेत्र में दीवाली को लेकर सड़क और सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए युद्ध स्तर पर तैयारियां शुरू हो गई है। निगम आयुक्त डॉ. निधि पटेल ने रविवार को सफाई व्यवस्था को लेकर परकोटे के बाजारों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने परकोटे क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों का अवलोकन भी किया।

निगम आयुक्त ने जौहरी बाजार, घी वालों का रास्ता, बापू बाजार, सांगानेरी गेट, बड़ी चौपड़, किशनपोल बाजार में सड़क पर किए जा रहे पेचवर्क कार्य को देखा, इस दौरान उन्होंने किशनपोल जोन के इंजीनियर विंग को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। बाजार में कुछ स्थानों पर ओपन कचरा डिपो को पूर्णत: खत्म करने के निर्देश भी दिए।

उन्होंने बताया कि शहर में दीवाली को लेकर बाजार सजाए जा रहे है। दूर देश से देशी विदेशी पर्यटक भी शहर का दीदार करने आ रहे है। ऐसे में हेरिटेज निगम की ओर से सभी तैयारियां समय पर कर ली जाएगी।लाइट व्यवस्था, सीवर, सड़क पेचवर्क और सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए जोन उपायुक्त को निर्देश दिए है कि वे मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक और स्वास्थ्य निरीक्षक को पाबंद करें और समयबद्ध कार्य पूरा करें।

# जमीन के पट्टे देने के बाद नहीं दिया कब्जा, विरोध पर जान से मारने की धमकी दी

**जयपुर।** भांकरोटा थाना पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर फर्म नारायण ग्रुप प्राइवेट लिमिटेड के ज्ञानचंद अग्रवाल के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

■ **कोर्ट के आदेश पर फर्म नारायण ग्रुप प्राइवेट लिमिटेड के ज्ञानचंद अग्रवाल के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज**

बताया जा रहा है की पूर्व में ज्ञानचंद अग्रवाल के खिलाफ हिस्ट्रीशीट खोली गई थी। ज्ञानचंद अग्रवाल ने पीड़ित को दो प्लाटों के पैसे लेने के बाद उस पर कब्जा नही दिया । पीड़ित का आरोप है कि उसने ज्ञानचंद अग्रवाल की फर्म नारायण ग्रुप प्राइवेट लिमिटेड से नारायण विहार में दो प्लाट लिए थे। जिसका पूरा भुगतान करने के कई साल बाद भी उसे प्लाटों पर कब्जा नहीं मिला। बार-बार प्लांटो पर कब्जा देने की बात को लेकर आरोपी ज्ञानचंद ने पीड़ित को जान से मरवा कर बाहर फेंकने की धमकी दी।

डीसीपी वेस्ट हनुमान प्रसाद मीणा ने बताया कि अंगीराज भवन, फैक्ट्री एरिया मोड, सेनापति हाउस झोटवाडा निवासी ओमप्रकाश शर्मा (82) का आरोप है कि उसने नारायण विहार,जयसिंहपुरा में ज्ञानचंद्र से 130 गज का प्लॉट खरीथा । इन प्लॉटों के पैसे पीड़ित ने महेंद्र अग्रवाल को दे दिए थे। जिसके बाद प्लाट के मूल दस्तावेज आवंटन पत्र, साइड प्लान पीड़ित को मिल गए। आरोपी उसके बाद से ही उसे कब्जा देने के नाम से टालता रहा। 30 मई 2025 को पीड़ित दोबारा जब प्लाट पर कब्जा दिलाने के लिए आरोपियों के पास पहुंचा। तो आरोपियों ने कब्जा देने से साफ इनकार कर दिया और कहा कि यह प्लाट उन्होंने राकेश राजोरिया को दे दिया है।

जिसके बाद ज्ञानचंद अग्रवाल ने पीड़ित को प्लॉट के बारे में चर्चा करने पर जान पर जान से मरवाने और बाहर फेंकने की धमकी दी।

# दीपावली पर रोशनी से जगमगाएंगे घर

## जयपुर डिस्कॉम ने 15 हजार 700 से अधिक घरेलू कनेक्शन जारी करने की तैयारी शुरू की

**जयपुर** । जयपुर डिस्कॉम ने घरेलू कनेक्शन चाहने वाले आवेदकों को दीपावली से पूर्व कनेक्शन जारी करने की विशेष तैयारी कर ली है। दीवाली से पूर्व निगम के सभी 18 सर्किलों में निगम स्तर लंबित सभी ऐसे 15 हजार 704 घरेलू कनेक्शन जारी किए जाएंगे, जिनमें डिमांड नोट जारी किए जा चुके हैं। इसके लिए सब डिविजन स्तर तक आवश्यक मैटेरियल उपलब्ध कराया जा चुका है। इन आवेदकों की दीवाली दीए के साथ-साथ बिजली से भी रोशन होगी।

डिस्कॉम प्रबंधन ने निगम के अधीक्षण अभियन्ताओं (ओ एण्ड एम) को निगम के स्तर पर लम्बित सभी सर्विस लाइन कनेक्शन शीघ्रता से जारी करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यालय से वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए अधीक्षण अभियन्ताओं को दीपावली तक कनेक्शन जारी करने के काम को सर्वोच्च प्राथमिकता देने तथा प्रतिदिन मॉनीटरिंग के लिए कहा गया है। उन्हें अपने क्षेत्राधिकार वाले सभी सहायक अभियंताओं को यह निर्देशित करने के लिए कहा गया है कि साइट वेरिफिकेशन तथा डिमाण्ड नोट जारी करने के काम में गति लाई जाए। जिन फीडर में स्मार्ट मीटर लगाने का काम प्रारम्भ हो गया है वहां नए कनेक्शन पर स्मार्ट मीटर ही लगाए जा रहे हैं। मैटेरियल विंग को भी निर्देश दिए गए हैं कि भण्डार में मीटर एवं केबल सहित सभी आवश्यक लाइन मैटेरियल की मांग के अनुरूप तत्काल उपलब्धता सुनिश्चित कराएं ताकि कनेक्शन चाहने वाले आवेदक दीपावली जगमग रोशनी के साथ मना सकें।

इस प्रकार निगम के सभी 18 सर्किलों में से अलवर में 2234, भरतपुर में 2120, दौसा में 548, जयपुर सिटी सर्किल नॉर्थ में 158, जयपुर जिला सर्किल नॉर्थ में 783, झालावाड़ में 408, कोटा में 354, सवाई माधोपुर में 475, धौलपुर में 1283, बारां में 571, बूंदी में 262, करौली में 898, टोंक में 734, जयपुर सिटी सर्किल साउथ में 44, जयपुर जिला सर्किल साउथ में 1645, भिवाड़ी में 1164, कोटपूतली में 985 तथा डीग सर्किल में 1083 कनेक्शन जारी किए जाएंगे।



**जयपुर के कांस्टीट्यूशनल क्लब में रविवार को प्रदेश का पहला जूनियर ''मॉडल यूनाइटेड नेशन'' ( एम.यू.एम. ) आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 7 से 10 वर्ष तक के बच्चों को अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों, कूटनीति व राजनीति के विषय में सिखाया गया और बहस करने के तरीके भी बताए गए। यह कार्यक्रम वर्णिका बिनानी अग्रवाल की ओर से आयोजित किया गया था, जिसमें यूनीसेफ राजस्थान में कार्यरत सामाजिक रूपरेखा विशेषज्ञ सक्फात हुसैन भी मौजूद थे।**

# नकली सरस और कृष्णा घी का भंडाफोड़




**जयपुर** । राज्य सरकार द्वारा संचालित ''शुद्ध आहार-मिलावट पर वार'' अभियान के अंतर्गत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर प्रथम डॉ. रवि शेखावत के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने ब्रह्मपुरी शंकर नगर एवं रामगढ़ मोड स्थित अग्रवाल एंड कंपनी के प्रतिष्ठानों पर दबिश देकर सरस एवं कृष्णा ब्रांड के लेबल लगे नकली घी को पकड़ा।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर प्रथम डॉ. रवि शेखावत ने बताया कि प्रारंभिक जांच में संदेह होने पर दोनों कंपनियों के प्रतिनिधियों से पुष्टि करवाई गई। जहां सरस घी के प्रतिनिधि गजेंद्र सिंह मौके पर पहुंचे और उत्पाद को नकली करार दिया। उन्होंने ब्रह्मपुरी थाना में एफआईआर के लिए लिखित आवेदन प्रस्तुत किया। सरस घी का नमूना एफएसएस एक्ट के तहत विधिवत रूप से लिया गया। कृष्णा घी के प्रतिनिधि कमल टांक ने व्हाट्सएप के माध्यम से उत्पाद के नकली होने की पुष्टि की। मौके से कृष्णा घी का भी नमूना लिया गया तथा ब्रांड की नकल को देखते हुए शेष स्टॉक को सीज कर दिया गया। इस कार्रवाई में विनोद कुमार शर्मा, नरेंद्र शर्मा, वीरेंद्र कुमार सिंह, पवन गुप्ता, विशाल मित्तल और नरेश कुमार चेजारा शामिल रहे। सभी सैंपल जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए हैं।

# *प्रेमजाल में फंसाकर युवती से दुष्कर्म, धर्म परिवर्तन भी कराया*

**जयपुर।** भट्टा बस्ती थाना इलाके मतें एक युवती को प्रेम जाल में फंसा कर खाली कागजों पर हस्ताक्षर करवा कर धर्म परिवर्तन करने व दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता के बयानों के आधार पर मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरु कर दी है।

थानाधिकारी दीपक त्यागी ने बताया कि थाना इलाके में रहने वाली युवती का आरोप है कि वो प्राइवेट जॉब करती है। ऑफिस के ही सहकर्मी ने उसे प्रेम जाल में फंसा और शादी करने का झांसा दिया। इसी दौरान आरोपी ने धर्म परिवर्तन के कागजात दिखाकर उसे पर हस्ताक्षर करवा लिए और शादी का झांसा देकर उसके साथ अलग-अलग जगहों पर ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म करता रहा। पीड़िता ने आरोपी पर शादी का दबाव बनाया तो जाति का वास्ता देकर आरोपी ने शादी करने से इनकार कर दिया। खुद के साथ हुई धोखाधड़ी का एहसास होने पर पीड़िता ने आरोपी युवक के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया। पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरु कर दी है।




## Sharpen Your Mind

National Train Your Brain Day, observed on October 13, celebrates the importance of mental fitness and cognitive growth. The day encourages individuals to engage in activities that challenge and stimulate the brain, from puzzles and reading to learning new skills or practicing mindfulness. By dedicating time to mental exercises, people can enhance memory, focus, creativity, and problem-solving abilities. Educational institutions, wellness organizations, and online platforms often promote brain-training exercises and resources to inspire lifelong learning. Observing this day reminds us that just as physical exercise strengthens the body, consistent mental workouts keep the mind sharp and resilient.

राष्ट्रदूत
MONDAY
13 October 2025
A-B

#INGENIOUS

# On Stilts

## The Tribe that walks on Stilts every day





In the floodplains of southern Bangladesh and parts of coastal India, there exists a little-known community whose lives are defined by an unusual skill, walking on stilts. For this tribe, stilts are not a novelty or a circus act, but an everyday necessity born out of the environment they inhabit. Surrounded by rivers, marshes, and mangroves, their villages remain partially submerged for much of the year. Instead of resisting the water, they adapted to it in a remarkable way: by learning to walk above it.

The stilts are simple yet ingenious. Each pole is cut to a height of five to seven feet, with a small wooden step fixed halfway up. The tribespeople fasten the stilts to their legs using ropes of coir or jute and learn to balance with surprising grace. From a young age, children are taught how to climb onto the bamboo poles and take their first cautious steps. By the time they are ten years old, they can walk, run, and even dance on stilts with ease.

The skill is deeply tied to daily survival. During monsoon season, when paddy fields and homes are flooded, stilts allow them to travel from one hut to another, carry food supplies, or fish in deeper waters. Men often wade into rivers on stilts, casting nets without sinking into the mud below. Women use them to collect firewood, fetch water, or tend to floating gardens. In many cases, even routine social visits or trips to the market are made atop bamboo legs.

Beyond practicality, stilt walking has evolved into a cultural symbol. Festivals and harvest celebrations feature colourful stilt dances, where performers dressed in bright fabrics leap and twirl in unison. The rhythmic tapping of bamboo on wooden platforms becomes a form of music in itself. Elders of the tribe often tell children stories of their ancestors who first learned to 'walk above the floods,' framing stilt walking as both heritage and identity.

Anthropologists who have studied the community describe this adaptation as a fascinating example of human resilience. In regions where climate change has made floods more frequent and unpredictable, such traditional skills reflect how indigenous knowledge often precedes modern engineering solutions. While some younger members of the tribe now work in nearby towns and rely less on stilts, many families continue to uphold the practice, teaching it with pride to the next generation.

Modernization has inevitably reached their villages. Improved drainage systems and elevated roads have reduced waterlogging in certain areas. Yet, the tribe views its stilt walking tradition not merely as a response to necessity but as a cultural inheritance worth preserving. For them, the stilts symbolize harmony with nature, a way of living that accepts the dominance of water rather than fighting against it.


In a rapidly changing world, the tribe that walks on stilts every day offers a striking lesson: adaptability is as much about culture as it is about survival. Their bamboo legs may rise above the floods, but their roots remain firmly planted in tradition.





# Butterflies Have Serious Competition From Moths

The garden tiger moth (Arctia caja) prefers colder climates, and can be found in the upper latitudes across North America, Europe, and Asia. Its zebralike wing pattern wards off predators, and for good reason, the fluids in its body are toxic to other animals. It also generates a clicking sound that's been proven to disrupt bats' echolocation abilities, which serves as another escape tactic.




#GARDENIA

● Jaymi Heimbuch

There are some 160,000 unique moth species, and many have colorful characteristics that rival those of their close relative, the butterfly.

Moths range from small, camouflaged species to large specimens bigger than a human hand, with eye-popping displays to ward off predators. While beauty is subjective, we think many moths are just as beautiful, if not more so, than butterflies. Just have a look, and see, what do you think?

Here are 20 of the prettiest moths from around the world.

### Why Moths Matter

Moths are the unsung heroes of pollination. We hope that the more we learn about them, the more motivated we'll all be to protect these beauties and their habitats. With a wingspan of nearly 8 inches, the comet moth (Argema mittrei) is one of the largest moths in the world. It's a member of the giant silk moths, a family of moths that produce silk while in caterpillar form to construct their cocoons. It has a thick, hairy body, feathery antennae, and distinctive eyespots to disarm predators. Also known as the Madagascan moon moth, it's only found in Madagascar. Due to habitat loss, it's now endangered, though it is still bred in captivity.

The lime hawk-moth (Mimas tiliae) is a medium-sized species with a wingspan of about 3 inches. It's found throughout Europe, Asia, and North Africa. It has a band of green markings across its wings, which helps it hide in its woodland habitat. Males of the species are usually smaller than the females but have more colorful markings.

The twin-spotted sphinx moth (Smerinthus jamaicensis) is, in most regards, a dull-looking species, with one notable exception: while its body and forewings are brown, it has red hindwings with prominent blue and black eyespots. It can be found across North America, with a range that stretches from Florida to the Yukon. In its larval stage, it feeds primarily on fruit trees like crab apples and cherries.

The oleander hawk-moth (Daphnis nerii) is a large example of a hawk-moth, with a wingspan of 3 inches. It's best known for its flying ability, and when it hovers over flowers to feed on nectar, it's easily mistaken for a hummingbird. Also known as the army green moth, it has a complex camouflage pattern that ranges from green to white to purple. It's found in Asia, Africa, and the Hawaiian Islands, where it was introduced to pollinate some endangered flowers.

The Io moth (Automeris io) is a colorful species that can be found across much of Canada and the United States. It has large, dramatic eyespots with white speckles that almost appear to reflect light. While the males are primarily yellow, female moths have red forewings and smaller antennae. In its caterpillar form, it is bright green and covered with venomous spines that release toxins when touched.

The garden tiger moth (Arctia caja) prefers colder climates, and can be found in the upper latitudes across North America, Europe, and Asia. Its zebralike wing pattern wards off predators, and for good reason, the fluids in its body are toxic to other animals. It also generates a clicking sound that's been proven to disrupt bats' echolocation abilities, which serves as another escape tactic.

The galium sphinx moth (Hyles gallii) is another impressive flier, with strong, striped wings that can span over 3 inches. Its range includes the Northern United States and Canada, and it can even survive as far north as the Arctic Circle. It's named after the Galium family of plants, which it feeds on as a caterpillar. Sphinx moths, also known as hawk-moths, are unusually active during the daytime, when they feed on the nectar of flowers.

The rosy maple moth (Dryocampa rubicunda) is one of the smallest of the great silk moths, a family of moths with more than 2,300 member species. It's distinguished by its bright coloration, with a stout yellow body, pink legs, and pink- and yellow-striped wings. And obviously, the rosy maple moth gets bonus points for that face! This fuzzy creature feeds on maple leaves in its caterpillar form. In fact, large groups of caterpillars can easily render a tree bare, though this does not harm the host tree. Like other great silk moths, it only survives from a few days up to two weeks as an adult and lacks the mouth parts necessary to eat.

The false tiger moth (Dysphania militaris) is one of the moth species most commonly mistaken for a butterfly, perhaps due to its bright coloration, which is reminiscent of some swallowtail butterflies. Despite its bright colors, it shares the characteristics that separate moths from butterflies, including feathery antennae, a thicker abdomen, and larger scales on its wings. It is found in Southeast Asia, and has a wingspan of about 3.5 inches.

The cecropia moth (Hyalophora cecropia) is North America's largest moth, with a wingspan that can reach 7 inches. Like other giant silk moths, it can't eat and survives as an adult moth for only two weeks. The population is susceptible to pest issues. A parasitoid called the tachinid fly was introduced to combat exotic gypsy moths, but has been so effective that it is affecting native moth populations as well.

Like the comet moth, the Madagascan sunset moth (Chrysiridia rhipheus) is a colorful specimen that is endemic to Madagascar. It is not, however as large as the comet moth, with a wingspan of only 3 inches. Its hindwings sport a multitude of hues as well as several distinctive tails. Collectors are so enamored by its beautiful appearance that it is now bred in captivity for the international butterfly trade.

The giant leopard moth (Hypercompe scribonia) is found across North and Central America, from southern Canada to Panama. It has a distinctive color pattern, with white wings with black spots, some of which are solid and others ringed. When its wings are spread, its colorful abdomen, with shiny blue and orange spots, becomes visible. It's generally hard to spot, thanks to its nocturnal nature.

Rothschildia aurota is another giant silk moth species, and one of the largest to be found in South America, with a wingspan of 6-7 inches. It is one of many similar species on the continent, which might explain the lack of a common name. Thanks to its wingspan and coloration, it's also a popular species with hobbyist breeders and is known for being easy to raise in captivity.

The emperor moth (Saturnia pavonia) is a large, brown species found across Europe. It's the only member of the Saturniidae family, which includes most of the largest, most beautiful moths, that lives in the British Isles. Its mostly brown appearance is set off by a black and orange eyespot on each of its four wings. Males will fly during the day and are much more active than females, which prefer to lie low in the vegetation during daylight hours.

The white-lined sphinx moth (Hyles lineata) is another hawk-moth known for its flying prowess reminiscent of hummingbirds. Its most striking feature is the white lines referenced in its name, which cover both its wings and abdomen. It's found across most of North and Central America, where it feeds on a wide variety of plants and flowers. In its caterpillar form, it's known to gather in large groups that can defoliate trees and shrubs.

The luna moth (Actias luna) is one of the largest moth species found in North America. While it's not endangered, it can be hard to spot in the wild, due to its weeklong lifespan. It's distinguished by its white body and large, pale green wings with long tails. As a caterpillar, the luna moth is one of several species that will deter predators by producing a clicking sound and regurgitating a foul liquid.

A female Hercules moth (Coscinocera hercules) earned the distinction as the world's largest moth, with the largest recorded wing surface area of any insect and a wingspan of 11 inches. It's native to northern Australia and New Guinea. These giant specimens haven't evolved by accident. Studies show that large wings with long tails can help moths escape from bats by drawing attention away from more vital body parts and disrupting sonar.

The coffee clearwing (Cephonodes hylas), also known as the coffee bee hawk-moth or pellucid hawk-moth, is widely found across Africa, the Middle East, Asia, and Australia. It's unique for its transparent, black-lined wings, and its multicolored body, which ranges from yellow to brown to green. As a caterpillar, it feeds on gardenia and coffee plants and features a horn on its rear end, a common characteristic of hawk-moth larvae.

The elephant hawk-moth (Deilephila elpenor) is distributed across Europe and Asia, but is most commonly found in the United Kingdom. Unlike most pollinating moths, which feed during the day, it remains nocturnal and has developed excellent night vision. It can even detect a flower's color with only moonlight as a guide. It has evolved to have eyespots in both its caterpillar and adult forms. As a caterpillar, it will strike a defensive pose, widening its body and emphasizing the spots to deter predators.


The Japanese silk moth (Antheraea yamamai) is known for producing rare and expensive tussar silk, but it's an arresting species due to its appearance as well. It has large, fernlike antennae and tan-colored wings that can grow up to 6 inches wide. It's native to Japan, but after more than 1,000 years of cultivation for its silk, it has been imported across Asia and Europe, where the species escaped containment and now also lives in the wild.

rajeshsharma1049@gmail.com

#AROUND TOWN

# Art You Must See

Marking the 17th anniversary of ICA Gallery, the exhibition provided a breathtaking journey through the evolution, diversity, and brilliance of modern Indian artistry












In an unprecedented celebration of Indian modern art, the exhibition 'Virtuosity' brought together, for the first time in Rajasthan, over 65 of the nation's most celebrated artists under a single roof. Held as part of the annual celebration marking the 17th anniversary of ICA Gallery, the exhibition provided a breathtaking journey through the evolution, diversity, and brilliance of modern Indian artistry. The preview event on Saturday was hosted exclusively for the esteemed guests of the city, offering collectors, connoisseurs, and art enthusiasts a privileged glimpse of this monumental showcase.

The exhibition featured an extraordinary gathering of India's most iconic modern artists, spanning generations of creative brilliance. Legendary masters including M.F. Husain, Jamini Roy, Ramkinkar Baij, Ram Gopal Vijayvargiya, Bhupen Khakhar, Jogen Chowdhury, K. Laxma Goud, Krishen Khanna, Jangarh Singh Shyam, Jodhaya Baai Baiga, Zarina Hashmi, T. Vaikuntam, Himmat Shah, and Jehangir Sabavala shared the stage with contemporary visionaries such as Paresh Maity, Arpana Caur, Madhvi Parekh, Manu Parekh, and Vivan Sundaram. From monumental abstractions to delicate experimental forms, and from classical modernist canvases to bold contemporary statements, the exhibition spanned nearly a century of artistic brilliance, featuring paintings as old as 1930, meticulously restored or collected over decades. Each artwork reflected mastery, vision, and spirit, making 'Virtuosity' a once-in-a-lifetime royal celebration of modern Indian art, unparalleled in Rajasthan's cultural history.


'Virtuosity' was not merely a display of artworks; it stood as a grand tribute to 17 years of ICA Gallery's journey in championing Indian modern art, offering a rare opportunity to witness the depth and breadth of India's artistic heritage in a single space. The exhibition celebrated the dialogue between generations of artists and audiences, honoring the enduring brilliance of Indian modernism and creating a historic landmark in the country's cultural landscape.







## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



## संक्षिप्त

### कार्यकारिणी को शपथ दिलाई

**अलवर।** श्री सार्वजनिक गौशाला स्टेशन रोड अलवर के हुए चुनाव में नई कार्यकारणी को गौशाला भवन में चुनाव अधिकारी गजानंद गुप्ता ने सबसे पहले निर्विरोध निर्वाचित अध्यक्ष अजय अग्रवाल और कार्यकारी सचिव राकेश शर्मा को शपथ दिलाई गई। उसके बाद अध्यक्ष अजय अग्रवाल ने अपनी नई कार्यकारणी का गठन करते हुए वरिष्ठ उपाध्यक्ष ओमप्रकाश गोयल,कनिष्ठ उपाध्यक्ष अश्वनी अग्रवाल, कनिष्ठ सचिव अजय आनंद, दीपू गुप्ता, ओर कैशियर मनोज गर्ग को चुना गया। कार्यकारणी सदस्य के रूप में सुरेश जलालपुरिया, सत्यकिसय गुप्ता, कैलाश अग्रवाल, संदीप चौधरी, रवि गर्ग, जितेंद्र, गजानंद गुप्ता, अशोक अरोड़ा, ब्रजमोहन, वीरेंद्र अग्रवाल, राधेलाल, महेश अग्रवाल, विजय अग्रवाल ओर सुधीर कुमार गुप्ता को शामिल किया गया है।

### आर्यन चौधरी ने राज्य स्तर पर जीता मेडल

**मनोहरपुर।** श्री कृष्ण विद्या मंदिर सीनियर सैकंडरी स्कूल, मनोहरपुर के होनहार छात्र आर्यन चौधरी पुत्र श्री राजेश कुमार ने अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा और निरंतर मेहनत के बल पर 69वीं राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए क्रिकेट खेल में राज्य स्तर पर मेडल जीतकर मनोहरपुर का नाम पूरे प्रदेश में रोशन किया है। आर्यन ने इससे पूर्व जिला स्तर की प्रतियोगिता में विजेता बनकर राज्य स्तर के लिए चयन प्राप्त किया था।

### ढाई घंटे बिजली बंद रहेगी

**निवाई।** विद्युत विभाग के तत्वावधान में विद्युत लाइनों के रख रखाव कार्य को लेकर सोमवार को ढाई घंटे बिजली बंद रहेगी। विभाग के कनिष्ठ अभियंता लकी गोठवाल ने बताया कि सोमवार को मायला बाग एवं निवाई सिटी फीडर पर विद्युत लाइन रख रखाव कार्य के चलते शहर में गणगौरी बाजार, चोहटी बाजार, बड़ा बाजार, मायला बाग, शिवाजी कॉलोनी की गली नंबर 1 से 16 तक, देशराज आईटीआई के आस पास, एसबीआई बैंक के आस पास, इंदिरा कॉलोनी, दीनदयाल कॉलोनी, सुभाष कॉलोनी एवं कृषि उपज मंडी के आस पास के क्षेत्र में सुबह 7:30 से 10 बजे तक बिजली बंद रहेगी।

### ऋण वितरण समारोह कल

**निवाई।** ग्राम पंचायत बिडोली की ग्राम सेवा सहकारी समिति में मंगलवार को सहकारी समिति का सदस्यता अभियान व ऋण वितरण समारोह का आयोजन होगा। समिति के व्यवस्थापक राजेंद्रप्रसाद शर्मा ने बताया कि मंगलवार को सुबह 10 बजे बिडोली सहकारी समिति के नवनियुक्त सदस्यों का ऋण वितरण समारोह का आयोजन होगा। जिसमें मुख्य अतिथि विधायक रामसहाय वर्मा होंगे एवं समिति के प्रबंध निदेशक सीएल बुनकर व कॉपरेटिव समिति के उप रजिस्ट्रार रविंद्र यादव सहित कई अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि भाग लेंगे।

### व्यावसायिक शिक्षा के दल को करवाया भ्रमण

**निवाई।** पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय निवाई में व्यवसायिक शिक्षा के अंतर्गत संचालित इलेक्ट्रॉनिक एंड हार्डवेयर तथा आईटी एंड आईटी इज ट्रेड के विद्यार्थियों को औद्योगिक भ्रमण करवाया। व्यावसायिक शिक्षा के दल को प्रधानाचार्य गिरिराजप्रसाद गुर्जर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कौशल मित्र रघुनंदन गौतम व वरिष्ठ अध्यापक हेमराज चौधरी ने दल का निवाई स्थित शांतिवन में औद्योगिक भ्रमण कराया।

### 'दीपावली का त्योहार 20 को'

**देवली।** इस वर्ष दीपावली त्योहार को लेकर संशय बना हुआ है। इसको लेकर यहां चर्चाएं बनी हुई कि दीपावली का त्योहार 21 अक्टूबर को मनाया जाएगा या 20 अक्टूबर को दीपावली मनाई जाएगी। इस पर भगवान गुरु कृपा संस्थान के पंडित मुकेश गौतम ने दीपावली त्योहार मनाए जाने को लेकर लोगों में बनी भ्रांतियां को दूर करते हुए लोगों को जानकारी देने के लिए स्पष्ट किया है कि। पंडित मुकेश गौतम ने यह भी कहा कि दीपावली का पर्व 20 अक्टूबर को ही मनाये। इसलिए की राजधानी जयपुर में भी 20 अक्टूबर को ही दीपावली मनाई जायेगी।

# 'समाज के बौद्धिक व सांस्कृतिक उत्थान में आयोजनों की महत्वपूर्ण भूमिका'

- राज्यमंत्री संजय शर्मा ने भामाशाह एवं विप्र गौरव सम्मान समारोह 2025 में शिरकत कर भामाशाह एवं समाज के उत्थान के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाले करीब 101 लोगों को सम्मानित किया
- छात्रावास में कमरे के निर्माण कार्य की नींव रखी

**अलवर।** वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री संजय शर्मा ने रविवार को अलवर जिला ब्राह्मण महासभा द्वारा ब्राह्मण छात्रावास में आयोजित भामाशाह एवं विप्र गौरव सम्मान समारोह 2025 में शिरकत कर भामाशाह एवं समाज के उत्थान के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाले करीब 101 लोगों को सम्मानित किया व छात्रावास में कमरे के निर्माण कार्य की नींव रखी तथा समाज के उत्थान के लिए भामाशाहों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए भामाशाहों को शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर वन राज्यमंत्री संजय शर्मा ने समाज सेवा, शिक्षा एवं संस्कृति के क्षेत्र में समाज की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि समाज के बौद्धिक और सांस्कृतिक उत्थान में ऐसे आयोजनों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने समाज के उत्थान के लिए भामाशाहों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए शिक्षा पर बल देते हुए कहा कि बालकों की शिक्षा के साथ ही बालिकाओं की शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि युवाओं को ऐसे आयोजनों से प्रेरणा लेकर सामाजिक उत्तरदायित्व में अपनी भूमिका निभानी चाहिए।

मंत्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान से प्रेरणा लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अगुवाई में प्रदेश में प्रारम्भ किए गए हरियालो राजस्थान अभियान के तहत विगत वर्ष साढ़े सात करोड़ पौधे लगाकर माई भारत पोर्टल पर मय फोटो अपलोड किए गए तथा इस वर्ष 10 करोड़ पौधे लगाने के लक्ष्य को अर्जित करते हुए प्रदेश में करीब साढ़े ग्यारह करोड़ पौधे लगाकर हरियालो राजस्थान ऐप पर मय फोटो अपलोड किए गए है।

पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिकाधिक पौधारोपण कर उनका संरक्षण भी करें। समारोह में भाजपा के वरिष्ठ नेता पं. धर्मवीर शर्मा, ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष विशंभर दयाल वशिष्ठ, झम्मनलाल शर्मा, पं. जले सिंह, एडीपीएस मनोज शर्मा, रजनीश जैमन, पूरणमल व्यास, कैलाश भगवती, गोपी शर्मा सहित प्रबुद्ध नागरिक एवं बड़ी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

# 1.39 करोड़ से निर्मित हेरिटेज डेकोरेटिव लाइट का लोकार्पण

- जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने माला व साफा पहनाकर भव्य स्वागत करते हुए विधायक धनकड का आभार व्यक्त किया

**पावटा।** विराटनगर विधानसभा क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनकड प्रतिनिधि उनके पुत्र आशीष धनकड ने शनिवार को जैसे ही पावटा कस्बे के घंटाघर चौक से 1.39 करोड़ की लागत से निर्मित हेरिटेज डेकोरेटिव का बटन दबाकर लोकार्पण किया वैसे ही पूरी सड़क रौशनी से जगमगा उठी। इस अवसर पर आशीष धनकड़ ने कहा कि शहरवासियों को आधुनिक व सुरक्षित क्षेत्र में इन स्ट्रीट लाइटों को लगाने का उद्देश्य न केवल शहरों को रोशन करना है, बल्कि नागरिकों की सुरक्षा, ऊर्जा की बचत और यातायात व्यवस्था को भी बेहतर बनाना है। अच्छी स्ट्रीट लाइटिंग रात के समय होने वाली दुर्घटनाओं को कम करने में भी मदद करती है।वही विधायक प्रतिनिधि का जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने माला व साफा पहनाकर भव्य स्वागत करते हुए विधायक धनकड का आभार व्यक्त किया।

इस मौके पर भाजपा जिला प्रवक्ता राजेश शर्मा, जिला कोषाध्यक्ष विमल गर्ग, पावटा मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र राठी, प्रागपुरा मंडल अध्यक्ष विकास सिंह पूर्व मंडल अध्यक्ष जयराम सिंह, वैद्य बनवारी लाल निरंकारी, सुरेश शर्मा, मुकेश गोयल, गिरिराज ओला, किशनलाल गुरुजी, केशव गर्ग, कृष्ण कुमार ओला, रामसिंह सहित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### सहकार सदस्यता अभियान का आज होगा आयोजन

**पावटा।** सहकारिता हमारी सामाजिक एवं आर्थिक व्यवस्था का अभिन्न अंग है। राज्य में सहकारी क्षेत्र को सशक्त बनाने की दिशा में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा कई महत्वपूर्ण कदम उठाये जा रहे हैं। 2 से 15 अक्टूबर तक प्रदेश भर में 'सहकार सदस्यता अभियान' का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज पंचायत समिति पावटा की ग्राम सेवा सहकारी समिति में सहकार सदस्यता अभियान का आयोजन विधायक प्रतिनिधि आशीष धनकड, सहकार सदस्यता अभियान पर्यवेक्षक जिला कोटपुतली बहरोड़ प्रकाश जीजवाडिया, सहा. रजिस्ट्रार जिला कोटपुतली बहरोड़ अशोक दीप पिंगोलिया, ऋण पर्यवेक्षक जेसीसीबी शाखा पावटा राजेश कुमार यादव व अजय कुमार यादव, पावटा जीएसएस अध्यक्ष पुष्पा देवी मीणा, समाज सेवी पावटा कन्हैयालाल मीणा के विशिष्ट आतिथ्य में किया जायेगा।

# भगवान राम लक्ष्मण के वियोग में दशरथ मरण भरत मिलाप राम लीला का मंचन

- वृंदावन से आए कलाकारों का जीवंत अभिनय देखकर दर्शक हुए भाव विभोर

**डीग।** डीग शहर के ऐतिहासिक लक्ष्मण मंदिर के सामने आयोजित श्रीरामलीलामहोत्सव में रविवार को केवट लीला,सुमंत विलाप , दशरथ मरण एवं भरत मिलाप की लीला का वृन्दावन के कलाकारों द्वारा मंचन किया गया,जिनकी जीवंत प्रस्तुति को देख कर दर्शक भाव विभोर हो गए।

श्री रामलीला महोत्सव समिति के मुख्य संरक्षक लक्ष्मण मंदिर के महंत पंडित मुरारीलाल पाराशर ने बताया कि मंत्री सुमंत प्रभु श्रीराम, लक्ष्मण व माता सीता को जंगल के समीप छोड़कर जब लौटते है रास्ते में विलाप करते है कि विधाता ने मुझको कितना भारी दुख दिया है। अब मैं अयोध्या में जाकर महाराजा दशरथ से क्या कहूँगा। मंत्री सुमंत रोते हुए अयोध्या पहुंच कर महाराजा दशरथ को सारा हाल सुनाते है। श्रीराम की वियोग में महाराजा दशरथ अपने प्राण त्याग देते है। इस पर गुरु वशिष्ठ भरत जी अपने ननिहाल से अयोध्या वापिस बुलाते है। अयोध्या में राम, लक्ष्मण को नहीं देखकर भरत उनके बारे में पूछते हैं। घटनाक्रम की पूरी जानकारी होने पर वह अपनी मां कैकई को नाना प्रकार के वचन सुनाते हैं और पिता दशरथ का अंतिम संस्कार करते है। संस्कार के पश्चात वह श्रीराम को मनाने के लिए चित्रकूट प्रभु श्रीराम के पास पहुंचते है और उनसे वापिस अयोध्या को चलने की प्रार्थना करते हैं। भगवान राम भरत जी को समझा कर अपनी चरण पादुका देकर भरत से अयोध्या का राज्य चलाने के लिए कहते है। भरत जी भगवान की आज्ञा को मान करके भगवान राम की चरण पादुकाओं को अपने सिर पर रखकर अयोध्या में आते हैं और उन्हें राजगद्दी पर रखकर अयोध्या का राज्य करते है। लीला में भगवान श्रीराम एवं भरत जी का सुंदर मिलन को देख दर्शक भावविभोर हो गये।

इस अवसर पर नगर परिषद उपसभापति मनोहर लाल शर्मा, समाजसेवी सुनील दत्त शर्मा लाला पंडित,राजू प्रधान, अनिल कुमार गुप्ता एडवोकेट, मुकेश भारद्वाज,आचार्य गणेश दत्त पाराशर, रामलीला समिति अध्यक्ष पंकज सौखिया, अक्षत सौखिया,मनोज खंडेलवाल, मीरा गोयल, पार्षद धीरज फौजदार , अधिवक्ता पंकज भूषण गोयल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

### शिविर आयोजित

**शाहपुरा।** तालुका विधिक सेवा समिति शाहपुरा अध्यक्ष ललिता शर्मा अपर जिला एवं सत्र सैशन न्यायाधीश प्रथम के निर्देशानुसार पैरा लीगल वॉलिन्टियर दिनेश कुमार यादव ने "अंतराष्ट्रीय बालिका दिवस "के अवसर पर श्री कल्याण सिंह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय शाहपुरा में शिविर आयोजित कर विद्यार्थियों को बालिकाओं के अधिकारों की जानकारी दी गई। इस शिविर की अध्यक्षता प्रभारी प्रधानाचार्य ऋचा शर्मा द्वारा की गई।

इस अवसर पर व्याख्याता रोहिताश यादव ने "भारतीय मानक ब्यूरो "द्वारा उच्चस्तरीय गुणवत्ता की खाद्य-सामग्री खरीदने का आव्हान किया। उत्पादित सामग्रियों की गुणवत्ता की टेस्टिंग के बाद पब्लिक को बिक्री के लिए मार्केटिंग की इजाजत दी जाती है। उपस्थित विद्यार्थियों को शपथग्रहण करवाई कि आपको आईएसआई मार्क की वस्तुओं के इस्तेमाल से 100 शुद्धता की गारंटी एवं किसी भी केमिकल्स की मिलावटखोरी से सुरक्षित, कम वजन पर अंकुश लगेगा।

# शुद्ध आहार मिलावट पर चिकित्सा विभाग की कार्यवाही

- मिल्क केक व मावा प्रथम दृष्टया मिलावटी दिखाई देने पर नष्ट करवाया, प्रतिष्ठान मालिकों को एफएसए एक्ट के अंतर्गत इंप्रूवमेंट नोटिस जारी किया

**टोंक।** आमजन को शुद्ध खाद्य सामग्री मिले इसके प्रदेश भर में लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग सतर्क है। मिलावट खोरो के खिलाफ शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा त्योहारी सीजन में खाद्य पदार्थों के लगातार नमूने भी लिए जा रहे हैं। खाद्य सुरक्षा आयुक्त टी शुभमंगला और जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शैलेन्द्र सिंह चौधरी द्वारा गठित टीम ने अंकित ट्रेडर्स टोडारायसिंह से घी हरियाणा सुप्रीम ब्रांड, वनस्पति केदावत का नमूना, न्यू बालाजी दूध डेयरी से घी का नमूना लिया, महेश कुमार यतीश कुमार से अजवायन का नमूना, मनोज कुमार एंड कम्पनी से घी कृष्णा का नमूना लेकर जांच हेतु प्रयोगशाला में भिजवाया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी मदन लाल गुजर ने बताया की जांच रिपोर्ट में मिलावट पाएं जाने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 को तहत कठोर कार्यवाही की जायेगी।

इसी प्रकार मुखबिर से मिली सूचना के बाद चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के खाद्य सुरक्षा अधिकारी की टीम ने अजमेर से उनियारा जा रही बस का टोंक से पीछा करते हुए उनियारा बस स्टैंड पर व्यापारी द्वारा माल उतारने पर व्यापारी से पूछताछ करने पर बस स्टैंड के पास में स्थित साहू टी स्टॉल एंड स्वीट का मिल्क केक लगभग 84 किलो तथा सुशील नमकीन भंडार का लगभग 60 किलो मावा होना बताया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी सत्यनारायण गुर्जर द्वारा उक्त माल को अपने जाब्ते में लेकर दोनों प्रतिष्ठानों का सघन निरीक्षण किया गया साथ ही मिल्क केक व मावा का नमूना लेकर जांच हेतु प्रयोगशाला भिजवाया गया। उक्त मिल्क केक व मावा प्रथम दृष्टया मिलावटी दिखाई देने पर नष्ट करवाया गया, साथ ही दोनों प्रतिष्ठान मालिकों को एफएसए एक्ट के अंतर्गत इंप्रूवमेंट नोटिस जारी किया। इसी के साथ टीम ने पारसिया ग्राम में स्थित लक्ष्मण मावा पनीर उद्योग से मावा व मिक्स मिल्क का नमूना लेकर जांच हेतु प्रयोगशाला भिजवाया।

### जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**निवाई।** अंतराष्ट्रीय बालिका दिवस पर सीकोईडिकोन संस्था व जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन अलायंस के सहयोग से ग्राम पंचायत डांगरथल के महात्मा गांधी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में बालिकाओं के अधिकार व सशक्तिकरण पर केंद्रित एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं में आत्मविश्वास बढ़ाना, शिक्षा के प्रति जागरूकता लाना व बाल विवाह जैसी कुप्रथाओं के खिलाफ समाज में सकारात्मक संदेश देना है। विद्यालय के प्रधानाचार्य बालकिशन यादव व शिक्षक लालाराम ने छात्राओं को शिक्षा के महत्व व उनके अधिकारों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि शिक्षित बालिकाएँ न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे समाज और देश के विकास की नींव रखती हैं। सीकोईडिकोन के परियोजना समन्वयक देवेंद्रकुमार ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि बालिकाएँ समाज की शक्ति है। उन्हें सुरक्षित वातावरण, समान अवसर और शिक्षा के माध्यम से सशक्त बनाना हमारा दायित्व है। संस्था न्याय तक पहुँच परियोजना के तहत बाल विवाह रोकथाम, बालश्रम उन्मूलन व बाल संरक्षण के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रही है।

# आपराधिक गतिविधियों में 05 जनों को शांतिभंग में किया गिरफ्तार

- लोकल एवं स्पेशल एक्ट के तहत कार्यवाही करने हेतु थाना स्तर पर एरिया डोमिनेशन अभियान चलाया
- अवैध शराब की बिक्री करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुये आबकारी अधिनियम के तहत 02 प्रकरण किये पंजीबद्ध

**कोटपूतली।** जयपुर रेंज आईजी राहुल प्रकाश द्वारा 11 व 12 अक्टुबर को असामाजिक तत्वों की धरपकड़ एवं उनकी गिरफ्तारी तथा लोकल एवं स्पेशल एक्ट के तहत कार्यवाही करने हेतु थाना स्तर पर एरिया डोमिनेशन अभियान चलाया गया। जिसके तहत जिला पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र कुमार बिश्नोई ने अधिक से अधिक एवं प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिये। जिस पर एएसपी वैभव शर्मा, डीएसपी राजेन्द्र कुमार बुरडक के सुपरविजन में कोटपूतली एसएचओ राजेश कुमार शर्मा के नेतृत्व में विशेष टीमों का गठन किया गया।

टीमों ने आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुये चैकिंग के दौरान अभियुक्त कृष्ण कुमार (50) पुत्र शेरसिंह कंजर निवासी कुजोता थाना सरुण्ड हाल महाकाली हाउस सब्जी मण्डी के पास मौ. बाछडी कोटपूतली के कब्जे से अवैध देशी शराब जप्त की। इसी प्रकार अभियुक्त विक्रम (40) पुत्र साधुराम कंजर निवासी बखराना थाना पनियाला हाल कंजर बस्ती गोपालपुरा के कब्जे से अवैध देशी शराब जप्त की। दोनों अभियुक्त के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत अभियोग पंजीबद्ध किया गया। वहीं आपराधिक गतिविधियों में सक्रिय पवन कुमार (21) पुत्र धुणाराम कंजर निवासी गोपालपुरा, हरिसिंह (23) पुत्र भगवान सहाय गुर्जर निवासी रामसिंहपुरा, अमित (24) पुत्र महावीर सैनी निवासी नरबदा की ढाणी नागाजी की गौर मौहल्ला बुचाहेडा, कप्तान सिंह (20) पुत्र मुकेश गुर्जर निवासी सुन्दरपुरा, अशोक (21) पुत्र प्रकाश सिंह गुर्जर निवासी मौहल्ला बूचाहेडा वार्ड नं. 08 कोटपूतली को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार किया गया।

### किसानों को कृषि योजनाओं की दी जानकारी

**निवाई।** वनस्थली विद्यापीठ के कृषि विज्ञान केन्द्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा राष्ट्र को समर्पित एवं शिलान्यास किए गए प्रधानमंत्री धन-धान्य योजना, दलहन आत्मनिर्भरता मिशन, कृषि अवसंरचना कोष, पशुपालन एवं मत्स्य पालन विकास योजनाओं तथा खाद्य प्रसंस्करण से जुड़ी योजनाओं के शुभारम्भ का लाइव प्रसारण का सफल आयोजन किया गया। कृषि विज्ञान केन्द्र के प्रभारी बंशीधर चौधरी ने किसानों को बताया कि प्रधानमंत्री धन-धान्य योजना किसानों को आधुनिक उत्पादकता बढ़ाने, फसल विविधिकरण को बढ़ावा देने, सिंचाई एवं भंडारण सुविधाओं में सुधार पर केन्द्रित होगी। जबकि दलहन आत्मनिर्भरता मिशन देश में प्रोटीन सुरक्षा को सुदृढ़ करेगा। पशुपालन, मत्स्य पालन एवं खाद्य प्रसंस्करण योजनाएं किसानों की आमदनी बढ़ाने में सहायक सिद्ध होंगी। कृषि विस्तार टोंक केसंयुक्त निदेशक वीरेन्द्रसिंह सोलंकी ने किसानों को सम्बोधित करते हुए कहा कि 42 हजार करोड़ की यह योजना ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा देगी।

# मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे को लेकर डीएम व एसपी ने सभास्थल का किया निरीक्षण

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का प्रस्तावित दौरा नदबई में 18 अक्टूबर को

- नदबई में 18 अक्टूबर को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का नदबई के प्रस्तावित दौरे को लेकर कलेक्टर कमर चौधरी व पुलिस अधीक्षक दिगंत आनन्द ने मंडी परिसर में प्रस्तावित सभास्थल का निरीक्षण किया
- हैलीपैड का निरीक्षण करते हुए पार्किंग व सभा में भीड़ की सुविधाओं को लेकर चर्चा करते हुए अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए
- जिला प्रशासन भी मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर मुस्तैद नजर आ रहा

**भरतपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का नदबई में 18 अक्टूबर को प्रस्तावित दौरे को लेकर, शनिवार को जिला कलेक्टर कमर चौधरी व पुलिस अधीक्षक दिगंत आनन्द ने मंडी परिसर में प्रस्तावित सभास्थल का निरीक्षण किया। वहीं, हैलीपैड का निरीक्षण करते हुए पार्किंग व सभा में भीड़ की सुविधाओं को लेकर चर्चा करते हुए अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री बनने के बाद पहली बार नदबई आने के चलते जिला प्रशासन भी मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर मुस्तैद नजर आ रहा।

कृषि मंडी परिसर में निरीक्षण दौरान जिला कलक्टर ने तैयारियों का निरीक्षण करते हुए सभास्थल पर लोगों की सुविधाओं का ध्यान रखने को कहा। वहीं, मुख्य बाजार में जाम से राहत को लेकर भी पुलिस अधिकारियों को दिशा-निर्देश3 दिए।

गौरतलब है कि, 18 अक्टूबर को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का नदबई दौरे के साथ ही कृषि मंडी परिसर में जनसभा का प्रस्तावित है। इस दौरान बीडीए कमिश्नर कनिष्क कटारिया, जिला परिषद सीईओ मृदुल सिंह, एडीएम प्रशासन घनश्याम शर्मा, एडीशनल एसपी रामगोपाल, सीओ अमर सिंह राठौड़, एसडीएम गंगाधर मीणा, एसई पीडब्ल्यूडी आरसी मीणा, निगम अधिशाषी अभियंता बीएल गुप्ता, पीडब्ल्यूडी अधिशाषी अभियंता महेश शर्मा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### महिला शक्ति पर व्याख्यान का आयोजन

**कोटपूतली।** विद्या भारती द्वारा आयोजित सप्त शक्ति संगम के अन्तर्गत बसन्त प्रभु आदर्श विद्या मन्दिर कोटपूतली में रविवार को महिला शक्ति पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ सप्त शक्ति की बहिनों की परेड सलामी से बहिनों के घोष द्वारा अतिथियों को मुख्य मंच तक पहुँचाया गया। इस मौके पर मां सरस्वती के चित्र के समक्ष द्वीप प्रज्ज्वलन के साथ दीप मंत्र, सरस्वती वन्दना, स्वागत गीत, गीत प्रेरणा नृत्य के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता डॉ. मनीषा शर्मा ने कुटुम्ब प्रबोधन, प्रतीक्षा चौधरी ने प्रशंतेरी के माध्यम से विषय को रखा। सही उत्तर देने वाली माता बहनों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि सेंट्रल बैंक ऑफ इण्डिया की वरिष्ठ प्रबन्धक पूनम यादव ने समाज व्यवस्था में महिला की भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुये स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. रेखा कुमावत ने संयुक्त परिवार तथा महिलाओं के शारीरिक, मानसिक स्वास्थ्य के बारे में जानकारी दी।

## सार-समाचार

### विधायक धनकड ने पीड़ित परिवार को दिलाया मुआवजा

**पावटा।** विराटनगर उपखंड के ग्राम मेड की ग्राम पंचायत पूरावाला की छिंड की ढाणी में ट्रांसफार्मर फॉल्ट में युवक की मौत के मामले में विराटनगर विधानसभा क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनकड ने अपना दिया हुआ आश्वासन पूरा करते हुए। विधायक कुलदीप धनकड़ ने घटना के बाद पीड़ित परिवार से मिलकर सरकारी सहायता का आश्वासन दिया था। विधायक धनकड ने अधिकारियों से मिलकर मृतक के परिजनों के लिए 17 लाख रुपए मुआवजे की घोषणा की थी। विधायक कुलदीप धनखड़ ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ मृतक राकेश गुर्जर के घर पहुंच कर पीड़ित परिवार को 7 लाख 51 हजार रुपए की नगद राशि चेक के रूप में सौंपी। वही एक व्यक्ति की करंट से बकरियां व गाय भी मर गई थी उसको भी विधायक ने 65 हजार का चेक देकर सहायता राशि प्रदान की। और मृतक राकेश गुर्जर की पत्नी सीता देवी को सरकारी अस्पताल मेड में संविदा पर कार्य करने का प्रमाण पत्र प्रदान किया। विधायक कुलदीप धनकड़ ने कहा कि भाजपा सरकार जो वादा करती है वह पूरा कर के दिखाती है। हमने जो वादा किया था वह पूरा किया। परिवार को जो आश्वासन दिया था उसमें हम खरे उतरे। आगे भी अगर इनको किसी भी सहायता की जरूरत होगी भाजपा सरकार के हमेशा साथ खड़ी रहेगी। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष महेश यादव, जिला प्रतिनिधि राधेश्याम गुप्ता , महामंत्री पूरण पारीक सहित कार्यकर्ता में ग्रामीण मौजूद रहे।

### 15 अपराधी गिरफ्तार

**नारायणपुर।** कोटपुतली-बहरोड़ पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र कुमार विश्नोई के निर्देशन में चलाए जा रहे दो दिवसीय एरिया डोमिनेशन अभियान के तहत नारायणपुर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए विभिन्न धाराओं में 15 अपराधियों को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी रोहिताश कुमार ने बताया कि अपराध पर नियंत्रण एवं क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से यह अभियान दो दिनों तक संचालित किया गया। अभियान के पहले दिन शनिवार को थाना स्तर पर गठित टीमों ने चालानशुदा अपराधी, स्थायी वारंटी तथा जुआ एवं सम्पत्ति संबंधी अपराधों में लिप्त आरोपी राहुल यादव, भवानी शंकर खटीक, पप्पूराम बावरिया, कृष्ण कुमार बावरिया और हंसराज धोबी को गिरफ्तार किया। वहीं रविवार को कार्रवाई को आगे बढ़ाते हुए पुलिस ने महेश कुमार सैनी, मनीष कुमार, अमीचंद सैनी, विजय कुमार रैगर, अजय कुमार रैगर, अजित मीणा, मोहनलाल खाती, मनीष यादव, मनीष कुमार यादव और संदीप सिंह शेखावत को दबोचा। थानाधिकारी रोहिताश ने बताया कि क्षेत्र में अपराध पर प्रभावी नियंत्रण बनाए रखने और आमजन को सुरक्षित माहौल प्रदान करने के लिए इस प्रकार के अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेंगे।

### बैठक में हुई कई मुद्दों पर चर्चा

**पावटा।** आदिवासी सेवा संघ तहसील शाखा पावटा की सिद्धि विनायक गार्डन में मासिक बैठक का आयोजन किया गया। मासिक बैठक का आयोजन कोटपूतली अध्यक्ष इंजि. दिनेश मीणा के मुख्य आतिथ्य व पावटा अध्यक्ष शंकर लाल मीणा की अध्यक्षता में किया गया। समाज में व्याप्त कुरीतियों को त्यागने, शिक्षा को बढ़ावा देने, भवन निर्माण, जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करने आदि मुद्दों पर चर्चा की गई। इस दौरान आदिवासी सेवा संघ तहसील शाखा पावटा द्वारा विराटनगर विधानसभा क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनकड़ को ज्ञापन के माध्यम से पावटा मुख्यालय पर मीणा छात्रावास निर्माण के हेतु भूमि आवंटन के लिए अवगत करवाने का निर्णय लिया गया। वही युवाओं को समाज सुधार कार्यक्रम की मुख्यधारा से जोड़ने का आ न किया गया। समाज के उत्थान हेतु भरकस प्रयास करने का संकल्प लिया गया। इस दौरान सेवानिवृत्त मेडिकल नर्सिंग अधीक्षक एसएमएस जयपुर सुरेश कुमार मीणा, पाव टा महामंत्री शिंभू दयाल मीणा पाथरेड़ी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष भगवती प्रसाद मीणा, उपाध्यक्ष शैतान सिंह मीणा बड़नगर, समाजसेवी गिरधारी लाल मीणा पावटा, रामगोपाल मीणा पावटा, भगवान सहाय मीणा राजनौता, मंडल अध्यक्ष राजनौता कबूल सिंह मीणा, उपाध्यक्ष रघुनाथपुरा रतिराम मीणा, कोटपूतली महामंत्रीहरचंद मीणा सहित समाज के लोग मौजूद रहे।

### बैठक आज

**टोंक।** जिलाध्यक्ष चयन को लेकर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा कांग्रेस संगठन सर्जन कार्यक्रम के तहत कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त जिला पर्यवेक्षक झारखंड से विधायक राजेश कच्छप सोमवार को जिला कांग्रेस कमेटी टोंक कार्यालय पर शहर एवं देहात ब्लॉक क्षेत्र के कांग्रेस जनो की बैठक लेंगे। बैठक में मुख्य रूप से नियुक्त पर्यवेक्षक राजेश कश्यप के साथ प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक पूर्व कैबिनेट मंत्री ममता भूपेश और प्रदेश महासचिव फूल सिंह ओलाप्रदेश सचिव प्रद्युम्न सिंह, जिलाध्यक्ष हरिप्रसाद बैरवा तथा कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं सहित अन्य सदस्यगण भी उपस्थित रहेंगें।

### फरार वांछित आरोपी गिरफ्तार

**टोंक।** उनियारा थाना पुलिस ने नाबालिग लड़की को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में एक साल से फरार आरोपी को रविवार को गिरफ्तार किया है। उनियारा थानाधिकारी कमला सिंह ने बताया कि एक साल से फरार आरोपी गणेश कुम्हार निवासी खेड़ली थाना इंद्रगढ़ जिला बून्दी को पुलिस टीम ने लगातार दबिश देकर गिरफ्तार किया है। आरोपी ने मोबाइल फोन के माध्यम से उनियारा थाना क्षेत्र की एक नाबालिग बालिका को आत्महत्या के लिए प्रेरित किया, जिससे बाद में नाबालिग ने आत्महत्या कर ली थी, जिसके बाद से आरोपी फरार चल रहा था।

### कांग्रेस संगठन सर्जन अभियान को लेकर बैठक आज

**निवाई।** कांग्रेस कमेटी द्वारा कांग्रेस संगठन सर्जन कार्यक्रम टोंक जिला पर्यवेक्षक व विधायक दल के उपनेता राजेश कच्छप सोमवार को दोपहर 11:30 बजे पटेल फार्म हाउस पर निवाई-पीपलू विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस के कार्यकर्ताओं की बैठक लेंगे। ब्लॉक अध्यक्ष एडवोकेट शंकरलाल चौधरी ने बताया कि बैठक में पर्यवेक्षक व पूर्व कैबिनेट मंत्री ममता भूपेश, प्रदेश महासचिव फूलसिंह ओला, प्रदेश महासचिव व पूर्व विधायक प्रशांत बैरवा, प्रदेश सचिव प्रद्युम्नसिंह राठौड़व जिलाध्यक्ष हरिप्रसाद बैरवा सहित जिला संगठन प्रभारी, विधायक प्रत्याशी, विधानसभा प्रभारी, प्रधान, नगरपालिका पार्षद, पूर्व प्रधान, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कार्यकारिणी, अग्रिम संगठनों के प्रतिनिधि, मंडल अध्यक्ष, सभी मंडलों की कार्यकारिणी, जिला परिषद सदस्य, पंचायत समिति सदस्य व पार्टी के सरपंच सहित कई कार्यकर्ता भाग लेंगे।

### 5वीं पैरा सिटिंग वॉलीबॉल चैम्पियनशिप का शुभारंभ

**शाहपुरा।** राजस्थान में दिव्यांग खिलाड़ियों की खेल प्रतिभा को प्रोत्साहित करने हेतु राजपूताना पैरालिम्पिक वॉलीबॉल एसोसिएशन, राजस्थान के तत्वावधान में 5वीं पैरा सिटिंग वॉलीबॉल राज्य स्तरीय चैम्पियनशिप 2025 का शुभारंभ शिखर एकेडमी एवं हॉस्टल, क्षेमकरी माता, भीनमाल में हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथियों द्वारा किया गया, जिसमें विभिन्न जिलों से आई टीमों, पदाधिकारियों एवं खेल प्रेमियों ने भाग लिया। आयोजन को पैरालिम्पिक कमेटी ऑफ इंडिया की मान्यता प्राप्त है।

### अंतराष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया

**निवाई।** ग्राम पंचायत हनोतिया बुजुर्ग की प्रथम आंगनवाड़ी केंद्र में महिला अधिकारिता टोंक के सहायक निदेशक के निर्देशानुसार अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया गया। इस दौरान बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के संकल्प अभियान के तहत बेटी जन्मोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में आंगनवाड़ी केंद्र की एक से दो वर्षीय बच्चियों को फूल माला पहनाकर स्वागत करके रोली अभिषेक से सम्मानित कर मुंह मीठा करवाया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में बच्चियों के अस्तित्व के अधिकार को रेखांकित करना है। कार्यक्रम की शुरुआत सभी महिलाओं को बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान की जानकारी देते हुए अंतराष्ट्रीय बालिका दिवस के परिपेक्ष्य में बेटी जन्मोत्सव की शुरुआत की। कार्यक्रम में उपस्थित सभी बालिकाओं को बेबी किट्स वितरित करके जन्मोत्सव मनाया गया। पर्यवेक्षक मीरा चौधरी द्वारा शिक्षा सेतु, नारी शक्ति, उद्यम प्रोत्साहन योजना, लाडो प्रोत्साहन योजना सहित महिला अधिकारिता विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी को महिलाओं से साझा किया एवं वार्ता की गई।

# भरतपुर में 18 साल के नेशनल एथलीट की हार्ट अटैक से मौत

## एथलीट रिंकू सिंह सुबह उठा तो हाथ-पैरों में कंपकंपी महसूस हुई और बेचैनी हो रही थी

- रिंकू सिंह रोजाना पांच किलोमीटर की दौड़ लगाता था, 10 दिन पहले ही स्टेट चैम्पियनशिप खेलकर आया था
- एथलीट रिंकू सिंह का सपना था कि वह इंडिया के लिए खेले, लेकिन रिंकू का सपना अधूरा रह गया

**भरतपुर,** (निसं)। 18 साल के नेशनल एथलीट रिंकू सिंह की हार्ट अटैक से मौत हो गई। वह सुबह उठा तो हाथ-पैरों में कंपकंपी महसूस हुई और बेचैनी हो रही थी। बेहोशी छाने पर रूममेट उसे अस्पताल ले गया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। रिंकू रोजाना पांच किलोमीटर की दौड़ लगाता था। वह 10 दिन पहले ही स्टेट चैम्पियनशिप खेल कर आया था। उसे 100 मीटर रिले रेस में तीसरा स्थान मिला था। मामला भरतपुर के अटलबंद थाना इलाके का रविवार सुबह का है।

पोस्टमॉर्टम करने वाले डॉक्टर राघवेंद्र ने बताया कि प्रथमदृष्टया मामला हार्ट अटैक का है। हालांकि विसरा ले लिया है और फोरेंसिक जांच के लिए भेज दिया है।

चाचा बॉबी सिंह निवासी नागर गांव थाना अछनेरा जिला आगरा (उत्तर प्रदेश) ने बताया कि मेरा भतीजा रिंकू (18) एथलीट था। वह रोजाना 5 किलोमीटर रनिंग भी करता था। रिंकू भरतपुर में रहकर रनिंग की तैयारी कर रहा था। रिंकू रविवार सुबह उठा तो उसके पैरों और हाथों में कंपकंपी महसूस हुई। उसका रूम पार्टनर उसे तुरंत प्राइवेट हॉस्पिटल ले गया। वहां से उसे भरतपुर रेफर कर दिया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। चाचा ने बताया कि रिंकू के रूम पार्टनर ने ही हमें फोन करके उसकी मौत की जानकारी दी थी। यहां पहुंचने पर डॉक्टर ने बताया कि रिंकू को जो लक्षण थे, वो हार्ट अटैक के हैं। उसे बेचैनी और घबराहट हुई थी।

बॉबी सिंह ने बताया कि रिंकू उत्तरप्रदेश की कई एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं में भाग लेता था और मेडल लेकर आता था। उसके पिता भीकम सिंह मजदूरी करते हैं, लेकिन उसकी प्रतिभा को देख हमेशा उसे सपोर्ट करते थे। उसकी रनिंग के प्रति जुनून देखकर हमारे अछनेरा गांव के आस-पड़ोस के लोगों ने उसका भरतपुर में रहकर तैयारी करने का इंतजाम किया था। वह रोजाना लोहागढ़ स्टेडियम में दौड़ लगाने के लिए जाता था। चाचा ने बताया कि रिंकू का बड़ा भाई कानपुर में मजदूरी करता है। उसके परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। रिंकू 10 दिन पहले ही स्टेट खेल कर आया है, जहां वह तीसरे नंबर पर आया था। इसके अलावा वह दिसंबर 2024 में ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी खेल चुका है। दिसंबर 2024 में ही वह नेशनल खेल चुका है। उसने पांच हजार मीटर रेस में भाग लिया था। उसका सपना था कि वह इंडिया के लिए खेले, लेकिन रिंकू का सपना अधूरा रह गया।

# अलवर : करण मल्होत्रा हत्याकांड के चार आरोपी गिरफ्तार

- पुलिस ने हत्या के आरोपियों का नंगे पैर ही शहर में जुलूस निकाला
- आरोपियों ने नौ अक्टूबर की रात को करण मल्होत्रा लाठी-डंडे और रिम से हमला कर हत्या कर दी थी

**अलवर,** (निसं)। अलवर में करण मल्होत्रा हत्याकांड के चार आरोपियों को गिरफ्तार करके पुलिस ने उनका जुलूस निकाला। पुलिस ने आरोपियों को फटे कपड़ों में नंगे पांव सड़क पर चलाया। इस दौरान सैकड़ों लोगों की भीड़ जमा हो गई, जिनमें से कई ने अपने मोबाइल से इस घटना का वीडियो भी बना लिया।

जानकारी के अनुसार आरोपियों ने नौ अक्टूबर की रात को करण मल्होत्रा (24) पर लाठी-डंडे और साइकिल की रिम से हमला कर हत्या कर दी थी। हमले में युवक के भाई का भी हाथ टूट गया था। पुलिस ने अजरूदीन (28) और मुनफेद (26) को शनिवार सुबह गिरफ्तार किया, जबकि अली मोहम्मद (25) और शाहिद उर्फ सांडा (28) को रविर को गिरफ्तार किया है। पुलिस अब बाकी फरार आरोपियों की तलाश में जुटी है। बख्तल की चौकी पर करण मल्होत्रा हत्या मामले में शनिवार सुबह माहौल तनावपूर्ण हो गया था। अस्पताल में इकट्ठा हुए परिवार के लोगों ने हंगामा किया था। दोपहर बाद समझाइश पर धरना खत्म कर दिया गया था।

## बेकाबू होकर मिनी ट्रक पलटा

**उदयपुर,** (कासं)। जिले के बेकरिया थाना क्षेत्र से गुजरने वाले उदयपुर-गुजरात फोरलेन पर आए दिन हादसों का सिलसिला नहीं थम रहा है। शनिवार देर रात खोखरिया नाल सुरंग के पास एक और हादसा हो गया। जानकारी के अनुसार एक तेज रफ्तार मिनी ट्रक अचानक बेकाबू हो गया और बीच सड़क पर पलट गया। ट्रक गोगुंदा की ओर से इलेक्ट्रॉनिक सामान लेकर पिंडवाड़ा की ओर जा रहा था। ड्राइवर को नींद की झपकी आने के कारण ये हादसा हुआ। ट्रक की स्पीड इतनी तेज थी कि वह पलटने के बाद करीब 25 मीटर तक सड़क पर घिसटता रहा। हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। हालांकि चालक और खलासी को हल्की चोटें आई, जिन्हें बेकरिया सरकारी हॉस्पिटल में प्राथमिक उपचार दिया गया। हादसे के बाद हाईवे पर लंबा जाम लग गया। आसपास लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलते ही बेकरिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची।साथ ही हाईवे एम्बुलेंस और नेशनल हाईवे टीम भी पहुंची। हाईवे टीम ने पुलिस की मदद से ट्रैफिक व्यवस्था बहाल कराई।

# होटल पर काम करने आए तीन मजदूरों ने छह लाख रुपए चोरी किये

- होटल मालिक ने गाड़ी खरीदने के लिए रुपए रखे थे, मामला दर्ज

**सीकर,** (निसं)। सीकर के सदर थाना इलाके में होटल पर काम करने आए 3 मजदूरों ने 6 लाख रुपए चोरी कर लिए। होटल मालिक ने गाड़ी खरीदने के लिए यह रुपए रखे हुए थे। पुलिस अब चोरों की तलाश कर रही है। इस संबंध में रामेश्वर सिंह ने सीकर के सदर थाने में मुकदमा दर्ज करवाया है।

रामेश्वर सिंह ने रिपोर्ट में बताया कि उन्होंने नेशनल हाईवे संख्या 52 पर रसीदपुरा प्याज मंडी के सामने होटल खोल रखा है। होटल पर काम करने के लिए तीन लड़के चाहिए थे। ऐसे में उन्होंने चित्तौड़गढ़ के घनश्याम उर्फ बाबूलाल को बोला। बाबूलाल होटल पर लैबर सप्लाई करने का काम करता है। बाबूलाल ने रामेश्वर की होटल पर 8 अक्टूबर को 3 मजदूर भेजे। इनमें एक का नाम कालू था। उसके साथ दो अन्य मजदूर थे। तीनों एक साथ होटल पर आए और वापस चले गए, फिर रामेश्वर ने बाबूलाल से बात की तो उसने कहा कि आप धनराज से बात करो। रामेश्वर ने धनराज से बात की तो धनराज ने 9 अक्टूबर को कालू और अन्य दो मजदूरों को होटल पर भेजा। दोपहर 3 बजे के करीब तीनों लड़के होटल पर आए। उन्होंने कहा कि 10 अक्टूबर से वह होटल पर काम करना शुरू कर देंगे। जब रामेश्वर ने उनसे आईडी मांगी तो तीनों मजदूरों ने कहा कि वह परसों तक मंगवा देंगे। रात को तीनों लड़के होटल में खाना खाकर स्टाफ रूम में सो गए। होटल में रामेश्वर ने काउंटर में 6 लाख रुपए रखे हुए थे। रामेश्वर यह पैसे अपने रिश्तेदारों से नई गाड़ी खरीदने के लिए लेकर आए थे। सुबह जब रामेश्वर होटल पर आकर देखा तो ऑफिस के काउंटर का लॉक टूटा हुआ था। साथ ही उसमें रखे छह लाख रुपए भी गायब थे। स्टाफ रूम में जब रामेश्वर ने जाकर देखा तो तीनों लड़के नहीं थे। उन्हें जनरेटर के पास संडासी और चाकू पड़े मिले। ऐसे में अंदेशा है कि तीनों मजदूरों ने इन्हीं के जरिए अकाउंट का लॉक तोड़ा हो। जब होटल में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज चेक किए गए तो पता चला कि 3 से 5 बजे के बीच तीनों मजदूर ऑफिस के अंदर और बाहर आते दिखाई दे रहे हैं। फिलहाल पुलिस अब चोरों की तलाश कर रही है।

## विवाहिता ने उपचार के दौरान दम तोड़ा

**छबड़ा,** (निसं)। कुछ दिनों पूर्व चाय बनाते समय झुलसी खेरखेड़ा नाथूराम गांव निवासी विवाहिता की रविवार को इलाज के दौरान कोटा चिकित्सालय में मौत हो गई, जिसका कोटा एसडीएम द्वारा गठित बोर्ड ने पोस्टमार्टम करवाकर शव मृतका के पिता के सुपुर्द कर दिया।

जानकारी के अनुसार छबड़ा उपखण्ड के खेरखेड़ा नाथूराम गांव निवासी विवाहित महिला रानू कंवर गत 8 अक्टूबर को चाय बनाते समय झुलस गई थी, जिसका उपचार कोटा चिकित्सालय में चल रहा था। रविवार को रानू कंवर ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। सूचना पर पहुंची पाली थाना पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया तथा कोटा एसडीएम द्वारा गठित बोर्ड से शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव मृतका के पिता के सुपुर्द कर दिया।

# केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान में "पेंटेड स्टॉर्क" की बढ़ती संख्या ने पर्यटकों का मन मोहा

**भरतपुर,** (निसं)। केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान, जो पक्षियों की प्रजातियों के लिए विश्व प्रसिद्ध है, इस बार पेंटेड स्टॉर्क की रिकॉर्ड संख्या के साथ प्रकृति प्रेमियों का दिल जीत रहा है। मानसून की भरपूर बारिश और पानी की निरंतर आपूर्ति ने उद्यान की झीलों को जीवन से भर दिया है, जिससे ये रंग-बिरंगे पक्षी बड़ी संख्या में यहां आकर्षित हुए हैं। उनकी गुलाबी पंखों की चमक और लंबी टांगों की सुंदरता उद्यान को एक जीवंत चित्रपट की तरह सजा रही है।

- पेंटेड स्टॉर्क दक्षिण भारत से इस सुरक्षित स्थान पर माह अगस्त सितम्बर में आने लगती है
- पेंटेड स्टॉर्क राष्ट्रीय उद्यान के अपना घोंसला बनाकर वंश वृद्धि कर उनका पालन करती है



वन्यजीव फोटोग्राफर दीपक मुद्‌गल ने पक्षियों के मनमोहक दृश्यों को अपनी तस्वीरों में कैद किया।

वन्यजीव फोटोग्राफर दीपक मुद्‌गल ने इन पक्षियों के मनमोहक दृश्यों को अपनी तस्वीरों में कैद किया है, जो सोशल मीडिया पर लोगों का दिल जीत रही हैं। मुद्‌गल ने कहा कि सुबह की सुनहरी धूप में इन पक्षियों को उनके घोंसलों में व्यस्त देखना किसी जादू से कम नहीं। यह नजारा न केवल आंखों को सुकून देता है, बल्कि प्रकृति के संरक्षण का महत्व भी सिखाता है। मुद्‌गल ने बताया कि पेंटेड स्टॉर्क दक्षिण भारत से इस सुरक्षित स्थान पर माह अगस्त सितम्बर में आने लगती हैं जो राष्ट्रीय उद्यान के अपना घोंसला बनाकर वंश वृद्धि कर उनका पालन करती हैं और माह मार्च के आसपास ये अपने बच्चों के साथ वापस दक्षिण भारत लौट जाती है।

डीएफओ मानस सिंह ने इस दृश्य को प्रकृति की अनमोल देन बताया और कहा कि पेंटेड स्टॉर्क की यह संख्या हमारे संरक्षण प्रयासों की सफलता का प्रतीक है। पांचना बांध से पानी और प्रदूषण नियंत्रण के लिए उठाए गए कदमों ने पक्षियों के लिए स्वर्ग जैसा माहौल बनाया है। पर्यटक और स्थानीय लोग साइकिल व रिक्शा सफारी के जरिए इस खूबसूरत नजारे का लुत्फ उठा रहे हैं। यह मनोरम दृश्य न केवल पक्षी प्रेमियों के लिए एक उपहार है, बल्कि हमें इस प्राकृतिक धरोहर को सहेजने की प्रेरणा भी देता है।

# ऊर्जा मंत्री के काफिले के आगे बालक आने से कार पलटी, पांच घायल

- मंत्री हीरालाल नागर ने सभी घायलों को अस्पताल भिजवा कर इलाज की व्यवस्था कराई

**कोटा,** (निसं)। ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर के काफिले में चल रही एक बोलेरो कार रविवार शाम को दुर्घटना की शिकार हो गई। दुर्घटना में पांच जने घायल हुए हैं। मंत्री हीरालाल नागर ने सभी घायलों को अस्पताल भिजवाकर इलाज की पुख्ता व्यवस्था कराई है।

उल्लेखनीय है कि मंत्री नगर रविवार को सुबह विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेने के बाद जयपुर में सीएम भजनलाल शर्मा के साथ होने वाली मीटिंग में भाग लेने के लिए जयपुर जा रहे थे। इसी बीच टोंक में गोपीपुरा के निकट हादसा हो गया। ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर कोटा से जयपुर जा रहे थे। उनके ठीक पीछे एस्कॉर्ट में चल रही बोलेरो कार के आगे अचानक बच्चा आ गया, जिससे कार अनियंत्रित होकर पलट गई। कार में सवार तीन पुलिसकर्मी और चालक घायल हुए हैं, जबकि घायल बच्चे को कोटा रैफर किया गया है। हादसे के बाद ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने तत्काल घायलों को अस्पताल पहुंचाया। वहीं जिला कलेक्टर और एसपी से बात कर उनके ईलाज और अन्य व्यवस्थाएं मुहैया कराने के निर्देश दिए। साथ ही पांच वर्षीय बालक हिमांशु धाकड़ को रेफर किए जाने के बाद कोटा एमबीएस अस्पताल में अधीक्षक को फोन कर सभी चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही, ऊर्जा मंत्री के कार्यालय का स्टॉफ भी एमबीएस अस्पताल में पहुंच गया। टोंक से बालक के कोटा पहुंचने पर स्वयं अस्पताल अधीक्षक ने खड़े रहकर बच्चे का इलाज करवाया। फिलहाल बालक अस्पताल में भर्ती है। घटना में सहायक उप निरीक्षक मुंशी राम, पुलिसकर्मी रामदयाल, रामदयाल गंगाराम और चालक मनराज गुर्जर भी घायल हुए हैं।

# बस लूट प्रयास में पांच आरोपी गिरफ्तार, दो बाल अपचारी डिटेन

## वारदात में शामिल ईको गाड़ी ड्राइवर को पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुका है

**डूंगरपुर,** (निसं)। दोवड़ा थाना पुलिस ने लूट की नीयत से बस रुकवाने के पांच और आरोपियों को गिरफ्तार कर दो नाबालिगों को डिटेन किया है। इससे पहले पुलिस वारदात में शामिल एक ईको गाड़ी ड्राइवर को गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस ने बदमाशों से उठक-बैठक लगवाई, जिस पर बदमाशों ने फिर से अपराध नहीं करने की बात कही। फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

जिले के आसपुर पुलिस उपाधीक्षक हनुवंत सिंह भाटी ने बताया कि करण सिंह पुत्र दौलत सिंह डाबी की ओर से रिपोर्ट दर्ज करवाई गई थी। इसमें बताया कि वह अन्नपूर्णा ट्रैवल्स का मैनेजर है। ट्रैवल्स मैनेजर पदमसिंह डाबी ने फोन कर उसे पुनाली घाटा पर बस पर हमले की वारदात बताई थी। बस ड्राइवर देवकुमार मीणा ने बताया कि उनकी एक बस प्रतिदिन डूंगरपुर से इंदौर जाती है। 7 अक्टूबर देर शाम बस डूंगरपुर से इंदौर जाने के लिए रवाना हुई थी। इस दौरान डूंगरपुर आसपुर मार्ग पर पुनाली घाटा में ईको सवार हथियार बंद बदमाशों ने बस को ओवरटेक करते हुए ईको गाड़ी को बस के आगे लगा दी और बस को रुकवा लिया। बस को रोकते ही कार में सवार करीब सात से आठ युवक हाथों में लठ्ठ और तलवार लेकर नीचे उतरे। बदमाशों को देखकर बस ड्राइवर ने केबिन की लाइट चालू कर दी। लाइट चालू करते ही सवारियां चिल्लाने लगी और हल्ला सुनकर बदमाश भाग खड़े हुए। इस मामले में पुलिस ने केस दर्ज करते हुए कार के नम्बर के आधार पर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी।

पुलिस ने कार के ड्राइवर सोहनलाल उर्फ सोहन पुत्र शंकर परमार निवासी कांकरी को 9 अक्टूबर को गिरफ्तार कर लिया था। उसने अपने साथियों के नाम भी बताए, जिस पर पुलिस ने उसके साथियों की तलाश शुरू की। पुलिस ने कोलखंडा निवासी गोपाल परमार, कालू गामडा निवासी अंकित मीणा, अभिषेक मीणा, भाविन मीणा और पालमांडव निवासी संजय परमार को गिरफ्तार किया है।

# अवैध हथकढ़ शराब के साथ दो गिरफ्तार

**छबड़ा,** (निसं)। बापचा थाना पुलिस ने अवैध शराब के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत हथकड़ शराब सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बापचा थानाधिकारी बुद्धराम के अनुसार भेरुघाटी गांव (कोटरापार) से आरोपी रवि सांसी निवासी तलैया महुआ खाडी थाना मुंगावली जिला अशोक नगर हाल ग्राम लक्ष्मीपुरा (छबड़ा) से 15 लीटर अवैध कच्ची हथकढ़ शराब व अपराध में प्रयुक्त बाइक जब्त की। वहीं दूसरी टीम द्वारा गोडियामेहर नाका के पास से शिब्बू उर्फ शिवचरण गुर्जर निवासी छत्रपुरा थाना बापचा को भी 15 लीटर अवैध कच्ची हथकड़ शराब के साथ गिरफ्तार किया।

# पुलिस निगरानी में हुआ डीएपी का वितरण

**नोहर,** (निसं)। डीएपी वितरण को लेकर नोहर में भी गहमा-गहमी का माहौल रहा। किसानों में डीएपी लेने को लेकर मारामारी रही। हालांकि बीती रात को ही किसान यहां सहकारी समिति के गोदाम के समक्ष जुटने लगे थे। अलसुबह हजारों किसानों की भीड़ गोदाम के समक्ष जुटी दिखाई दी। बढ़ती भीड़ और महज 1400 थैले डीएपी को देखते हुए स्थित कई बार तनावपूर्ण बनी। सूचना के बाद मौके पर पहुंचे एसडीएम राहुल श्रीवास्तव व थाना अधिकारी ईश्वरानंद शर्मा ने किसानों से समझाइश कर स्थिति को संभाला। उसके बाद सुचारू रूप से डीएपी बैग का वितरण किया जा सका।

# भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सैयद शाहनवाज हुसैन ने दरगाह जियारत की



ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह में बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सैयद शाहनवाज हुसैन ने जियारत की।

- शाहनवाज हुसैन ने मखमली चादर और फूल चढ़ाये, बिहार चुनाव के लिए जीत की दुआ मांगी

**अजमेर,** (कासं)। विश्व प्रसिद्ध सूफी संत हजरत ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह में शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के राष्ट्रीय प्रवक्ता और पूर्व केंद्रीय मंत्री सैयद शाहनवाज हुसैन ने जियारत की। इस मौके पर उन्होंने दरगाह में मखमली चादर और फूल चढ़ाकर अपनी श्रद्धा अर्पित की। शाहनवाज हुसैन ने दरगाह में बिहार विधानसभा चुनाव में अपनी पार्टी की जीत के लिए विशेष दुआ मांगी। दरगाह के ख़ादिम शेखजादा दौलत अली चिश्ती ने ज़ियारत करवाई और दस्तारबंदी कर दरगाह शरीफ का तबर्रुक दिया।

दरगाह में जियारत के बाद मीडिया से बातचीत के दौरान सैयद शाहनवाज हुसैन ने कहा कि ख्वाजा साहब की दरगाह आस्था और एकता का प्रतीक है। मैंने यहां बिहार विधानसभा चुनाव में बीजेपी और हमारे गठबंधन की जीत के लिए दुआ मांगी है। ख्वाजा साहब का आशीर्वाद हमेशा देश और समाज की बेहतरी के लिए रहा है। उन्होंने आगे कहा कि बिहार की जनता इस बार भी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) पर भरोसा जताएगी और विकास के रास्ते पर चलते हुए बीजेपी को प्रचंड जीत दिलाएगी। सैयद शाहनवाज हुसैन ने दरगाह में करीब आधे घंटे तक समय बिताया और ख्वाजा साहब की मजार पर माथा टेका। इस दौरान उन्होंने दरगाह के खादिम सैयद अब्दुल बारी के परिजन सैयद वशिम चिश्ती से मुलाकात कर शौक व्यक्त किया। उसके बाद सूफी संत हज़रत ख्वाजा मोईनुद्दीन चिश्ती के जीवन व उनके संदेशों पर चर्चा की। शाहनवाज ने कहा कि ख्वाजा साहब का संदेश प्रेम, भाईचारा और इंसानियत का है, जो आज भी समाज को एकजुट करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

## दो ट्रेलर की भिड़ंत, दोनों चालक घायल

**उदयपुर,** (कासं)। उदयपुर के खेरोदा थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे-48 पर रविवार दोपहर दो बजे दो ट्रेलर की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में दोनों वाहनों के चालक घायल हो गये, जिन्हें अस्पताल पहुंचाया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार उदयपुर की तरफ से आ रहा एक ट्रेलर अचानक अनियंत्रित होकर दूसरी लेन में जा पहुंचा। इसके बाद दूसरी लेन में भीलवाड़ा की ओर से आ रहे दूसरे ट्रेलर से भिड़ गया। टक्कर के बाद दोनों ट्रेलरों के केबिन पूरी तरह पिचक गए। इसमें दोनों ट्रेलरों के ड्राइवर बुरी तरह फंस गए। पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा।

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों ट्रेलरों के केबिन पूरी तरह पिचक गए, जिसमें दोनों ट्रेलरों के ड्राइवर बुरी तरह फंस गए। हादसा मेनार तीन मुखी पुलिया के पास रविवार दोपहर करीब दो बजे हुआ। उदयपुर से जा रहे ट्रेलर का ड्राइवर किशन बैरवा गंभीर घायल हो गया। वहीं दूसरे ट्रेलर का ड्राइवर श्यामलाल कीर को मामूली चोट लगी। घायल ड्राइवर किशन बैरवा को स्थानीय ग्रामीणों और हाईवे एम्बुलेंस की मदद से बाहर निकाला, फिर मेनार हॉस्पिटल पहुंचाया, जहां इलाज के बाद उदयपुर एमबी हॉस्पिटल रेफर कर दिया।

# जैसलमेर में कांग्रेस जिला अध्यक्ष को लेकर गुटबाजी उलझन बनी

- कांग्रेस संगठन दो प्रमुख खेमों में बंटा हुआ है-एक ओर फकीर परिवार का प्रभावशील समूह, तो दूसरी ओर जननेता पूर्व विधायक रूपाराम धनदेव का संगठनात्मक नेटवर्क
- फकीर परिवार जहां अल्पसंख्यक समाज से जिलाध्यक्ष की मांग कर रहा है, वहीं रूपाराम धनदेव का खेमा मूल ओबीसी समाज से अध्यक्ष बनाए जाने की वकालत कर रहा है
- वर्तमान जिलाध्यक्ष उम्मेदसिंह तंवर का कार्यकाल भी चर्चा में है, वे संगठनात्मक रूप से सक्रिय हैं

**पोकरण/जैसलमेर,** (कासं)। जिले की कांग्रेस इकाई इस समय अपने सबसे संवेदनशील दौर से गुजर रही है। जिलाध्यक्ष पद को लेकर मचा घमासान अब खुलकर सतह पर आ गया है। वर्षों से सुलग रही गुटबाजी अब मंचों पर और बैठकों में खुलकर दिखाई देने लगी है। कांग्रेस संगठन दो प्रमुख खेमों में बंटा हुआ है-एक ओर फकीर परिवार का प्रभावशील समूह, तो दूसरी ओर जननेता पूर्व विधायक रूपाराम धनदेव का संगठनात्मक नेटवर्क। दोनों गुट वर्षों से प्रत्यक्ष टकराव से बचते रहे, लेकिन हालिया बैठकों और नेताओं के बयानों ने साफ कर दिया है कि संगठन के भीतर खींचतान अब निर्णायक मोड पर है। फकीर परिवार जहां अल्पसंख्यक समाज से जिलाध्यक्ष की मांग कर रहा है, वहीं रूपाराम धनदेव का खेमा मूल ओबीसी समाज से अध्यक्ष बनाए जाने की वकालत कर रहा है। इसी बीच, कांग्रेस संगठन द्वारा जिला अध्यक्ष पद के लिए अधिकतम आयु सीमा 45 वर्ष तय करने से नए समीकरण बन गए हैं। यह निर्णय कई वरिष्ठ नेताओं के लिए चुनौती बनकर उभरा है और संगठन के भीतर नई हलचल तेज हो गई है। वर्तमान जिलाध्यक्ष उम्मेदसिंह तंवर का कार्यकाल भी चर्चा में है। वे संगठनात्मक रूप से सक्रिय हैं, लेकिन धनदेव गुट के करीबी माने जाते हैं, इसलिए उनकी दावेदारी पर गुटीय राजनीति का प्रभाव साफ झलकता है।

पार्टी सूत्रों के अनुसार, संगठनात्मक निर्णय गुटीय दबाव में उलझ रहे हैं। कार्यकर्ता मानते हैं कि पिछली विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की दोनों सीटों पर हार का बड़ा कारण यही आंतरिक खींचतान रही। जैसलमेर जिले की दोनों सीटों पर एससी एसटी एवं अल्पसंख्यक मतदाता बराबरी की टक्कर में अपने जन नेताओं के इशारों पर मतदान करते हैं। पोकरण से पूर्व मंत्री सालेह मोहम्मद की हार इसका सबसे बडा उदाहरण मानी जा रही है। दूसरी ओर, रूपाराम धनदेव अब भी मजबूत जनाधार वाले नेता के रूप में देखे जाते हैं। उन्होंने गांव-ढाणी तक संगठन खड़ा करने के लिए वर्षों तक मेहनत की, भले ही वे चुनाव न जीत पाए हो।

जिला अध्यक्ष पद की दौड़ में सबसे आगे पूर्व प्रधान अमरदीन फकीर माने जा रहे हैं। पंचायत स्तर से राजनीति शुरू करने वाले अमरदीन ने अपने कार्यकाल में विकास कार्यों और जनसंपर्क के जरिए मजबूत जनाधार बनाया है। वहीं जिला अध्यक्ष पद पर विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस के सक्रिय युवा कार्यकर्ता के नाम पर मोहर लगा सकती है। इसके अलावा विकास व्यास, मुराद फकीर, कर्नल अचलाराम सैन, पीयूष गोस्वामी और लखसिंह भाटी, गोपाल रंगा के नाम भी दावेदारों की सूची में शामिल हैं।

पार्टी सूत्रों के मुताबिक, अंतिम फैसला अमरदीन फकीर, गोपाल रंगा, मुराद फकीर, उम्मेदसिंह तंवर या कर्नल सैन में से किसी एक पर टिक सकता है। वही दिलचस्प रूप से भले ही रूपाराम धनदेव खुद इस रेस में शामिल न हों, लेकिन उनका समर्थन जिस ओर झुकेगा, वही दावेदार भारी पड़ सकता है। संगठन में उनकी रणनीतिक पकड़ और अनुभव को देखते हुए हाईकमान भी निर्णय को लेकर सावधानी बरत रहा है। जिले की राजनीति इस वक्त एक ही सवाल पर अटकी है-आखिर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कौन बनेगा? चर्चा का केंद्र संगठन की मजबूती नहीं, बल्कि गुटीय वर्चस्व है। यदि कांग्रेस को पुनः मजबूत होना है, तो उसे ऐसा नेतृत्व चुनना होगा जो गुटबाजी से ऊपर उठकर संगठन को प्राथमिकता देवे। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यदि अमरदीन फकीर का युवा नेतृत्व और रूपाराम धनदेव का अनुभव एक साथ आया, तो यह कांग्रेस के लिए टर्निंग पॉइंट साबित हो सकता है।

# मुख्यमंत्री भजनलाल ने अमित शाह के कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया

## गृह मंत्री अमित शाह नए कानूनों पर प्रदर्शनी का उद्घाटन व कई विकास कार्यों का शिलान्यास -लोकार्पण करेंगे

- **'नव विधान-न्याय की नई पहचान' की थीम पर आयोजित 6 दिवसीय प्रदर्शनी में कानून की नई संरचनाओं पर डिजिटल एवं इंटरएक्टिव प्रस्तुति होगी। प्रदर्शनी का समापन समारोह 18 अक्टूबर को होगा।**

जयपुर, 12 अक्टूबर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को सीतापुरा स्थित जयपुर एग्जीबिशन एवं कन्वेंशन सेंटर (जेईसीसी) पहुंचकर नवीन आपराधिक कानूनों पर आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय प्रदर्शनी के आयोजन स्थल का जायजा लिया। 13 अक्टूबर से 18 अक्टूबर तक आयोजित होने वाली इस प्रदर्शनी का उद्घाटन सोमवार को केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह करेंगे।

मुख्यमंत्री ने आयोजन स्थल पर नए आपराधिक कानूनों के प्रावधानों एवं प्रदेश में इनकी प्रगति को दर्शाने वाली विभिन्न गतिविधियों की तैयारियों का विस्तृत अवलोकन किया। इसके बाद उन्होंने सभा स्थल पर व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

उल्लेखनीय है कि देश में 1 जुलाई 2024 से लागू हुए भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जेईसीसी, सीतापुरा में छह दिवसीय राज्य स्तरीय प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। प्रदर्शनी के उद्घाटन समारोह में शाह के साथ मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और कार्यवाहक मुख्य न्यायाधिपति, राजस्थान उच्च न्यायालय संजीव प्रकाश शर्मा सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहेंगे।

इस अवसर पर केन्द्रीय गृहमंत्री शाह लगभग 9 हजार 300 करोड़ रुपये से अधिक के विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण भी करेंगे। इसके साथ ही, प्रदेश के विद्यार्थियों को यूनिफॉर्म के लिए 260 करोड़ एवं दुग्ध उत्पादकों को दूध सब्सिडी के 364 करोड़ रुपये की राशि का हस्तान्तरण भी किया जाएगा। 'नव विधान-न्याय की नई पहचान' थीम पर आधारित प्रदर्शनी में कानून की नई संरचना की डिजिटल एवं इंटरएक्टिव प्रस्तुति होगी।

प्रदर्शनी में 13 से 17 अक्टूबर तक प्रतिदिन विशेष सत्र भी आयोजित किए जाएंगे। उसके बाद 18 अक्टूबर को प्रदर्शनी का समापन समारोह आयोजित होगा।



*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सीतापुरा स्थित जयपुर एग्ज़िबिशन एवं कन्वेंशन सेंटर में होने वाली राज्य स्तरीय प्रदर्शनी स्थल का जायजा लिया।*

## मधुबनी में बांध टूटा, घरों, स्कूलों में पानी भरा

मधुबनी, 12 अक्टूबर।बिहार में मधुबनी जिले के बेनीपट्टी में पानी के दबाव के कारण महराजी बांध टूट गया है।( बांध के टूट जाने से कई लोगों के घरों में पानी प्रवेश कर गया है। रात में अचानक बांध टूटने से लोगों को घरों से समान निकालने का मौका ही नहीं मिला। घर के लोग किसी तरह घर से बाहर निकले है। वहीं कई लोग घर के छतों पर शरण लिए हुए है। बांध टूटने के बाद नजरा के हाई स्कूल और मिडिल स्कूल में पानी प्रवेश कर गया है। उधर, नजरा मेघवन के मुख्य पथ पर बाढ़ का पानी चढ़ गया है।

## इंदिरा गांधी को ऑपरेशन ब्लू स्टार की गलती की कीमत चुकानी पड़ी थी - चिदम्बरम

- **एक कार्यक्रम में चिदम्बरम ने कहा कि इंदिरा गांधी ने सेना, पुलिस और पंजाब के नेताओं के साथ मिलकर निर्णय लिया था।**

नयी दिल्ली, 12 अक्टूबर। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री पी चिदंबरम ने कहा है कि स्वर्ण मंदिर में ऑपरेशन ब्लू स्टार का फैसला पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का अकेले का नहीं था लेकिन फिर भी इसकी कीमत उन्हें अपनी जान देकर चुकानी पड़ी थी।

चिदंबरम ने प्रख्यात पत्रकार लेखक खुशवंत सिंह के साहित्य पर आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि उस समय सेना, पुलिस तथा पंजाब के नेताओं के साथ मिलकर उन्होंने यह निर्णय लिया था। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा ''मैं मानता हूँ कि गांधी ने उस गलती की कीमत अपनी जान देकर चुकाई। वह गलती सेना, पुलिस, खुफिया विभाग और सिविल सेवाओं का मिला-जुला फैसला था। आप इसके लिए केवल श्रीमती गांधी को दोष नहीं दे सकते।'' चिदंबरम के पूर्व प्रधानमंत्री पर दिए इस बयान की कांग्रेस के कई नेताओं ने चिदंबरम की आलोचना की है।

## गाज़ा ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

2023 को हमास ने इस्राइल के कई शहरों पर हमला किया था, जिसमें लगभग 1200 लोग मारे गए थे। हमास ने 251 लोगों को बंधक भी बनाया था, जिनमें से 50 से ज्यादा अब भी उसकी कब्जे में हैं।





MARUTI SUZUKI ARENA

त्योहारों की ख़ुशी
अब हुई और बड़ी

GST लाभ और सीमित अवधि फैस्टिव ऑफ़र्स के साथ
23 अक्टूबर, 2025 तक मान्य

| MODEL | S-PRESSO | ALTO K10 | CELERIO | WAGONR | SWIFT | DZIRE | BREZZA | ERTIGA | EECO |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| REDUCTION IN PRICE^ (₹) UP TO | 129 600 | 107 600 | 94 100 | 79 600 | 84 600 | 87 700 | 112 700 | 46 400 | 68 000 |
| NOW STARTING AT^ (₹) | 349 900 | 369 900 | 469 900 | 498 900 | 578 900 | 625 600 | 825 900 | 880 000 | 518 100 |
| ADDITIONAL FESTIVE OFFERS* (₹) UP TO | 47 500 | 52 500 | 52 500 | 57 500 | 48 750 | 2 500 | 35 000 | - | 42 500 |

BOOK NOW — UP TO 100% PROCESSING FEE WAIVER ON CAR FINANCE#



ARENA SAFETY SHIELD

SCAN TO CONNECT TO SHOWROOM NEAR YOU

E-BOOK TODAY AT WWW.MARUTISUZUKI.COM

Contact us at 1800-102-1800

T&C available at dealership. Features/accessories vary by variant. Black glass shade on the vehicle is due to lighting effect. *Offers / Prices differ by variant/model/location/city and may change or end without notice. Includes consumer, exchange, and institutional/rural offers (where applicable) on select models. Offer values shown are maximums. Prices subject to GST rates as notified by the Government. ^Reductions and starting prices vary by variant. #Valid with select financiers, for personal-use vehicles only.


राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908



जमीनी स्तर पर खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए वैज्ञानिक प्रशिक्षण विधियों को बढ़ावा देने के लिए सरकार की प्रतिबद्ध।
– मनसुख मांडविया

केन्द्रीय खेल मंत्री, साई के प्रशिक्षण और बुनियादी ढ़ांचे के बारे में बोलते हुए।

**आज का खिलाड़ी**

## रवीन्द्र जडेजा



भारत के शीर्ष ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने हाल ही में ऑस्ट्रेलियाई दौरे के लिए टीम में जगह न मिलने के बावजूद 50 ओवरों का विश्व कप जीतने के अपने सपने को नहीं छोड़ा है। पिछले विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आखिरी पड़ाव पर पिछड़ने वाली टीम का हिस्सा रहे जडेजा, जो 2027 में होने वाले टूर्नामेंट के दौरान लगभग 39 साल के हो जाएंगे, को उम्मीद है कि आखिरकार उन्हें ट्रॉफी मिल ही जाएगी। उन्होंने कहा, ''जब भी मुझे मौका मिलेगा, मैं वही करने की कोशिश करूंगा जो मैं इतने सालों से करता आ रहा हूँ।

**क्या आप जानते हैं ?...** वनडे क्रिकेट के इतिहास में सबसे ज्यादा मैच जीतने वाली टीमऑस्ट्रेलिया है, जो 600 से अधिक मैच जीत चुकी है और 6 बार विश्व कप जीत चुकी है।

# जॉन कैंपबेल और शाई होप ने वेस्टइंडीज की पारी को संभाला



नई दिल्ली, 12 अक्टूबर। जॉन कैंपबेल (नाबाद 87) और कप्तान शाई होप (नाबाद 66) अर्धशतकीय पारियों की मदद से वेस्टइंडीज ने दूसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन रविवार को स्टंप के समय दो विकेट पर 173 रन बना लिये है। हालांकि वह अभी भी भारत के पहली पारी में बनाये गये स्कोर से 97 रन पीछे है।

इससे पहले कुलदीप यादव (पांच विकेट) रवींद्र जडेजा (तीन विकेट) की घातक गेंदबाजी के दम पर भारत ने वेस्टइंडीज को 248 रन के स्कोर पर ढ़ेर कर 270 रनों की बढ़त के साथ उसे फॉलोऑन दिया हैं। दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज को 17 के स्कोर पर मोहम्मद सिराज ने तेजनारायण चंद्रपॉल (10) को आउटकर भारत को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद 15वें ओवर की तीसरी गेंद पर वॉशिंगटन सुंदर ने ऐलेक ऐथनेज (सात) को बोल्ड कर भारत की झोली में दूसरा विकेट डाल दिया। चायकाल तक वेस्टइंडीज ने दो विकेट के नुकसान पर 35 रन बना लिये थे।

चायकाल के बाद बल्लेबाजी करने आये कप्तान शाई होप ने जॉन कैंपबेल के साथ पारी को संभाला तथा तेजी के साथ रन भी बटोरे। दिन का खेल समाप्त होने के समय अपने-अपने अर्धशतक पूरे कर बड़े स्कोर की नींव रख दी। वेस्टइंडीज ने 49 ओवर में दो विकेट पर 173 रन बना लिये है। जॉन कैंपबेल (नाबाद87) और शाई होप (नाबाद 66) क्रीज पर मौजूद थे। भारत की ओर दूसरी पारी में मोहम्मद सिराज और वॉशिंगटन सुदंर ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले वेस्टइंडीज ने कल के चार विकेट पर 140 रनों से आगे खेलना शुरु किया। आज सुबह के सत्र में वेस्टइंडीज ने कप्तान शाई होप (36) का विकेट मात्र 16 रन जोड़कर गंवा दिया। उन्हें कुलदीप यादव ने बोल्ड आउट किया। इसके बाद टेविन इमलाक (21) और जस्टिन ग्रीव्स (17) को भी कुलदीप ने अपना शिकार बनाया। जोमेल वारिकन (एक) को मोहम्मद सिराज ने बोल्ड आउट किया। इसके बाद खारी पिएर और एंडरसन फिलीप ने पारी को संभाला। वेस्टइंडीज ने लंच तक आठ विकेट पर 217 रन बना लिये थे और दोनों बल्लेबाजों के बीच लंच तक नौवें विकेट के लिए 42 रनों की साझेदारी हुई थी। लंच के बाद बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज को जसप्रीत बुमराह ने खारी पियर (23) को आउटकर भारत को नौवीं सफलता दिलाई। 82वें ओवर की पांचवी गेंद पर कुलदीप यादव ने जेडेन सील्स (13) को पगबाधा आउटकर वेस्टइंडीज की पहली पारी को 248 के स्कोर पर अंत कर दिया।

भारत के लिए कुलदीप यादव ने पांच विकेट लिये। रवींद्र जडेजा को तीन विकेट मिले। मोहम्मद सिराज और जसप्रीत बुमराह ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। उल्लेखनीय है कि भारत ने पहली पारी में यशस्वी जयसवाल (175) और कप्तान शुभमन गिल (नाबाद 129) की शतकीय पारियों के दम पर पांच विकेट पर 518 के स्कोर पर पारी घोषित कर दी थी।

## अंडर-16 ट्रॉफी : हनुमानगढ़ ने झुंझुनूं को 6 विकेट से हराया





जयपुर, 12 अक्टूबर। आरसीए एडहॉक कमेटी संयोजक डी डी कुमावत के अनुसार बीसीसीआईकी आगामी राष्ट्रिय अंडर 16 ट्रॉफी के संभावितों के चयन हेतु आरसीए द्वारा आयोजित की जा रही राज्य स्तरीय अंडर 16 ट्रॉफी के आज जयपुर में खेले गए मैच का परिणाम :- झुंझनू - हनुमानगढ़ (हनुमानगढ़ 6 विकेट से जीती), झुंझनू पारी 247 आल आउट, टीम के लिए बिजेंद्र सिंह 90, हिमांशु 68 रन, हनुमानगढ़ के गेंदबाज विशाल 45/3, पुनीत, जसपाल 2-2 विकेट हनुमानगढ़ पारी 248/4, टीम के लिए आदित्य 86, आर्यन 44, राहुल 35, रमन 34 व विशाल नाबाद 31 रन, झुंझनू के गेंदबाज अंशु 60/2 विकेट।

## स्वर्गीय नरेंद्र कौर भुल्लर प्रतियोगिता 2025 का फाइनल गेम चेंजर वर्सिज, रेड रेंजर के बीच

जयपुर, 12 अक्टूबर। एसएमएस स्टेडियम के एस्ट्रो स्टार पर खेली जा रही गुरइकबाल सिंह स्मृति 6 साइड हॉकी प्रतियोगिता के आज के पहले मुकाबले में वॉरियर्स क्लब ने भगत सिंह क्लब को पांच दो से प्राप्त किया। अंतर तक दोनों टीम में दो-दो गोल से बराबरी पर थी। द वारियर्स के लिए मनवीर ने चार तथा कपिल ने एक गोल किया। टीम भगत सिंह क्लब के लिए पुनीत और हरमन ने एक गोल किए। इस प्रतियोगिता के आज के दूसरे एवं लीग के अंतिम मुकाबले में। में अंत तक बराबर रहे। डायमंड क्लब एवं राजपूताना क्लब के मध्य खेला गया था। दोनों टीम में चार-चार गोल्ड की से बराबर रही। डायमंड के लिए हसन प्रीत प्रवीण कुलवीर और। रविंद्र ने कॉल किया। जबकि राजपूताना क्लब के लिए रजत। सैफ अली ने एक-एक गोल तथा बिलाल ने दो गोल किए। मैदान पर खेली जा रहे नरेंद्र कौर भुल्लर स्मृति 6 साइड हॉकी प्रतियोगिता के। अंतिम मुकाबले में। गेम चेंजर क्लब ने गुलमोहर क्लब को 7-0 से प्राप्त किया।

## सितंबर पोलो सीजन 2025 : टीम जयपुर ने 1 गोल से जीता बीएम बिड़ला कप



जयपुर, 12 अक्टूबर। जयपुर के राजस्थान पोलो क्लब ग्राउंड पर रविवार को बीएम बिड़ला कप (06 गोल) का फाइनल मैच खेला गया। यह रोमांचक मुकाबला टीम जयपुर और टीम डायनेमिक्स अचीवर्स के बीच हुआ, जिसमें टीम जयपुर ने टीम डायनेमिक्स अचीवर्स को 6-5 के स्कोर से शिकस्त देकर कप अपने नाम कर लिया। मैच की मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर का खिताब डॉ शिवांगी जय सिंह ने जीता। इस अवसर पर एनबीसी बीयरिंग्स, चीफ टेक्निकल ऑफिसर, डॉ लोकेश अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विजेता टीम जयपुर से एचएच महाराजा सवाई पद्मनाभ सिंह और लांस वॉटसन ने 2-2 गोल कर टीम को जीत दिलाई। वहीं, टीम से वंदित गोलेच्छा और देवव्रत सिंह झालामंड ने 1-1 गोल किया। टीम डायनेमिक्स अचीवर्स की ओर से डेनियल ओटामेंडी ने 3 गोल और डॉ शिवांगी जय सिंह ने 2 गोल किए। टीम से खेलने वाले अन्य खिलाड़ियों में शमशीर अली और साविर मेहराज गोदारा शामिल रहे।

## सुदर्शन की चोट पर बीसीसीआई ने दिया अपडेट, तीसरे दिन नहीं करेंगे फील्डिंग

नई दिल्ली, 12 अक्टूबर। टीम इंडिया के बल्लेबाज साई सुदर्शन से जुड़ी एक बड़ी अपडेट बीसीसीआई ने दिल्ली टेस्ट मैचके तीसरे दिन के खेल के शुरू होने के समय जारी की। बीसीसीआई ने बताया है कि साई सुदर्शन वेस्टइंडीज के खिलाफ दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में जारी दूसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन फिल्डिंग के लिए नहीं उतरेंगे।

## कुलदीप ने पांचवीं बार फाइफर किया अपने नाम, बने दुनिया के नं. 1 गेंदबाज



नई दिल्ली, 12 अक्टूबर। दिल्ली में भारत और वेस्टइंडीज के बीच खेले जा रहे दूसरे टेस्ट के तीसरे दिन रविवार को टीम इंडिया ने मेहमान टीम को 248 रन पर आउट कर दिया। इस दौरान भारत के लिए बाएं हाथ के स्पिनर कुलदीप यादव सबसे सफल गेंदबाज रहे। कुलदीप ने पांचवीं बार टेस्ट मैच की एक पारी में 5 विकेट लिए। इसके साथ ही उन्होंने स्पिनर के तौर पर टेस्ट में सबसे ज्यादा बार 5 विकेट लेने के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। उनके अलावा इंग्लैंड के जॉनी वार्डले ने 5 बार ऐसा किया है।बता दें कि, कुलदीप यादव का रिकॉर्ड जॉनी वार्डले से काफी बेहतर है। उन्होंने इंग्लैंड के स्पिनर के मुकाबले आधे टेस्ट में ये कारनामा कर दिया। वार्डले ने 28 टेस्ट में 5 बार पंजा खोला। वहीं कुलदीप ने केवल 15 टेस्ट में ऐसा कर दिया। साउथ अफ्रीका के पॉल एडम्स तीसरे नंबर पर हैं। उन्होंने 45 टेस्ट में 4 बार पारी में 5 विकेट झटके।

वेस्टइंडीज के खिलाफ दिल्ली में कुलदीप ने 26.5 ओवर में 82 रन देकर 5 विकेट झटके। कुलदीप ने पहला विकेट दूसरे दिन शनिवार को लिया था। उन्होंने अलिक अथानाज को रविंद्र जडेजा के हाथों कैच कराया। उन्होंने 41 रन बनाए। कुलदीप ने तीसरे दिन पहले सत्र में साई होप 36 और टेविन इमलाच 21 को पवेलियन भेजा। इसके बाद कुलदीप ने जस्टिन ग्रीव्स को पवेलियन भेजा। उन्होंने 17 रन बनाए। उन्होंने पांचवां विकेट जायडन सील्स के तौर पर लिया। उन्होंने 13 रन बनाए। कुलदीप यादव ने टेस्ट में 15 मैच की 27 पारियों में 21.09 के औसत और 3.52 की इकॉनमी से 65 विकेट लिए हैं। 40 रन देकर 5 विकेट उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।

## स्मृति मंधाना ने एक साथ अपने नाम किए दो रिकॉर्ड, वनडे क्रिकेट में रच दिया इतिहास



विशाखापट्टनम, 12 अक्टूबर। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने रविवार को विशाखापत्तनम में खेले जा रहे ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे वर्ल्डकप मैच में इतिहास रच दिया है। दरअसल, इस दौरान मंधाना ने दो वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम किए हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उन्होंने कमाल की बल्लेबाजी दिखाई और वह विमेंस वनडे क्रिकेट में दो नए इतिहास रचने में कामयाब हो गई। मंधाना विमेंस वनडे इंटरनेशनल क्रिकेट में न सिर्फ सबसे तेज 5 हजार रन बनाने वाली बल्लेबाज बनी हैं, बल्कि वह सबसे कम उम्र में वनडे क्रिकेट में 5000 रन बनाने वाली खिलाड़ी भी बन गई हैं। मंधाना ने जैसे ही 58वां रन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बनाया वैसे ही वह सबसे तेज और सबे कम उम्र में 5000 रन विमेंस वनडे क्रिकेट में बनाने वाली बल्लेबाज बन गई। उन्होंने 112वीं पारी में इस उपलब्धि को अपने नाम किया है जबकि गेंदों के हिसाब से 5569 गेंदों का सामना करते हुए वह 5000 रन पूरा कर पाई। पारी के साथ-साथ गेंदों के हिसाब से ये उनका वर्ल्ड रिकॉर्ड है।







| डाउन पेमेंट @ | प्रतिदिन EMI | इंस्टेंट डिस्काउंट | कॉर्पोरेट ऑफर्स |
|---|---|---|---|
| ₹999$ से शुरू | ₹59$ से शुरू | ₹10 000$ तक HDFC BANK Festive Treats क्रेडिट कार्ड Powered by pine labs | ₹1800$ तक |

India's First 5 Year Warranty* *Conditions apply

Hero GoodLife पाएं जीतने का मौका 100% कैशबैक | 24 कैरट सोने का सिक्का और कई अन्य सुनिश्चित लाभ*

Additional offers on: Flipkart amazon.in

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorized outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ^Basis data available in public forum for products in 100cc Motorcycle segment. *Offer amount and combination of offer may vary for model/variant and states and it is applicable on select models only, for a limited time period or till stock lasts. $Finance offer is at the sole discretion of the Financier, subject to its respective T&Cs, Available at select dealerships. *Limited period offer,T&C apply. ^As per cumulative sales numbers till August 2025. #Ex-showroom price of HF Deluxe Pro in Rajasthan.

TOLL FREE 1800 266 0018

अधिकृत डीलर: जयपुर: सूर्या हीरो, सीकर रोड़, लेन नं. 8, वीकेआईए, 9289922901, सुप्रीम हीरो, गोविन्द मार्ग, राजापार्क, 9289922197, आकड़ हीरो, अजमेर रोड, 9289922192, शुभम हीरो, सहकार मार्ग, 9289922207, कोटपूतली: चौधरी हीरो, 9289922797, एसोशिएट डीलर: मानसरोवर: आर.एल. मोटर्स, 9579258884, जगतपुरा: टीनिटी मोटर्स, 8003088062, करबला (जयपुर): सुपर मोटर्स, 8824088678, सिरसी रोड़ मीनावाला: रजत स्पीड जोन, 9261499995, बगरू: लाम्बा मोटर्स, 97728 81888, भांकरोटा: हरितवाल ऑटोमोबाइल्स, 9314013185, चाकसू: नाकोडा ऑटोमोबाइल, 9950560918, बस्सी: वरधानी ऑटोमोबाइल्स, 9414312552, सरफि ऑटोमोबाइल्स, 9414751333, दूदू: श्री गणेश ऑटोमोबाइल्स, 9352727667, शाहपुरा: सत्यम मोटर्स, 8104361919, हरमाड़ा: बी.एल. ऑटोमोबाईल्स, 9314050594, फुलेरा: अग्रवाल ऑटोमोबाइल्स, 9414818930, जमवा रामगढ़: उदय ऑटोमोबाइल्स, 9828090676, जोबनेर: केशव ऑटोमोबाईल्स, 8769505565, पावटा: पंकज मोटर्स, 96104 26700, कानोता: के.पी. ऑटोमोबाइल्स, 9414228404, मनोहरपुर: श्री कृष्णा मोटर्स, 8560000816, 9414643816, अचरोल: हैप्पी ऑटोमोबाइल, 9829321200, 7073888288 आंतेला: सैनी ऑटोमोबाइल्स, 7790999997, जयपुर: हार्दिक मोटर, 9828085118, रेनवाल मांजी: सालासर मोटर्स, 9001094391, मेढ़: किरण मोटर्स, 9314039090, झोटवाड़ा: प्राइम मोटर्स, 9358048181, वाटिका: बालाजी मोटर्स, 8875558222, 9549997999, तुंगा: जय बालाजी मोटर्स, 8094528008, 9549652279, कोटखावादा: श्री राम मोटर्स, 9414866716, विराटनगर: बागड़ा मोटर्स, 9928776482, वैशाली नगर: सिद्धिक मोटर्स, 9610444469, कुकस: आदित्य मोटर्स, 9829494009, दौलतपुरा: त्रिवेणी मोटर्स 6377644292.